सुनहरा संसार ग्रुप न्यूज़ नेटवर्क



राघवेंद्र सिंह चाहौन
प्रधान संपादक सुनहरा संसार
9412162614

यदि कोई अधिकारी/ सरकारी कर्मचारी आपका संवैधानिक दोहन करता है। या रिश्वत की मांग करता है बार-बार ऑफिस के चक्कर लगवाता है। तो आप सुनहरा संसार को बताएं हम आपकी बात प्रदेश के मुखिया / देश के मुखिया भारत के मुख्य न्यायाधीश महोदय तक पहुंचाएंगे। सुनहरा संसार उस भ्रष्टाचारी के काले कारनामे जनता के सामने उजागर करेंगे न्याय की दहलीज तक पहुंचाएंगे अंतिम छोर तक संघर्ष करेंगे

सुनहरा संसार ग्रुप न्यूज़ नेटवर्क
नई दिल्ली भारत

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक समाचार पत्र, भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

सुनहरा संसार

DAVP No. 0810F21125/005 RNI No. UPHIN/2005/24731 Email. sunahara.sansar@gmail.com

वर्ष 20, अंक-01, गुरुवार , 19 नवंबर 2026, पृष्ठ - 12, मूल्य - 5 रुपए, आगरा एवं गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

प्रयागराज, लखनऊ, आगरा, संस्करण उत्तर प्रदेश, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, मध्य प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, उत्तराखंड, राजस्थान में पढ़े जाने वाला समाचार पत्र

सीएम योगी बोले- 2027 में सिर्फ हैट्रिक नहीं लगेगी, रिकॉर्ड भी बनेगा, प्रचंड बहुमत से फिर बनेगी सरकार

लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार तीसरी बार बनने जा रही है। हैट्रिक ही नहीं लगेगी, यह रिकॉर्ड भी बनेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व, भाजपा के करोड़ों समर्पित कार्यकताओं की शक्ति और डबल इंजन सरकार की उपलब्धियों के दम पर पार्टी जनता के बीच जाएगी और जनता-जनार्दन का आशीर्वाद प्राप्त करेगी। एक निजी चैनल के "राइजिंग भारत समिट" में मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा पूरी दमदारी के साथ उत्तर प्रदेश में तीसरी बार पूर्ण बहुमत की, प्रचंड बहुमत की सरकार बनाने में सफल होगी। किसी को कोई संदेह नहीं होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश की नई पहचान पर जिसे भी गौरव की अनुभूति होती है, वह भाजपा सरकार को तीसरी बार मौका देगा। उन्होंने अपने कार्यकाल का उल्लेख करते हुए कहा कि वह प्रदेश के पहले ऐसे मुख्यमंत्री हैं, जिन्होंने पांच वर्ष लगातार मुख्यमंत्री रहने के बाद फिर चुनाव जीता और दोबारा पांच वर्ष तक अपनी सरकार लगातार चलाई। भाजपा पहले भी कई रिकॉर्ड तोड़ चुकी है और इस बार भी नया रिकॉर्ड बनाएगी। मुख्यमंत्री योगी ने विपक्षी दलों, विशेषकर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि कल्पना करिए, क्या इंडी गठबंधन की किसी सरकार में या समाजवादी पार्टी की सरकार में यह सुशासन यूपी के अंदर या किसी अन्य राज्य के अंदर कोई देख सकता था? उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आज दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा और कांग्रेस की अराजकता, उनका जंगलराज, उनका गुंडाराज, थाना, तहसील, जिला को बंधक बनाने की उनकी कुत्सित चेष्टाएं जो रही हैं, जब भी उनको मौका मिला है, इस कानून-व्यवस्था की ध्वस्त स्थिति, कर्फ्यू, दंगा,



लूट-खसोट, इन सभी मुद्दों को लेकर के भारतीय जनता पार्टी अपने सहयोगियों के साथ इस चुनाव में जाएगी। सीएम योगी ने 80-20 के मुद्दे पर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि भारतीय जनता पार्टी ये उपलब्धियां पहले भी हासिल कर चुकी है। कितना भी दुष्प्रचार ये लोग करें, कितना भी विभाजन करें, उत्तर प्रदेश का हर व्यक्ति जानता है कि परिवारवाद और जातिवाद की राजनीति ने, विभाजनकारी राजनीति ने उत्तर प्रदेश का बेड़ा गर्क किया था। हर बेटी को असुरक्षित किया था, हर व्यापारी को रंगदारी देने के लिए मजबूर किया था, हर नौजवान की नौकरी पर सेंध लगाया गया था और उत्तर प्रदेश को अंधेरे में रहने के लिए मजबूर कर दिया था। कर्फ्यू और दंगा यूपी की पहचान बन चुके थे। समाज के हर तबके के सामने पहचान का संकट खड़ा हो गया था। मुख्यमंत्री ने समाजवादी पार्टी के शासनकाल पर हमला करते हुए कहा कि योजनाओं पर ही परिवार का वर्चस्व नहीं था, बल्कि यूपी की पूरी राजनीति तुष्टीकरण की पराकाष्ठा पर चल रही थी। अपराधियों के राजनीतिकरण शब्द को तो आपने सुना होगा, लेकिन राजनीति का ही अपराधीकरण हो जाए, यह समाजवादी पार्टी की पहचान थी। वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया इनकी पहचान बन चुकी थी। हर थाने में इनके गुंडे कब्जा कर चुके थे। भर्ती आयोगों में भी इन्होंने अराजकता पैदा की। जो व्यक्ति चेयरमैन बनने के लिए पात्र भी नहीं था, उसको चेयरमैन बनाकर भर्ती आयोगों पर कब्जा किया गया और अपने लोगों को जबरन भर्ती करने का प्रयास हुआ। एक-एक मुन्ना भाई को ये लोग नियुक्ति पत्र देते थे, जिसने परीक्षा ही नहीं दी, उसको भी नियुक्ति पत्र प्राप्त होता था।

उत्तर प्रदेश में 2027 विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा की क्या रणनीति है?

कानून-व्यवस्था में बदलाव को रेखांकित करते हुए मुख्यमंत्री ने एचसीएल टेक के लखनऊ कैंपस का उदाहरण दिया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2017 में इस कैंपस में केवल 100 लोग काम करते थे, जबकि आज यहां उत्तर प्रदेश के 18,000 युवा कार्यरत हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि कैंपस में काम करने वाली कई बेटियां बाराबंकी, सीतापुर, उन्नाव, रायबरेली और लखनऊ के अलग-अलग इलाकों से आती हैं।

एनवीडिया में जेनसन हुआंग की वापसी मुश्किल: बोर्ड के चेयरमैन ने किया साफ, कहा- ऐसा करने का कोई इरादा नहीं

वॉशिंगटन

एनवीडिया के चेयरमैन हार्वे जोन्स ने कहा कि कंपनी का निदेशक मंडल पूर्व सीईओ जेनसन हुआंग को दोबारा इस पद पर नियुक्त करने का इरादा नहीं रखता। उनका यह बयान हुआंग के उस बयान के कुछ घंटे बाद आया, जिसमें उन्होंने कहा था कि अगर बोर्ड उन्हें वापस बुलाता है तो वह कंपनी की कमान संभालने के लिए तैयार हैं। पिछले सप्ताह अचानक पद छोड़ने के बाद जेनसन हुआंग का यह पहला सार्वजनिक बयान था। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा था कि अगर बोर्ड को लगता है कि उनकी वापसी शेयरधारकों, कर्मचारियों, कंपनी और देश के हित में है तो वह इस जिम्मेदारी को दोबारा संभालने के लिए सम्मानित महसूस करेंगे। हुआंग ने अपनी निजी जिंदगी में हुई गलतियों को गंभीर बताते हुए स्वीकार किया कि उनसे बड़ी चूक हुई है। उन्होंने कहा कि उनकी वापसी को लेकर कर्मचारियों, निवेशकों, कारोबारी साझेदारों और ग्राहकों की ओर से उन्हें काफी समर्थन मिला है। एनवीडिया के पूर्व सीईओ ने कहा कि वह एनवीडिया में तय मानकों पर खरे नहीं उतरे। उन्होंने अपनी निजी जिंदगी में भी गंभीर गलतियां कीं। इन गलतियों की पूरी जिम्मेदारी लेते हुए उन्होंने बोर्ड की स्वतंत्र जांच में सहयोग करने की बात कही। हुआंग की वापसी की मांग करने वालों में टेक उद्योग की कई प्रमुख हस्तियां शामिल हैं। स्पेसएक्स और टेस्ला के प्रमुख एलन मस्क ने भी उनकी वापसी का समर्थन किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी सोमवार को कहा था कि हुआंग ने अपनी गलती से बड़ा सबक सीखा है और अगर उन्हें दोबारा जिम्मेदारी मिलती है तो उन्हें कोई आपत्ति नहीं होगी। हुआंग ने पिछले सप्ताह एनवीडिया से इस्तीफा दिया था। रिपोर्टों के मुताबिक, यह फैसला उनके कथित विवाहेतर संबंधों से जुड़े खुलासों के बाद लिया गया। इनमें चीन की खुफिया एजेंसी से कथित संबंध रखने वाली एक कारोबारी महिला और कंपनी में उनके अधीन काम करने वाली एक वरिष्ठ अधिकारी का नाम सामने आया था। मंगलवार को जारी तीसरी तिमाही के नतीजों में एनवीडिया ने हुआंग के पद छोड़ने या उनकी संभावित वापसी का कोई जिक्र नहीं किया। विवाद के बावजूद कंपनी ने वॉल



स्ट्रीट के अनुमान से बेहतर प्रदर्शन किया। अगस्त से अक्तूबर की तिमाही में एनवीडिया का राजस्व 116 अरब डॉलर से अधिक रहा, जो एक साल पहले की तुलना में दोगुना है। कंपनी ने प्रति शेयर 2.70 डॉलर का शुद्ध मुनाफा दर्ज किया, जबकि बाजार का अनुमान 2.48 डॉलर था। कंपनी के डेटा सेंटर कारोबार का राजस्व दोगुने से अधिक बढ़कर 107.6 अरब डॉलर पहुंच गया। एनवीडिया ने जनवरी में समाप्त होने वाली मौजूदा तिमाही के लिए 130 अरब डॉलर के राजस्व का अनुमान भी जताया है। यह वॉल स्ट्रीट के अनुमान से अधिक है। एनवीडिया की मुख्य वित्त अधिकारी कोलेट क्रेस को अंतरिम सीईओ बनाया गया है। नतीजों के बाद पहली बार वह कंपनी की कमाई को लेकर निवेशकों और विश्लेषकों से बातचीत करने वाली थीं। जेनसन हुआंग की वापसी की मांग को लेकर पिछले सप्ताह शुरू की गई 'स्टैंड विद जेनसन' याचिका को समर्थन मिल रहा है। इस पर एनवीडिया के मौजूदा और पूर्व कर्मचारियों, निवेशकों तथा सिलिकॉन वैली से जुड़े लोगों ने हस्ताक्षर किए हैं। याचिका में बोर्ड से अपील की गई है कि स्वतंत्र जांच जारी रहने के दौरान हुआंग को वापस लाया जाए या फिर उनके पद छोड़ने के फैसले के पक्ष में ठोस सबूत सामने रखे जाएं। याचिका के आयोजकों ने खुले पत्र में कहा कि उन्हें चिंता है कि हुआंग को उचित प्रक्रिया का पालन किए बिना पद से हटाया गया। उन्होंने यह भी कहा कि विवाद के केंद्र में रही महिला के जासूस होने के आरोपों के समर्थन में कोई सबूत उन्हें नहीं दिखाया गया है। इस बीच अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के प्रमुख सांसदों ने मंगलवार को बताया कि जेनसन हुआंग ने कांग्रेस की समितियों के सामने पूछताछ के लिए स्वेच्छा से पेश होने पर सहमति जताई है। हुआंग एक दिसंबर को कांग्रेस की समितियों के सामने अपना बयान दर्ज कराएंगे।

'आर्थिक संकट के मुहाने पर खड़ा है भारत': कोलंबिया यूनिवर्सिटी में बोले राहुल गांधी

न्यूयॉर्क



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि भारत गंभीर आर्थिक संकट की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने देश में बड़े पैमाने पर बेरोजगारी और शिक्षा व्यवस्था से जुड़ी समस्याओं को इसकी प्रमुख वजह बताया। राहुल ने यह बात अमेरिका की कोलंबिया यूनिवर्सिटी में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कही। यूनिवर्सिटी में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा, "सीधी बात यह है कि भारत एक आर्थिक संकट के मुहाने पर खड़ा है। यही हकीकत है। इसे नजरअंदाज किया जा सकता है, मीडिया भी इसे नजरअंदाज कर सकता है, लेकिन भारत में बेरोजगारी की बहुत बड़ी समस्या है। देश की शिक्षा व्यवस्था भी गंभीर समस्याओं से जूझ रही है।" राहुल गांधी से कार्यक्रम की मॉडरेटर लिडिया पोलग्रीन ने भारत के युवाओं को लेकर सवाल किया था। इसके जवाब में उन्होंने कहा कि मौजूदा हालात से निराश युवाओं में एक वर्ग ऐसे मध्यमवर्गीय परिवारों से आता है, जहां उन्हें औपचारिक शिक्षा मिली है। राहुल ने कहा कि युवाओं की निराशा की सबसे बड़ी वजह यह है कि उन्हें अपने लिए भविष्य की संभावनाएं दिखाई नहीं दे रही हैं। उन्होंने कहा, "हम इस विषय का अध्ययन कर रहे हैं और इसे समझने की कोशिश कर रहे हैं। इसकी एक दिलचस्प वजह सामने आई है। असल में युवा अपने लिए कोई भविष्य नहीं देख पा रहे हैं। दुनिभार में चल रही प्रदर्शनों और बदलावों को लेकर राहुल गांधी ने कहा कि दुनिया के इतने सारे देशों में ऐसा क्यों हो रहा है? अमेरिका में एक खास तरीके से ऐसा क्यों हो रहा है? ब्राजील में ऐसा क्यों हो रहा है?

'अयोध्या हुई हमारी, अब मथुरा की बारी', ब्रज से भाजपा ने खोले पत्ते; मिशन-2027 के लिए सनातन का एजेंडा

आगरा

ब्रज की रज, कान्हा का नाम और गो पूजन...। भाजपा ने मिशन-2027 की चुनावी बिसात पर ब्रजभूमि से सनातन, सांस्कृतिक और राष्ट्रवाद को धार दी। परखम के पंडित दीनदयाल उपाध्याय गो-अनुसंधान केंद्र पर सीएम योगी आदित्यनाथ समेत अन्य नेताओं ने गोपाष्टमी गो-पूजन कर चुनावी रणभूमि को तिलक लगाया। योजना बैठक में महामंथन के बाद भाजपा ने सनातन और राष्ट्रवाद के सहारे चुनावी रणभूमि जीतने के लिए रोडमैप तैयार किया। राधे-राधे, कमल खिला दे और अयोध्या हुई हमारी, अब मथुरा की बारी के नारों ने साफ कर दिया कि भाजपा के आगामी चुनावी विमर्श में ब्रज की धार्मिक पहचान, सनातन और राष्ट्रवाद की अहम भूमिका रहने वाली है। राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी



और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में हुई बैठक में संगठनात्मक तैयारियों और चुनावी रणनीति पर चर्चा हुई। खास बात यह रही कि बैठक का मंच भी ऐसा चुना गया, जहां गोवंश संरक्षण और भारतीय संस्कृति का संदेश पहले से ही केंद्र में है। मुख्यमंत्री ने गायों को तिलक लगाया, गुड़-हरा चारा खिलाया और गोमय उत्पादों का अवलोकन किया। यह धार्मिक अनुष्ठान के साथ गो-संरक्षण को राजनीतिक-सांस्कृतिक विमर्श में स्थापित करने की कवायद के रूप में भी देखा गया। परखम में दो दिवसीय योजना बैठक के बाद सीएम योगी बरसाना में संत रमेश बाबा को श्रद्धांजलि देने पहुंचे। यहां पर उन्होंने दस वर्ष पहले की सूखी पहाड़ियों और वर्तमान की हरियाली का उल्लेख कर भाजपा में धार्मिक धरोहर को सहेजने का संकेत दे दिया। उन्होंने गोसेवा को पूरे क्षेत्र के तीर्थस्थल के रूप में विकसित होने का आधार बताया। संत रमेश बाबा के गो-संरक्षण, कुंडों, पहाड़ियों और यमुना संरक्षण के कार्यों को याद कर उनके संकल्प आगे बढ़ाने का आह्वान किया। इस मौके पर 12 यूनिट के निशुल्क डायलिसिस केंद्र का उद्घाटन किया। इस तरह परखम से बरसाना तक भाजपा ने गो-आस्था को संत परंपरा, पर्यावरण संरक्षण और लोककल्याण से जोड़कर व्यापक सांस्कृतिक संदेश दिया।

'तकनीकी गड़बड़ियों के पीछे कोई साजिश नहीं': अमेरिकी सेवाओं में रुकावट पर रूबियो ने दी सफाई, कहा- कोई खतरा नहीं

वाशिंगटन

अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने मंगलवार को अमेरिकी नागरिकों को भरोसा दिलाया कि देश में अलग-अलग जगहों पर हो रही तकनीकी खराबी और सेवाओं में रुकावट का आपस में कोई संबंध होने या इसके पीछे किसी साजिश या शरारती तत्व का हाथ होने का कोई सबूत नहीं है। रूबियो ने अमेरिकियों को शांत करने की कोशिश की। वे राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ यात्रा कर रहे थे, जब वे मनीला से चीन के शेन्जेन के लिए रवाना होने की तैयारी कर रहे थे। वहां ट्रंप को चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ महत्वपूर्ण बैठकें करनी थीं।



रूबियो ने क्या कहा?

रूबियो ने कहा, 'हमारे पास ऐसा मानने का कोई सबूत या कारण नहीं है कि इन अलग-अलग घटनाओं का किसी बुरे इरादे वाले व्यक्ति, साइबर हैकर, अपराधी, किसी दूसरे देश, या किसी भी तरह के नुकसान पहुंचाने वाले पक्ष से कोई संबंध है।'

ट्रंप की आलोचना क्यों हो रही?

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को भारी आलोचना का सामना करना पड़ा। उनके समर्थकों और विरोधियों, दोनों का कहना था कि व्हाइट हाउस को इन लगातार हो रही सर्विस आउटेज (सेवाओं में रुकावट) के बारे में जवाब देना चाहिए। इन रुकावटों की वजह से यात्राएं प्रभावित हुईं, काम रुक गया, बैंकिंग सेवाओं तक पहुंच सीमित हो गई और गोपनीय संचार व्यवस्था में बाधा आई।

सहयोगियों ने क्या आरोप लगाया?

यहा तक कि ट्रंप के पक्के सहयोगियों ने भी प्रशासन पर अमेरिकियों से झूठ बोलने या इन रुकावटों के असली कारणों को छिपाने का आरोप लगाया। हाल के दिनों में, माइक्रोसॉफ्ट, चेस बैंक, एयर ट्रैफिक कंट्रोल और नेशनल सिक्योरिटी एजेंसी, सभी इससे प्रभावित हुए हैं। हर बार इन रुकावटों के लिए आंतरिक तकनीकी समस्याओं को जिम्मेदार ठहराया गया। संबंधित कंपनियों और सरकारी एजेंसियों ने इस बात से इनकार किया कि ये साइबर हमलों या किसी अनियंत्रित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिस्टम का नतीजा थीं। मंगलवार को एशिया पहुंचने पर ट्रंप ने बेफिक्र होकर कहा कि ऐसी चीजें तो होती रहती हैं। उनके इस बयान से देश के लोगों को शांत करने में कोई मदद नहीं मिली। ट्रंप की पूर्व प्रेस सचिव, कैरोलिन लीविट ने प्रशासन में अपने पुराने सहयोगियों को सलाह दी। फॉक्स न्यूज पर लीविट ने कहा, 'मैं व्हाइट हाउस से यही कहूंगी कि पारदर्शिता सबसे जरूरी है।' उन्होंने कहा कि ट्रंप के एशिया से लौटने के बाद, राष्ट्रपति या व्हाइट हाउस के किसी अन्य व्यक्ति को यह स्पष्ट करना चाहिए कि उन्हें क्या पता है, ताकि हालात को शांत किया जा सके। ट्रंप के डिपार्टमेंट ऑफ होमलैंड सिक्योरिटी की पूर्व प्रवक्ता, ट्रिशिया मैकलॉफलिन ने संघीय सरकार की ओर से जानकारी न दिए जाने पर संदेह जताया। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, 'अमेरिकी लोग बेवकूफ नहीं हैं।

योगी के मंत्री की शादी: संदीप के विवाह में जुटेंगे टिकट के दावेदार, पीएम मोदी समेत कई बड़े नेता होंगे शामिल

अलीगढ



उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में भाजपा से टिकट की दावेदारी कर रहे नेताओं के लिए अब दिल्ली में होने वाला एक पारिवारिक समारोह अपनी राजनीतिक नजदीकी दिखाने का अवसर बन गया है। प्रदेश के बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह और उनके भाई सौरभ की शादी और रिसेप्शन में शामिल होने के लिए अलीगढ़ से करीब एक हजार लोगों के दिल्ली पहुंचने की चर्चा है। इनमें बड़ी संख्या उन नेताओं की है, जो आगामी विधानसभा चुनाव में टिकट के दावेदार माने जा रहे हैं। कई संभावित दावेदारों ने तो दिल्ली के चाणक्यपुरी में आयोजन स्थल के आसपास होटल तक बुक करा लिए हैं।संदीप सिंह की सगाई और तिलक समारोह संपन्न होने के बाद 26 नवंबर को दिल्ली में होने वाले विवाह समारोह पर सभी की निगाहें हैं। इसके अगले दिन 27 नवंबर को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में रिसेप्शन आयोजित होगा। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शामिल होने की भी चर्चा है। ऐसे में आयोजन को लेकर राजनीतिक और सामाजिक हलकों में उत्सुकता बढ़ गई है। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि टिकट के दावेदार इस समारोह में अपनी मौजूदगी दर्ज कराने के साथ ही राजू भैया से अपनी करीबी भी प्रदर्शित करना चाहते हैं। आयोजन में भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं और दिग्गजों के पहुंचने की संभावना के बीच दावेदार उनकी नजरों में भी आना चाहते हैं। कई नेता इस आयोजन के जरिये राज पैलेस से अपनी नजदीकी दिखाकर आगामी विधानसभा चुनाव के लिए अपनी दावेदारी को मजबूत करने की कोशिश में हैं। हालांकि, समारोह में शामिल होना किसी की राजनीतिक दावेदारी या टिकट की गारंटी नहीं है।

ऐतिहासिक: वॉयजर 1 ने अंतरिक्ष में बनाया नया कीर्तिमान, पृथ्वी से एक प्रकाश-दिवस दूर पहुंचने वाला पहला यान बना

केप कैनावेरल

नासा के वॉयजर 1 यान ने अंतरिक्ष में एक नया कीर्तिमान बनाया है। यह पृथ्वी से एक प्रकाश-दिवस की दूरी तक पहुंचने वाला पहला मानव निर्मित यान बन चुका है। यह यान लगातार अंतरतारकीय अंतरिक्ष में गहराई तक जा रहा है। करीब 49 साल पहले छोड़ा गया यह अंतरिक्ष यान 26 अरब किलोमीटर से अधिक की अविश्वसनीय दूरी तय कर चुका है। बुधवार को वॉयजर 1 ने महत्वपूर्ण मील का पत्थर हासिल किया है। अब इसके रेडियो संकेत पृथ्वी तक पहुंचने में ठीक 24 घंटे लेंगे। प्रकाश की गति से यात्रा करते हुए यह एक प्रकाश-दिवस की दूरी है। प्रकाश एक सेकंड में करीब तीन लाख किलोमीटर की दूरी तय करता है। 24 घंटे में प्रकाश जितनी दूरी तय करता है, उसे एक प्रकाश-दिन कहते हैं। वॉयजर 1 की इस दूरी का मतलब है कि धरती से भेजा



गया रेडियो संदेश यान तक पहुंचने में करीब 24 घंटे लेगा। वहीं, उसका जवाब वापस आने में भी 24 घंटे लगेंगे। यानी संदेश भेजने और जवाब पाने में करीब दो दिन लगेंगे। यह यान आज भी अपने पुराने सिस्टम और परमाणु ऊर्जा से चलने वाले पावर जनरेटर की मदद से काम कर रहा है और अंतरिक्ष से वैज्ञानिक आंकड़े भेज रहा है। वहीं, नासा को उम्मीद है कि वॉयजर 1 को एक पूर्ण प्रकाश-वर्ष तक पहुंचने में 18,000 साल लगेंगे। किसी अन्य तारे के करीब पहुंचने में इससे दोगुना समय लगेगा। परियोजना प्रबंधक सुजैन डोड वॉयजर 1 को पृथ्वी का दूत मानती हैं। डोड ने इसे 'एक राष्ट्रीय खजाना' और 'वास्तव में असाधारण' बताया। वॉयजर 1 और इसका जुड़वां वॉयजर 2 लगातार विज्ञान और इंजीनियरिंग डेटा भेज रहे हैं। ये 61,000 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से अंतरिक्ष में अलग-अलग बिंदुओं की ओर बढ़ रहे हैं। वॉयजर 2 को 1977 में वॉयजर 1 से दो सप्ताह पहले प्रक्षेपित किया गया था। हालांकि, वॉयजर 2 वर्ष 2035 तक एक प्रकाश-दिवस का निशान हासिल नहीं कर पाएगा। वॉयजर 1 ने 1979 और 1980 में बृहस्पति और शनि के पास से उड़ान भरी। इसके बाद यह सौर मंडल से बाहर निकल गया और वर्ष 2012 में अंतरतारकीय अंतरिक्ष में पहुंचा। वॉयजर यान लगभग हर दिन अपने अज्ञात वातावरण के बारे में जानकारी भेजते हैं। इसमें चुंबकीय क्षेत्र की शक्ति और दिशा, आसपास के दबाव, धूल और गांगेय ब्रह्मांडीय किरणें शामिल हैं।

यूपी: 'कथा रोकोगे तो फिर नमाज भी रोकी जाएगी'; प्रतापगढ़ में धीरेंद्र शास्त्री बोले-हिंदू जाग रहा है

प्रतापगढ़

प्रतापगढ़ के कुंडा के बेंती परेड ग्राउंड में कथा समापन के बाद देर रात कथाव्यास बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर आचार्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने भगवान कृष्ण पर दिए बयान को लेकर मीडिया के सामने अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि हमारे तो नाम में ही कृष्ण है। हम 21 नवंबर को मथुरा जाने वाले हैं। इस दौरान उन्होंने कहा कि हम बहुत सफाई इसलिए नहीं देते क्योंकि हम अपना कार्य करने निकले हैं तो स्वाभाविक है कि तरह-तरह की बात होगी। वह अपना काम कर रहे हैं, हम अपना काम कर रहे हैं। संविधान के अनुच्छेद 25 और 26 के तहत अपने धर्म



का प्रचार करने का हमें संपूर्ण हक है।

उस अनुसार कथा नहीं रोकी जा सकती। अगर कथा रोकी जाएगी तो फिर नमाज भी रोकी जाएगी। चर्च की प्रार्थना भी रोकी जाएगी। ऐसा होगा तो व्यवस्था बिगड़ जाएगी। हिंदू जाग रहा है, सनातनी जाग रहा है, मुखरता के साथ हिंदुओ ने अब जवाब दिया है। कथाव्यास धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि बेंती में एक तरफ गंगा बह रही हैं तो दूसरी ओर आज से चार दिन तक राम कथा की गंगा बहेगी। ऐसा लगा रहा है कि जैसे कुंडा में प्रयागराज का महाकुंभ लग गया हो। चारों तरफ सनातनियों का सैलाब है। सनातन के प्रखर और मुखर व हिंदुत्व के लिए जीने वाले मेरे अति प्रिय रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया की ओर से यह उत्सव नहीं, सनातन का जागरण महोत्सव कराया जा रहा है। संत, महंत, महात्मा, राजपीठ और व्यासपीठ से लोग पहुंच गए। कथा में देरी होने पर कथाव्यास ने माफी मांगी। कथाव्यास ने कहा कि पहली बार पाकिस्तानी हिंदुओं को सुनाने में आनंद आ रहा है।

रामलीला मैदान में प्रदर्शन पर रोक की मांग: कारोबार पर असर का दावा, कांग्रेस-आप को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस

नई दिल्ली



दिल्ली के रामलीला मैदान में प्रदर्शनों को रोकने की मांग सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई है। व्यापारियों के संगठनों ने कोर्ट में याचिका दाखिल की है। उन्होंने प्रदर्शन पर रोक लगाने की मांग की है। व्यापारियों का कहना है कि इन प्रदर्शनों से उनका कारोबार प्रभावित हो रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने व्यापारिक संगठनों की संशोधित याचिका पर संज्ञान लिया है। शीर्ष कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई करते हुए कांग्रेस, कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी), आम आदमी पार्टी (आप) और ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) को नोटिस जारी किए हैं। ये नोटिस व्यापारियों के संगठनों की उस याचिका पर जारी किए गए हैं, जिसमें प्रदर्शनों का विरोध किया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि वह 27 नवंबर को प्रदर्शन के पक्ष और विरोध में दाखिल याचिकाओं पर सुनवाई करेगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, प्रदर्शन करने के मौलिक अधिकार और कारोबार चलाने के मौलिक अधिकार के बीच संतुलन बनाना जरूरी है।

सम्पादकीय

यमुना की सफाई पर हजारों करोड़ खर्च, फिर भी नहीं घटा प्रदूषण



सुप्रीम कोर्ट ने नदी में गिरने वाले 520 नालों और सफाई के सरकारी प्रयासों पर सवाल उठाए हैं। यमुना नदी के पानी में तैरता प्लास्टिक, कचरा और गंदगी, नदी में बढ़ते प्रदूषण की गंभीर तस्वीर। यमुना नदी में प्रदूषण और कचरे का अंबार, सफाई पर हजारों करोड़ रुपये खर्च होने के बावजूद नहीं सुधरी हालत। यमुना नदी के प्रदूषित होने का सवाल पिछले कई दशक से लगातार न केवल पर्यावरण संबंधी सार्वजनिक बहसों के केंद्र में रहा है, बल्कि हर चुनाव में यह अलग-अलग राजनीतिक दलों के लिए एक सुविधा का मुद्दा रहता है। इस नदी की सफाई के लिए अब तक सरकारों ने हजारों करोड़ रुपए बहा दिए, लेकिन आज भी यह इस हालत में है कि इसका पानी नहाने तक के लिए सुरक्षित नहीं माना जाता है। सवाल है कि यमुना को स्वच्छ बनाने के लिए अगर सरकारों ने जरूरी धन मुहैया कराया और वह राशि वास्तव में इसी काम में खर्च हुई, तो अब भी यमुना को सबसे प्रदूषित नदियों में से एक क्यों माना जाता है। सच यह है कि इस मसले पर सरकारों की इच्छाशक्ति कठघरे में रही है। यही वजह है कि सुप्रीम कोर्ट ने इस मसले पर गहरी नाराजगी जताई है। अदालत ने बेहद तल्ख लहजे में कहा है कि यमुना की सफाई पर भारी-भरकम राशि खर्च किए जाने के बावजूद इसमें प्रदूषण का स्तर पहले के मुकाबले और बढ़ा ही है। आखिर यमुना की सफाई और इस पर खर्च की गई हजारों करोड़ की राशि कहां गई? दरअसल, यमुना अगर आज भी बेहद प्रदूषित है और उसका पानी आम उपयोग के लायक नहीं रह गया है, तो इसकी वजहें सरकारों की अनदेखी में छिपी हैं। शीर्ष अदालत ने इसका भी उल्लेख किया कि गंदा पानी ले जाने वाले पांच सौ बीस नाले यमुना नदी में जाकर मिलते हैं। अदालत ने केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को निर्देश दिया कि प्रत्येक राज्य, केंद्रशासित प्रदेश और जिले में यमुना और प्रमुख नालों के प्रवेश और निकास की जगहों पर पानी की गुणवत्ता की निगरानी की जाए। जिन महकमों की सामान्य जिम्मेदारी है कि वे यमुना में गंदगी ले जाने वाले मुहानों पर नजर रखें, तो उन्होंने अब तक क्या किया है? ऐसा लगता है कि इस नदी की सफाई की चिंता किसी भी राजनीतिक पार्टी को तभी तक होती है, जब तक उसकी भूमिका विपक्ष में होने तक सीमित रहती है। मगर जैसे ही उन्हें सत्ता में पहुंचने का मौका मिलता है, तो यमुना के प्रदूषण को खत्म करने को लेकर उनका रवैया भी अनदेखी और उदासीनता का शिकार हो जाता है।

दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता में सुधार के बाद GRAP-3 की पाबंदियां हटीं, प्रदूषण पर MCD का सख्त रुख, दो सप्ताह में 15,400 से अधिक चालान काटे

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली



नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली और एनसीआर में वायु गुणवत्ता में सुधार के बाद ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (GRAP) के तीसरे चरण यानी GRAP-3 के तहत लागू पाबंदियों को हटा लिया गया है। हवा के स्तर में आई मामूली बेहतरी के बाद लोगों को निर्माण कार्यों और अन्य गतिविधियों से जुड़ी कुछ प्रतिबंधात्मक व्यवस्थाओं से राहत मिली है। हालांकि, प्रदूषण का खतरा अभी पूरी तरह टला नहीं है और दिल्ली के कई इलाकों में वायु गुणवत्ता अब भी चिंताजनक बनी हुई है।

प्रदूषण के स्तर में गिरावट के बावजूद संबंधित एजेंसियां स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। प्रशासन का जोर इस बात पर है कि हवा की गुणवत्ता में हुए सुधार को बरकरार रखा जाए और प्रदूषण बढ़ाने वाले कारकों पर प्रभावी नियंत्रण किया जाए। GRAP-3 की पाबंदियां हटने से आम लोगों, निर्माण कार्यों से जुड़े कारोबारियों और विभिन्न गतिविधियों में लगे लोगों को कुछ राहत जरूर मिली है, लेकिन प्रदूषण नियंत्रण के नियमों का पालन करना अब भी जरूरी है।

वहीं, दिल्ली में प्रदूषण पर नियंत्रण को लेकर नगर निगम (MCD) ने सख्त रुख अपनाया हुआ है। निगम की ओर से धूल, गंदगी और प्रदूषण फैलाने वाली गतिविधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी अभियान के तहत पिछले दो सप्ताह के दौरान 15,400 से अधिक चालान काटे गए हैं। यह कार्रवाई प्रदूषण नियंत्रण के नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ की गई है।

MCD की इस कार्रवाई का उद्देश्य सड़कों और सार्वजनिक स्थानों पर धूल को नियंत्रित करना तथा प्रदूषण फैलाने वाली गतिविधियों पर अंकुश लगाना है। अधिकारियों की ओर से प्रदूषण नियंत्रण के लिए निगरानी और प्रवर्तन अभियान जारी रखने पर जोर दिया जा रहा है।

कुल मिलाकर, GRAP-3 की पाबंदियां हटने से दिल्ली-एनसीआर के लोगों को अस्थायी राहत मिली है, लेकिन प्रदूषण की चुनौती अभी बरकरार है। ऐसे में सरकारी एजेंसियों की कार्रवाई के साथ-साथ नागरिकों की जिम्मेदारी भी अहम है, ताकि राजधानी की हवा को स्वच्छ और सांस लेने योग्य बनाया जा सके।

दिल्ली ट्रैफिक पुलिस का ईओएल वाहन जागरूकता मेला, जोन-1 में अब तक 9,916 पुराने वाहन जब्त

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली



नई दिल्ली। स्वच्छ, सुरक्षित और प्रदूषण मुक्त दिल्ली के उद्देश्य से दिल्ली ट्रैफिक पुलिस, जोन-1 ने 12 नवंबर से 16 नवंबर तक एंड-ऑफ-लाइफ (ईओएल) वाहन जागरूकता मेला आयोजित किया। इस मेले में नागरिकों को ईओएल वाहनों से जुड़े नियमों, पर्यावरण पर उनके दुष्प्रभाव और अधिकृत स्क्रैपिंग केंद्रों के माध्यम से निपटान की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई। यह अभियान पूर्वी, मध्य और उत्तरी ट्रैफिक रेंज में चलाया गया।

मेले के दौरान परिवहन विभाग के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। उन्होंने ट्रैफिक पुलिस कर्मियों के साथ मिलकर नागरिकों को ईओएल वाहनों के नियम समझाए और अधिकृत स्क्रैपिंग की प्रक्रिया के बारे में मार्गदर्शन दिया। इस अभियान के तहत हजारों नागरिकों, आरडब्ल्यूए और मार्केट वेलफेयर एसोसिएशन के प्रतिनिधियों को ईओएल वाहन चलाने के कानूनी परिणाम, अधिकृत स्क्रैपिंग के फायदे और आवासीय इलाकों व सार्वजनिक स्थलों से लावारिस वाहनों को हटाने के महत्व के बारे में बताया गया। जागरूकता मेले के दौरान दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने जोन-1 में 240 ईओएल वाहन जब्त किए। वहीं, चल रहे प्रवर्तन अभियान के तहत अब तक जोन-1 में कुल 9,916 ईओएल वाहन जब्त किए जा चुके हैं।

मेले में नागरिकों को सलाह दी गई कि वे अपने ईओएल वाहन केवल अधिकृत स्क्रैपिंग केंद्रों को ही सौंपें और अनधिकृत कबाड़ियों से लेन-देन से बचें। आरडब्ल्यूए और एमडब्ल्यूए से इस संदेश को फैलाने और लावारिस वाहनों को हटाने में सहयोग की अपील की गई, क्योंकि ऐसे वाहन यातायात में बाधा डालते हैं और सार्वजनिक सुरक्षा व स्वच्छता को प्रभावित करते हैं।

दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने वाहन मालिकों, निवासियों और बाजार संघों से ईओएल वाहनों के कानूनी निपटान में सक्रिय सहयोग करने और सड़कों व सार्वजनिक स्थलों को साफ रखने की अपील की है।

महापौर श्री प्रवेश वाही ने बाहरी उत्तर क्षेत्र का निरीक्षण किया,अलीपुर स्थित मिनी स्टेडियम में खिलाड़ियों के लिए सुविधाओं का विस्तार करने के दिये निर्देश

टिकरी स्थित स्वर्ण जयंती विहार में जल निकासी व्यवस्था दुरुस्त करने एवं नरेला की गौतम कॉलोनी में नाले का निरीक्षण किया

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली



दिल्ली के महापौर श्री प्रवेश वाही ने आज बाहरी उत्तर क्षेत्र के अलीपुर एवं नरेला वार्ड का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था एवं खेलों की बुनियादी सुविधा का जायजा लिया। श्री प्रवेश वाही ने कहा कि अलीपुर स्थित मिनी स्टेडियम को माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा खेलों को बुनियादी स्तर पर मजबूत करने की खेलो इंडिया मुहिम के अंतर्गत एक कार्य योजना तैयार कर दुरुस्त किया जाएगा ताकि खेल के क्षेत्र से नई प्रतिभाओं को अवसर मिल सके।

महापौर के निरीक्षण में नरेला के विधायक श्री राज करण खत्री,भाजपा के जिलाध्यक्ष एवं निगम में मनोनीत सदस्य श्री विनोद सहरावत,पार्षद श्री योगेश राणा,मनोनीत सदस्य श्री लक्ष्मण आर्य,बाहरी उत्तर क्षेत्र के उपायुक्त श्री राघवेंद्र मीणा सहित दिल्ली नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

श्री प्रवेश वाही ने अलीपुर वार्ड की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया और कहा कि स्वच्छता के प्रति हम गंभीर हैं और हमारी कोशिश प्रतिदिन कुछ अतिरिक्त करने की रहती है। श्री प्रवेश वाही ने स्वयं चलकर इलाके की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। महापौर ने कहा कि दिल्ली की माननीय मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता के मार्गदर्शन में हम दिल्ली को स्वच्छ एवं हरित शहर बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। महापौर ने अलीपुर वार्ड के टिकरी खुर्द में स्थित स्वर्ण जयंती विहार में जल निकासी व्यवस्था का निरीक्षण किया और नाले की अच्छी तरह सफाई करने के आदेश दिए।

महापौर ने नरेला वार्ड के गौतम कॉलोनी का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। गौतम कालोनी में रेलवे लाइन के निकट जलभराव को देखते हुए नाले की डिसिल्टिंग करने के आदेश दिए। महापौर ने इस अवसर पर स्थानीय नागरिकों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनी और उनके त्वरित निराकरण के आदेश दिए।

समाजसेवी के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट कार्य कर रही ऋषि चैरिटेबल ट्रस्ट की संस्थापक भारती नेगी को बॉलीवुड अभिनेत्री महिमा चौधरी के हाथों प्रतिष्ठात सम्मान से नवाजा गया

राष्ट्रीय सुनहरा संसार वन्दना जोशी ब्यूरो चीफ

नई दिल्ली। समाज सेवा के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट कार्य कर रही ऋषि चैरिटेबल ट्रस्ट की संस्थापक भारती नेगी को बॉलीवुड अभिनेत्री महिमा चौधरी के हाथों प्रतिष्ठित सम्मान से नवाजा गया। पश्चिमी विहार स्थित मैपल गोल्ड (Maple Gold) रिसॉर्ट में आयोजित सम्मान समारोह में उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। भारती नेगी लंबे समय से समाज के गरीब बच्चों, असहाय लोगों और महिलाओं के उत्थान एवं विकास के लिए कार्य कर रही हैं। ऋषि चैरिटेबल ट्रस्ट के माध्यम से वे सामाजिक सरोकारों से जुड़े विभिन्न कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। शिक्षा, सामाजिक जागरूकता और जरूरतमंदों की सहायता के क्षेत्र में उनका योगदान सराहनीय रहा है।



समाजसेवा के साथ-साथ भारती नेगी एक बेहतरीन कलाकार (Artist) भी हैं। सामाजिक कार्यों और कला के क्षेत्र में उनके योगदान को देखते हुए उन्हें इस प्रतिष्ठित सम्मान से सम्मानित किया गया।

सम्मान मिलने पर भारती नेगी ने कहा, "यह सम्मान मेरे लिए बेहद गर्व और खुशी का क्षण है। मैं इस सम्मान को ऋषि चैरिटेबल ट्रस्ट से जुड़े सभी सहयोगियों और उन लोगों को समर्पित करती हूं, जिन्होंने समाजसेवा के कार्यों में मेरा साथ दिया है। हमारा उद्देश्य जरूरतमंद बच्चों, महिलाओं और असहाय लोगों तक सहायता पहुंचाना है। भविष्य में भी हम पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ समाज के लिए कार्य करते रहेंगे उन्होंने कहा कि समाजसेवा केवल एक कार्य नहीं, बल्कि मानवता के प्रति जिम्मेदारी है। जरूरत मंदों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना ही उनकी सबसे बड़ी प्राथमिकता है। भारती नेगी को मिले इस सम्मान से उनके परिवार, शुभचिंतकों और परिचितों में खुशी का माहौल है। उनकी इस उपलब्धि को सामाजिक सेवा के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की एक महत्वपूर्ण पहचान के रूप में देखा जा रहा है।

राज कुमार गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में छठी अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस ए. ई. सी. ई. -2026 का आयोजन

राष्ट्रीय सुनहरा संसार वन्दना जोशी ब्यूरो चीफ



गाजियाबाद। राज कुमार गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में आई,ई,ई, ई, के तत्वावधान में 1277 शोध पत्रों में से 229 प्रस्तुति के लिए चयनित देश-विदेश के शोधकर्ताओं और शिक्षाविदों का जुटेगा संगम चयनित शोध पत्र आई. ई. ई. ई. एक्सप्लोर (IEEE Xplore) में होंगे प्रकाशित। राज कुमार गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में आई. ई. ई. ई.के तत्वावधान में नवीनतम शोध, तकनीकी नवाचार और वैज्ञानिक उपलब्धियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से दो दिवसीय छठी अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस "एडवांसमेंट इन इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग" (ए ई सी ई - 2026) का आयोजन 20 एवं 21 नवंबर 2026 को किया जाएगा। कॉन्फ्रेंस के संयोजक डॉ. आर.के. यादव एवं डॉ. अमित सिंघल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस के लिए देश-विदेश से कुल 1277 शोध पत्र प्राप्त हुए हैं, जिनमें से गहन समीक्षा एवं चयन प्रक्रिया के उपरांत 229 शोध पत्रों को प्रस्तुतीकरण के लिए चयनित किया गया है। कॉन्फ्रेंस की एक प्रमुख विशेषता यह है कि चयनित शोध पत्र क्एए स्र ङ्बपी में प्रकाशित किए जाएंगे, जो शोधकर्ताओं के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने शोध कार्य को पहचान दिलाने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करेगा। इस अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में अमेरिका, जर्मनी, थाईलैंड, ईरान, मलेशिया, नाइजीरिया, ओमान एवं उज्बेकिस्तान सहित भारत के विभिन्न राज्यों एवं क्षेत्रों के शोधकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की है। दो दिवसीय आयोजन के दौरान देश-विदेश के प्रतिष्ठित शिक्षाविद्, वैज्ञानिक, तकनीकी विशेषज्ञ एवं आमंत्रित वक्ता अपने व्याख्यानों के माध्यम से नवीनतम विकास, उभरती तकनीकों और भविष्य की संभावनाओं पर अपने विचार साझा करेंगे। यह छठी अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस शोधकर्ताओं,शिक्षाविदों एवं विद्यार्थियों को एक ऐसा वैश्विक मंच प्रदान करेगी, जहां वे अपने शोध एवं नवाचारों को प्रस्तुत करने के साथ- साथ अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों के अनुभवों से लाभान्वित हो सकेंगे। साथ ही, विभिन्न देशों के प्रतिभागियों के बीच अकादमिक सहयोग, ज्ञान के आदान-प्रदान और भविष्य के अनुसंधान की नई संभावनाओं को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

इस अवसर पर आयोजित प्रेस वार्ता में संस्थान के वाइस चेयरमैन अक्षत गोयल, ग्रुप एडवाइजर डॉ. लक्ष्मण प्रसाद, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ. डी. के. चौहान, डायरेक्टर डॉ. बी.सी. शर्मा, डीन ई.आई.आई. डॉ. पुनीत चंद्र श्रीवास्तव, डीन एक्रीडिटेशन डॉ. रामेन्द्र सिंह, डीन स्टूडेंट वेलफेयर एच. जी. गर्ग, कॉन्फ्रेंस संयोजक डॉ. आर.के. यादव (डीन एकेडमिक) डॉ. अमित सिंघल (एचओडी, सी.एस.ई.) उपस्थित रहे।

राकेश प्रजापति बने भाकियू इंडिया के जिलाध्यक्ष



राष्ट्रीय सुनहरा संसार आस मोहम्मद ब्यूरो चीफ

मेरठ। जैनपुर, नंगला शेर खां पोस्ट लिसाड़ी निवासी राकेश प्रजापति को उनकी मेहनत और यूनियन के प्रति लग्न को देखते हुए यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप तितौरिया ने मेरठ जिला के जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। पिछले काफी समय से यूनियन के पूर्व जिलाध्यक्ष अंकुर चपराणा को प्रदेश कमेटी में शामिल कर प्रदेश सचिव का दायित्व सौंपा गया है। नये जिलाध्यक्ष को 30 दिन के अंदर अपनी कमेटी बना कर प्रदेश कार्यालय में अनुमोदन हेतु भेजने के लिए कहा गया है। इस मौके पर दोनो पदाधिकारियों को संजीव गुप्ता, हाजी इमरान त्यागी, आदेश राठी,सरदार अमनदीप सिंह, धर्मेन्द्र गुर्जर, दीपांशु तितौरिया, विनीत पंवार एडवोकेट,कुक्कू चौधरी,काशिफ मंसूरी, रहीस अल्वी, रेहान मेवाती, आशमां परवीन आदि मुख्य रुप से शामिल रहे।

सीडीआरएस ग्लोबल स्कूल में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ

राष्ट्रीय सुनहरा संसार वन्दना जोशी ब्यूरो चीफ



मुरादनगर। सीडी आरएस ग्लोबल स्कूल, मुरादनगर में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया।प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर स्कूल के संस्थापक दयानंद त्यागी एवं श्रीमती कमला देवी, पूर्व मंडल अध्यक्ष नितिन गोयल, मंडल उपाध्यक्ष श्रीमती सोनिया त्यागी, बीएलएम स्कूल के डायरेक्टर विपिन शर्मा, स्मार्ट पब्लिक स्कूल की डायरेक्टर श्रीमती शालिनी त्यागी, भाजपा नेत्री श्रीमती हीना शर्मा, मुरादनगर के पूर्व पार्षद आदेश त्यागी एवं अनुसूचित मोर्चा के महानगर कोषाध्यक्ष प्रशांत खटीक सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल प्रबंधक वीरेंद्र त्यागी, प्रधानाचार्या श्रीमती आकांक्षा त्यागी एवं मैनेजर भीष्म सिंह के नेतृत्व में पूर्ण विधि-विधान के साथ मुख्य अतिथि द्वारा किया गया। सर्वप्रथम अतिथियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके पश्चात रिबन काटकर, आसमान में रंग-बिरंगे गुब्बारे छोड़कर तथा मशाल प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर स्कूल की कोऑर्डिनेटर श्रीमती पिंकी त्यागी ने बताया कि दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता में स्कूल के विद्यार्थियों एवं अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। सभी के उत्साहपूर्ण सहयोग से प्रतियोगिता को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान मिला।प्रतियोगिता को सुचारू एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने में स्कूल के स्पोर्ट्स टीचर आयुष त्यागी एवं गौरव रावत ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षकगण पूजा शर्मा, नीलम शर्मा, अंजली राणा,पिंकी यादव, सोनिया, मुस्कान, मीनू, शिखा, सुहानी, कोमल शर्मा, मानषी त्यागी सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। अंत में स्कूल प्रबंधन की ओर से सभी अतिथियों, अभिभावकों, प्रतिभागियों एवं शिक्षकों का आभार व्यक्त किया गया तथा प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए सभी के सहयोग की सराहना की गई।

खजूरी खास में दिनदहाड़े गोलीबारी से सनसनी, बाइक सवार बदमाशों ने समीर की गोली मारकर की हत्या

सुनहरा संसार राजधानी दिल्ली के खजूरी खास इलाके में गोलीबारी की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। यहां बाइक सवार बदमाशों ने समीर नाम के एक युवक को निशाना बनाते हुए उस पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं। गोली लगने से समीर गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल बन गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बाइक पर सवार होकर आए हमलावरों ने समीर पर अचानक फायरिंग की और वारदात को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गए। गोलीबारी की आवाज सुनकर आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई। इस हत्याकांड के बाद खजूरी खास इलाके में सुरक्षा व्यवस्था और कानून-व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। पुलिस हमलावरों की पहचान करने और वारदात के पीछे की वजह का पता लगाने में जुटी है। फिलहाल हत्या के कारणों और आरोपियों के संबंध में विस्तृत जानकारी सामने आना बाकी है।

दक्षिण जिला पुलिस ने आत्मरक्षा कार्यशाला के माध्यम से छात्रों को दिया आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता का संदेश

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली नई दिल्ली। दक्षिण जिला पुलिस ने अपनी सशक्त पहल के तहत ग्रेटर कैलाश-एक स्थित बलवंतराय मेहता विद्या भवन आसमा स्कूल में सेल्फ-डिफेंस वर्कशॉप का आयोजन किया। इस कार्यशाला का उद्देश्य युवा छात्रों में आत्मविश्वास, तत्परता और आत्मनिर्भरता की भावना पैदा करना था। कार्यशाला के दौरान छात्रों को बुनियादी आत्मरक्षा कौशल सिखाए गए और उन्हें अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करने वाली परिस्थितियों में आत्मविश्वास के साथ प्रतिक्रिया देने के लिए प्रोत्साहित किया गया। साथ ही जागरूकता, सतर्कता और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों से निपटने के दौरान समय पर कार्रवाई करने के महत्व पर भी जोर दिया गया। दक्षिण जिला पुलिस का कहना है कि इस तरह की सामुदायिक पहल के माध्यम से सुरक्षा की संस्कृति को बढ़ावा देना, आत्मविश्वास को प्रोत्साहित करना और युवा पीढ़ी को अपनी सुरक्षा के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल से सशक्त बनाना उसका निरंतर प्रयास है। आत्मविश्वास ही ताकत है। जागरूकता ही सुरक्षा है।



पेंशनभोगियों के लिए उत्तर रेलवे की विशेष पहल, कल (19 नवंबर को) लगाया जा रहा मेगा कैंप!

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली रेलवे पेंशनभोगियों एवं पारिवारिक पेंशनभोगियों की सुविधा और डिजिटल सेवाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से उत्तर रेलवे द्वारा राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र अभियान 5.0 (Nationwide Digital Life Certificate Campaign 5.0) के अंतर्गत 19 नवंबर 2026 को मेगा कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह कैंप प्रातः 11:00 बजे रेलवे ऑफिसर्स क्लब, पी. के. रोड, रेलवे कॉलोनी, नई दिल्ली में आयोजित होगा। इस मेगा कैंप का मुख्य उद्देश्य पेंशनभोगियों एवं पारिवारिक पेंशनभोगियों को बैंकों में जीवन प्रमाण-पत्र जमा करने की प्रक्रिया में सहायता प्रदान करना तथा डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र बनवाने की प्रक्रिया को सरल एवं सुविधाजनक बनाना है। इसके माध्यम से पेंशनभोगियों को आवश्यक जानकारी और मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि उन्हें जीवन प्रमाण-पत्र जमा करने में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। कैंप में पेंशनभोगियों को डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र तैयार करने, पहचान सत्यापन तथा पेंशन संबंधी आवश्यक विवरण उपलब्ध कराने की प्रक्रिया में सहयोग दिया जाएगा। इसके लिए पेंशनभोगियों से वैध आधार संख्या, मोबाइल नंबर, पेंशन वितरण बैंक खाते का विवरण एवं पीपीओ की प्रति साथ लाने का अनुरोध किया गया है। इसके अतिरिक्त बैंक पासबुक की प्रति अथवा रद्द चेक भी साथ रखना आवश्यक है। उत्तर रेलवे सभी पेंशनभोगियों एवं पारिवारिक पेंशनभोगियों से इस मेगा कैंप में भाग लेकर उपलब्ध सुविधाओं का लाभ उठाने की अपील करता है।

उत्तर रेलवे अपने सेवानिवृत्त कर्मचारियों एवं पेंशनभोगियों के कल्याण और सुविधा के लिए निरंतर प्रयासरत है।

भारत मंडपम में अभिनेत्री श्रद्धा कपूर ने किया फिल्म ईठा के गाने जीजी रहे जी का लोकार्पण

सुनहरा संसार नई दिल्ली। दिनेश विजन एवं मैडडलाक फिल्म्स के बैनर तले बनी फिल्म ईठा के गाने जीजी रहे जी का लोकार्पण नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम के ऑडिटोरियम में बड़े धूमधाम और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस भव्य कार्यक्रम में फिल्म अभिनेत्री श्रद्धा कपूर सहित फिल्म से जुड़े कलाकारों ने शिरकत की।



कार्यक्रम के दौरान अभिनेत्री श्रद्धा कपूर एवं अन्य कलाकारों ने गाने का लोकार्पण किया। इस अवसर पर हजारों की संख्या में दर्शक एवं फिल्म प्रेमी मौजूद रहे। लोगों ने पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम का आनंद लिया और कलाकारों की उपस्थिति को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला।

भारत मंडपम में आयोजित इस भव्य आयोजन ने फिल्म जगत और संगीत प्रेमियों के बीच खास आकर्षण पैदा किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी रही और पूरा माहौल उत्सवमय बना रहा।

आई,टी,एस फिजियोथेरेपी कॉलेज मुरादनगर में विद्यार्थियों को फिजियोथेरेपी के क्षेत्र में विदेशे में उपलब्ध रोजगार के नए अवसरों से रूबरू हुए विद्यार्थी

राष्ट्रीय सुनहरा संसार वन्दना जोशी ब्यूरो चीफ मुरादनगर। दिल्ली मेरठ मार्ग स्थित आई.टी. एस फिजियोथेरेपी कॉलेज मुरादनगर में विद्यार्थियों को फिजियोथेरेपी के क्षेत्र में विदेशें में उपलब्ध रोजगार एवं उच्च शिक्षा के अवसरों से परिचित कराने के उद्देश्य से जर्मनी में



फिजियोथेरेपी के क्षेत्र में रोजगार के अवसर विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम का आयोजन संस्थान के वाईस चेयरमेन अर्पित चड्ढा के कुशल मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर अभय कुमार संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी स्पार्क ओवरसीज ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने जर्मनी में फिजियोथेरेपिस्ट के रूप में कार्य करने की संभावनाओं,आवश्यक शैक्षणिक योग्यताओं, जर्मन भाषा के ज्ञान, रोजगार प्राप्त करने की प्रक्रिया, तथा वहां मिलने वाले वेतन एवं अन्य सुविधाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि जर्मनी में फिजियोथेरेपिस्ट के रूप में कार्य करने के लिए जर्मन भाषा के बी-2 स्तर तक का ज्ञान प्राप्त करना आवश्यक है। इसके साथ उन्होंने वहां के कार्य प्रणाली आवश्यक दस्तावेजों, मान्यता प्राप्त करने की प्रक्रिया तथा रोजगार से संबंधित विभिन्न चरणों की जानकारी भी साझा की। आई.टी.एस फिजियोथेरेपी कालेज सदैव विद्यार्थियों को केवल पुस्तकीय के ज्ञान तक सीमित ने रखकर उनके भविष्य को नई दिशा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने इस ज्ञानवर्धक एवं मार्गदर्शन पूर्ण व्याख्यान के आयोजन के लिए वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा का आभार व्यक्त किया तथा निरंतर सहयोग एवं मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद दिया।

थाना उत्तर क्षेत्रान्तर्गत डीएवी इंटर कॉलेज में यातायात माह के दृष्टिगत यातायात नियमों के पालन करने के संबंध में चलाया गया जागरूकता अभियान

जनपद में सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने एवं आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से यातायात पुलिस द्वारा निरंतर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है



दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरो चीफ राजेश कुमार शर्मा व राजकुमार शर्मा

फिरोजाबाद में यातायात पुलिस टीम द्वारा थाना उत्तर क्षेत्रान्तर्गत डीएवी इंटर कॉलेज में जागरूकता अभियान आयोजित किया गया । अभियान के दौरान छात्र-छात्राओं एवं स्कूल स्टाफ को यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी देते हुए सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया । इस दौरान छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं अन्य स्कूली स्टाफ को दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाने, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने तथा सड़क पार करते समय सावधानी बरतने के संबंध में जानकारी दी गई । साथ ही यातायात नियमों का पालन करने एवं अपने परिजनों और आसपास के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने हेतु प्रेरित किया गया । फिरोजाबाद पुलिस आमजन से अपील करती है कि यातायात नियमों का पालन करें, स्वयं सुरक्षित रहें एवं दूसरों को भी सुरक्षित रखें।

थाना लाइनपार पुलिस टीम द्वारा 01 अभियुक्त को 650 ग्राम चरस के साथ किया गया गिरफ्तार



दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरो चीफ राजेश कुमार शर्मा व राजकुमार शर्मा

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा अपराध व अपराधियों पर अंकुश लगाये जाने हेतु जनपद में चलाये जा रहे सघन चैकिंग अभियान के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण में तथा क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में थाना लाइनपार पुलिस टीम द्वारा 01 अभियुक्त रवि उर्फ भोला पुत्र राकेश निवासी मेहताब नगर छोटेलाल इंटर कालेज के पास थाना लाइनपार जनपद फिरोजाबाद को 650 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया गया है । बरामदगी के सम्बन्ध में अभियुक्त रवि उर्फ भोला उपरोक्त के विरुद्ध थाना लाइनपार पर मु0अ0सं0 280/2026 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया है । अभियुक्त रवि उर्फ भोला उपरोक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है ।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम -
थानाध्यक्ष रमित कुमार आर्य थाना लाइनपार फिरोजाबाद
उ0नि0 अरूण कुमार थाना लाइनपार फिरोजाबाद ।
उ0नि0 श्री विवेक चौहान थाना लाइनपार फिरोजाबाद ।
है0का0 330 महेन्द्रपाल थाना लाइनपार फिरोजाबाद ।
आरक्षी 495 मोहित कुमार थाना लाइनपार फिरोजाबाद ।
आरक्षी 440 अनिकेत कुमार थाना लाइनपार फिरोजाबाद ।

भव्य घटयात्रा एवं ध्वजारोहण के साथ प्रारंभ हुआ श्री सिद्धचक्र महामण्डल विधान



दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरो चीफ राजेश कुमार शर्मा व राजकुमार शर्मा

फिरोजाबाद। आचार्य श्री वसुनंदी जी महाराज, मुनि श्री अमित सागर जी महाराज एवं गुरुनंदनी माता जी के आशीर्वाद तथा विधानाचार्य सोनू जैन स्पोर्ट्स द्वारा श्री आदिनाथ जिनालय लॉकडाउन टेंपल इंद्रा कॉलोनी में भव्य घटयात्रा तथा ध्वजारोहण के साथ 11 दिवसीय श्री सिद्धचक्र महामण्डल विधान संपन्न कराया जा रहा है जिसमें अनेकों श्रद्धालु हिस्सा ले कर धर्मलाभ ले रहे हैं।

कार्यक्रम के संदर्भ में एक भव्य घटयात्रा श्री महावीर जिनालय इंद्रा कॉलोनी से प्रारम्भ होती हुई तमाम जगह घूमकर श्री आदिनाथ जिनालय लॉकडाउन टेंपल इंद्रा कॉलोनी में संपन्न हुई। घटयात्रा में सभी महिलाएं पीले वस्त्रों में हाथ में मंगल कलश के साथ चल रही थी। श्रद्धालुओं ने भक्ति में लीन हो कर बैंड बाजो तथा संगीत की धुनों में नाच गाकर भक्ति की। मंदिर पहुंचकर पूरे मंत्रोच्चारण के साथ ध्वजारोहण हुआ तथा विधान प्रारंभ हुआ। मीडिया प्रभारी राज जैन ने बताया कि सायंकालीन धर्मसभा में श्री जी महाआरती की गई। वही दिन भर मंदिर जी में जाप अनुष्ठान किया जा रहा है जिसमें अनेकों श्रद्धालुगण धर्मलाभ ले रहे हैं।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से सोनू जैन स्पोर्ट्स, रोहित जैन, प्रणव जैन, राज जैन, राखी जैन, रश्मि जैन, सोनम जैन, रजनी जैन, पूजा जैन, संगीता जैन आदि लोग उपस्थित रहे।

थाना मटसेना पुलिस एवं एसओजी टीम की संयुक्त कार्रवाई में अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़, 02 अभियुक्त गिरफ्तार मौके से 12 बने-अधबने तमंचे, कारतूस एवं शस्त्र बनाने के भारी मात्रा में उपकरण बरामद

गिरफ्तार अभियुक्तों में अभियुक्त चेतराम के विरुद्ध पूर्व में भी आयुध अधिनियम सहित 06 अभियोग हैं पंजीकृत

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरो चीफ राजेश कुमार शर्मा व राजकुमार शर्मा

फिरोजाबाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे के निर्देशन में जनपद में अवैध शस्त्रों के विरूद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल नेतृत्व में दिनांक 17.11.2026 की रात्रि थाना मटसेना पुलिस एवं एसओजी टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग की जा रही थी । इसी दौरान मुखबिर खास से प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा ग्राम अगरूपुरा में करकौली पौधशाला के पास मिट्टी के टीलों के बीच संचालित अवैध शस्त्र फैक्ट्री पर दबिश दी गई। मौके से अवैध रूप से तमंचे बनाने एवं उनकी मरम्मत करने में संलिप्त 02 अभियुक्तों 1. चेतराम पुत्र भगवानदास एवं 2. सूरज पुत्र मुन्नालाल को भारी मात्रा में बने / अधबने तमंचे एवं अवैध शस्त्र बनाने के उपकरणों सहित गिरफ्तार किया गया है



पंजीकृत अभियोग-

उक्त गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर थाना मटसेना पर मु0अ0सं0 302/2026 धारा 3/5/25 आयुध अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-

प्रेमशंकर पाण्डेय प्रभारी एसओजी जनपद फिरोजाबाद
विमलेश कुमार त्रिपाठी थानाध्यक्ष मटसैना जनपद फिरोजाबाद
उ0नि0 नाजिम थाना मटसैना जनपद फिरोजाबाद
उ0नि0 दीपक कुमार थाना मटसैना जनपद फिरोजाबाद
है0का0 577 गुलफान खां थाना मटसैना जनपद फिरोजाबाद
है0का0123 जितेन्द्र सिहं थाना मटसैना जनपद फिरोजाबाद
है0का0 1055 अशोक कुमार थाना मटसैना जनपद फिरोजाबाद
है0का0 429 जयनारायण एसओजी टीम फिरोजाबाद
है0का0 953 ललित एसओजी टीम फिरोजाबाद
है0का0 380 हरवीर एसओजी टीम फिरोजाबाद
है0का0 रमाकान्त एसओजी टीम फिरोजाबाद
का0 411 रिंकू कुमार थाना मटसैना जनपद फिरोजाबाद
का0 1540 प्रिंस चौधरी थाना मटसैना जनपद फिरोजाबाद
का0 920 संदीप एसओजी टीम फिरोजाबाद
का0 05 रजत कुमार एसओजी टीम फिरोजाबाद
का0 अजीत एसओजी टीम फिरोजाबाद

यातायात पुलिस फिरोजाबाद की यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध व्यापक कार्यवाही, कार्यवाही के दौरान कुल 785 वाहनों का चालान कर जुमार्ना अधिरोपित किया गया

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरो चीफ राजेश कुमार शर्मा व राजकुमार शर्मा

फिरोजाबाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे के निर्देशन में एवं क्षेत्राधिकारी यातायात के कुशल नेतृत्व में जनपद में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने, यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने एवं आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है । इसी क्रम में आज दिनांक 18-11-2026 को यातायात पुलिस फिरोजाबाद द्वारा नियमों का उल्लंघन करने वाले ऑटो, ई-रिक्शा एवं अन्य वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए ओवरस्पीड, क्षमता से अधिक सवारी बैठाने, वाहनों में साउंड स्पीकर लगाकर संचालित करने तथा स्टंट एवं तेज गति से बाइक चलाने वालों के विरुद्ध चालान की कार्यवाही की गई । साथ ही वाहन चालकों को सदैव यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरुक किया गया ।



अभियान के दौरान की गई कार्यवाही का विवरण निम्नवत है

1. ऑटो/ई-रिक्शा के विरुद्ध कुल 51 चालान किए गए ।
2. क्षमता से अधिक सवारी बैठाकर संचालित किए जा रहे ऑटो के विरुद्ध 42 चालान किए गए ।
3. साउंड स्पीकर लगाकर संचालित किए जा रहे ई-रिक्शा के विरुद्ध 38 चालान किए गए ।
4. ओवरस्पीड वाहन चलाने वालों के विरुद्ध 47 चालान किए गए ।
5. स्टंट एवं तेज गति से बाइक चलाने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध 04 चालान किए गए ।
6. अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध 603 चालान किए गए ।

इस प्रकार अभियान के दौरान कुल 785 चालान किए गए।

फिरोजाबाद पुलिस द्वारा वाहन चालकों से अपील की जाती है कि निर्धारित गति सीमा में ही वाहन चलाएं, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट एवं चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें। ऑटो एवं ई-रिक्शा में निर्धारित क्षमता के अनुसार ही सवारियां बैठाएं तथा यातायात नियमों का पालन करें। यातायात नियमों का पालन स्वयं की एवं दूसरों की सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है। सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखने में फिरोजाबाद पुलिस का सहयोग करें ।

मिशन शक्ति फेज-06 के अन्तर्गत महिला सुरक्षा को लेकर फिरोजाबाद पुलिस का विशेष अभियान, 38 शोहदों के विरुद्ध की गई वैधानिक कार्यवाही, 06 परिवारों में कराया गया समझौता

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरो चीफ राजेश कुमार शर्मा व राजकुमार शर्मा

फिरोजाबाद उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित मिशन शक्ति फेज-06 अभियान के अन्तर्गत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री आदित्य लांग्हे के निर्देशन में जनपद में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा,सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करने हेतु निरंतर विशेष अभियान चलाया जा रहा है ।

आज दिनांक 18-11-2026 को महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा तथा उनके साथ होने वाली छेड़छाड़ एवं अन्य आपत्तिजनक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु जनपद के समस्त थानों की मिशन शक्ति टीमों एवं एण्टी रोमियो टीमों द्वारा विशेष चेकिंग एवं जागरूकता अभियान चलाया गया ।अभियान के दौरान प्रमुख मंदिरों, बाजारों, स्कूल-कॉलेजों, सार्वजनिक स्थलों, चौराहों एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखते हुए संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गई। महिला पुलिसकर्मियों द्वारा सादा वस्त्रों में भी संवेदनशील स्थानों पर भ्रमण कर महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सतर्क निगरानी रखी गई । अभियान के दौरान की गई प्रमुख कार्यवाही एवं गतिविधियां



38 शोहदों के विरुद्ध कार्यवाही: चेकिंग के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं पर अशोभनीय टिप्पणी करने, अनावश्यक रूप से घूमने एवं संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त पाए गए व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी वैधानिक कार्यवाही की गई तथा भविष्य में ऐसी गतिविधियों की पुनरावृत्ति न करने की सख्त हिदायत दी गई 06 परिवारों में कराया गया समझौता: जनपद के विभिन्न थानों पर गठित मिशन शक्ति टीमों द्वारा पारिवारिक विवादों में काउंसलिंग के माध्यम से दोनों पक्षों को समझाकर कुल 06 परिवारों के विवादों का निस्तारण कराकर आपसी सहमति से समझौता कराया गया ।महिला सुरक्षा के प्रति जागरूकता: मिशन शक्ति टीमों द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को महिला हेल्पलाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, आपातकालीन सेवा 112, साइबर हेल्पलाइन 1930 एवं अन्य उपयोगी सहायता सेवाओं की जानकारी देकर आवश्यकता पड़ने पर तत्काल पुलिस सहायता प्राप्त करने के लिए जागरूक किया गया ।

सार्वजनिक स्थलों पर विशेष निगरानी: मंदिरों, बाजारों एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर महिला पुलिसकर्मियों एवं एण्टी रोमियो टीम द्वारा लगातार भ्रमण एवं चेकिंग की गई, जिससे किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ अथवा महिलाओं एवं बालिकाओं के प्रति आपत्तिजनक गतिविधियों को समय रहते रोका जा सके । फिरोजाबाद पुलिस द्वारा मिशन शक्ति अभियान के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने तथा उनमें सुरक्षा एवं आत्मविश्वास की भावना मजबूत करने हेतु निरंतर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है । जनपद पुलिस महिलाओं की सुरक्षा एवं सम्मान के प्रति प्रतिबद्ध है ।

थाना रामगढ़ पुलिस टीम द्वारा पुलिस मुठभेड़ के दौरान चोरी के अभियोग में वांछित 01 अभियुक्त जाकिर हुसैन पुत्र सफी मोहम्मद को अवैध तमंचा, कारतूस एवं चोरी की घटनाओं में प्रयुक्त उपकरण व अन्य सामान सहित गिरफ्तार किया गया घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरो चीफ राजेश कुमार शर्मा व राजकुमार शर्मा

फिरोजाबाद दिनांक 15.11.2026 को वादी द्वारा थाना रामगढ़ पर सूचना दी गई कि उनके चचेरे भाई का कैन्टर वाहन, जिसका रजिस्ट्रेशन नम्बर वढ80-इळ-4887, जाटवपुरी चौराहे पर सर्विस रोड पर खड़ा था, जिसे किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया है । प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना रामगढ़ पर मु0अ0सं0 675/2026 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे के निर्देशन में जनपद में चोरी की घटनाओं के सफल अनावरण एवं वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना रामगढ़ पुलिस टीम एवं सर्विलांस टीम द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे थे । दौराने विवेचना उक्त मुकदमे में अभियुक्त जाकिर हुसैन पुत्र सफी मोहम्मद निवासी पोंडरी थाना अवागढ़ जनपद एटा, हाल निवासी पौतपुरी मोहल्ला थाना जसराना जनपद फिरोजाबाद का नाम प्रकाश में आया था ।



इसी क्रम में आज दिनांक 17.11.2026 को मुखबिर खास द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि उक्त घटना से सम्बन्धित अभियुक्त आज पुनः साती रोड के पास चोरी की घटना कारित करने की फिराक में हैं । मुखबिर की सूचना पर थाना रामगढ़ पुलिस टीम द्वारा साती रोड स्थित नायरा पेट्रोल पम्प के पास से नगला मिलिक को जाने वाले रास्ते पर चेकिंग की जा रही थी । इसी दौरान 01 संदिग्ध व्यक्ति आता दिखाई दिया जिसे पुलिस टीम द्वारा रुकने का इशारा किया गया किन्तु संदिग्ध व्यक्ति भागने लगा, जिससे हड़बड़ाहट में भागते समय फिसलकर गिर गया । पुलिस टीम को नजदीक आता हुए तथा खुद को घिरता हुआ देखकर संदिग्ध व्यक्ति द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया । थाना रामगढ़ पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी कार्यवाही में संदिग्ध व्यक्ति के पैर में गोली लगी, जिससे वह घायल हो गया । घायल व्यक्ति की पहचान थाना रामगढ़ पर पंजीकृत मु0अ0सं0 675/2026 धारा 303(2)/317(2)/317(4)/317(5) बीएनएस में वांछित अभियुक्त जाकिर हुसैन पुत्र सफी मोहम्मद के रूप में हुई । अभियुक्त के कब्जे से अवैध तमंचा, कारतूस एवं खोखा कारतूस तथा चोरी की घटनाओं में प्रयुक्त उपकरण व अन्य सामान बरामद किया गया । अभियुक्त को उपचार हेतु पुलिस अभिरक्षा में जिला अस्पताल भिजवाया गया । अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

गिरफ्तारी बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-
निरी0/आई0सी0 शेरपाल सिंह थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद
उ0नि0 अचल कुमार थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद ।
उ0नि0 आदित्य चौधरी थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद ।
उ0नि0 रोहित तोमर थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद ।
उ0नि0 तरुण अहलावत थाना रामगढ जिला फिरोजाबाद ।
का0 306 रॉकी तौमर थाना रामगढ जिला फिरोजाबाद
का0 144 शुभम तेवतिया थाना रामगढ जिला फिरोजाबाद ।
का0 1143 दीपक कुमार थाना रामगढ जिला फिरोजाबाद

जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा आगामी विधानसभा निर्वाचन के दृष्टिगत पुलिस लाइन स्थित बहुउद्देश्यीय हॉल में जनपद के 142 सैक्टर पुलिस अधिकारियों के साथ की गई बैठक, आगामी चुनाव को निष्पक्ष, स्वतंत्र, शांतिपूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराने हेतु दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

निर्वाचन की तैयारियों को लेकर पुलिसकर्मियों को किया गया निर्देशित, प्रत्येक थाना क्षेत्र में संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील मतदान केन्द्रों का चिन्हांकन कर सुरक्षा व्यवस्था का प्रभावी प्रबंध करने के निर्देश अवैध शस्त्र, कारतूस, शराब, मादक पदार्थ एवं अवैध नकदी की तस्करी व वितरण पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु विशेष अभियान चलाने के निर्देश

वांछित, पुरस्कार घोषित, हिस्ट्रीशीटर एवं चुनाव में बाधा उत्पन्न करने वाले अराजक तत्वों के विरुद्ध प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही करने के निर्देश

अवैध शस्त्रों की बरामदगी तथा शस्त्र तस्करी में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही करने के निर्देश मतदान केन्द्रों एवं मतगणना स्थलों की सुरक्षा, पुलिस बल की तैनाती, रूट प्लान एवं आपातकालीन प्रतिक्रिया व्यवस्था को समय से तैयार करने के निर्देश

सोशल मीडिया पर भ्रामक, भड़काऊ एवं चुनाव संबंधी अफवाह फैलाने वालों पर सतर्क दृष्टि रखते हुए तत्काल वैधानिक कार्यवाही करने के निर्देश



दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरो चीफ राजेश कुमार शर्मा व राजकुमार शर्मा

फिरोजाबाद में आज दिनांक 18.11.2026 को जिलाधिकारी फिरोजाबाद एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद आदित्य लांग्हे द्वारा पुलिस लाइन स्थित बहुउद्देश्यीय हॉल में आगामी विधानसभा निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी, शांतिपूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत जनपद के समस्त पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्वाचन के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने, संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने तथा निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

1. निर्वाचन संबंधी तैयारियों एवं पुलिस की जिम्मेदारियों की समीक्षा-
जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी थाना प्रभारी अपने-अपने थाना क्षेत्रों में निर्वाचन संबंधी तैयारियों की विस्तृत समीक्षा कर लें। क्षेत्र में स्थित समस्त मतदान केन्द्रों एवं मतदेय स्थलों की भौगोलिक स्थिति, पहुंच मार्ग, संवेदनशीलता तथा पूर्व में घटित चुनाव संबंधी घटनाओं की जानकारी संकलित कर आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करें। प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी को निर्वाचन के दौरान अपनी जिम्मेदारियों एवं ड्यूटी के संबंध में स्पष्ट जानकारी होनी चाहिए।

2. संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील मतदान केन्द्रों का चिन्हांकन-
सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि अपने-अपने क्षेत्रों में संवेदनशील, अतिसंवेदनशील एवं क्रिटिकल मतदान केन्द्रों का चिन्हांकन कर उनका भौतिक सत्यापन करें। ऐसे मतदान केन्द्रों के आसपास रहने वाले व्यक्तियों, पूर्व चुनावों के दौरान विवाद करने वाले व्यक्तियों तथा मतदान प्रक्रिया को प्रभावित करने वाले तत्वों की जानकारी एकत्रित की जाए। संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित पुलिस गश्त, पैदल गश्त एवं भ्रमणशील पुलिस टीमों की तैनाती सुनिश्चित की जाए, जिससे मतदाताओं में सुरक्षा का वातावरण बना रहे।

3. अराजक एवं आपराधिक तत्वों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्यवाही-
निर्वाचन प्रक्रिया में बाधा उत्पन्न करने, मतदाताओं को डराने-धमकाने, प्रलोभन देने अथवा मतदान को प्रभावित करने की आशंका वाले अराजक एवं आपराधिक तत्वों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। साथ ही पूर्व में चुनाव संबंधी विवादों में संलिप्त रहे व्यक्तियों, हिस्ट्रीशीटर, टॉप-10 अपराधियों, सक्रिय अपराधियों तथा शांति व्यवस्था के लिए खतरा बन सकने वाले व्यक्तियों पर विशेष निगरानी रखी जाए। आवश्यकतानुसार संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध विधिक प्रावधानों के अंतर्गत पाबंद करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

4. वांछित एवं पुरस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी-
जनपद में वांछित अभियुक्तों, पुरस्कार घोषित अपराधियों एवं गंभीर आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों की गिरफ्तारी हेतु विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। प्रत्येक थाना प्रभारी अपने क्षेत्र के वांछित अपराधियों की सूची तैयार कर उनकी गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित करें तथा उनकी गतिविधियों एवं संभावित ठिकानों पर सतत निगरानी रखें। अपराधियों की गिरफ्तारी में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए।

कामां में अष्टानिका पर्व पर भक्ति का माहौल: श्रीजी के अभिषेक और शांतिधारा में शामिल हुए श्रद्धालु

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरोचीफ हिमांशु मोदी कामां -कामां में अष्टानिका पर्व पर भक्ति का माहौल देखने को मिला। कस्बे के जैन मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया। श्रीजी के अभिषेक और शांतिधारा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया और धर्म लाभ अर्जित किया।



सुबह मंदिर में श्रीजी का पंचामृत से अभिषेक किया गया। दूध, दही, घी, शहद और गंगाजल से हुए अभिषेक के दौरान पूरा मंदिर परिसर भक्ति गीतों और जयकारों से गूंज उठा। इसके बाद विधि-विधान से शांतिधारा की गई। शांतिधारा में श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से भाग लिया और विश्व शांति, सुख-समृद्धि की कामना की।

अष्टानिका पर्व के दौरान श्रद्धालुओं ने व्रत, पूजा-पाठ और धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया। मंदिर में श्रीजी का विशेष श्रृंगार किया गया। फूलों और रोशनी से मंदिर को सजाया गया। श्रद्धालुओं ने श्रीजी के दर्शन कर पूजा-अर्चना की।

इस अवसर पर जैन समाज के पदाधिकारियों ने अष्टानिका पर्व के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि अष्टानिका पर्व आत्मशुद्धि, संयम और भक्ति का पर्व है। इस दौरान श्रद्धालु पूजा, अभिषेक और शांतिधारा के माध्यम से पुण्य अर्जित करते हैं। आठ दिनों तक चलने वाले इस पर्व में श्रद्धालु विशेष रूप से सिद्धक्षेत्र और तीर्थों की पूजा-अर्चना करते हैं।

मंदिर में महिलाओं और बच्चों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। पूजा के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

इस मौके पर वैभव जैन, संजय कानूनगो, पवन जैन, रिंकू जैन लहसरिया, दीपक सर्राफ, प्रमोद जैन, राकेश जैन, अर्पित जैन, लीना जैन, अंजलि जैन, इंद्रा, बरखा जैन, विनय जैन और कुंती जैन सहित कई महिला-पुरुष मौजूद थे।

दयावती मोदी पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव अनंतरा की धूम, मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

राष्ट्रीय सुनहरा संसार वन्दना जोशी ब्यूरो चीफ मोदीनगर। दयावती मोदी पब्लिक स्कूल में मंगलवार, 17 नवंबर को वार्षिकोत्सव अनंतरा शिक्षा, संस्कार और कला के अद्भुत संगम के रूप में भव्यता के साथ मनाया गया। विद्यार्थियों ने भारतीय संस्कृति, वैदिक सभ्यता और आधुनिक भारत के विकास को दशार्ती आकर्षक नृत्य नाटिका एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) आधारित प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समारोह में विद्यालय की संस्थापिका स्वर्गीय श्रीमती पूज्या दयावती मोदी जी की 111वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर जरूरतमंद बच्चों को मिठाई एवं गर्म वस्त्र वितरित किए गए।



मुख्य प्रबंधक रायजादा सेठ उमेश कुमार मोदी एवं श्रीमती कुमकुम मोदी ने मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया। कक्षा 12 के आयुष सिंघल को रायबहादुर गुजरमल मोदी अवार्ड तथा कक्षा 9 की प्रणया शर्मा को रायबहादुरनी दयावती मोदी अवार्ड प्रदान किया गया। अन्य प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में विद्यालय के वरिष्ठ अधिकारी राजीव बोबल, प्रधानाचार्य विजेंद्र कुमार राणा सहित विद्यालय प्रबंधन, रोहित शर्मा, शिक्षकगण, अभिभावक एवं अतिथि उपस्थित रहे। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

काव्यपाठ में गूंजा महारानी लक्ष्मीबाई का शौर्य और राष्ट्रप्रेम

बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग में महारानी लक्ष्मीबाई की जयंती की पूर्व संध्या पर कवयित्री सम्मेलन आयोजित

ब्यूरो एएच सिद्दीकी झाँसी। बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा महारानी लक्ष्मीबाई की जयंती की पूर्व संध्या पर बुधवार को बुंदेली विरासत दीर्घा में कवयित्री सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में कवयित्रियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से महारानी लक्ष्मीबाई के शौर्य, राष्ट्रप्रेम, बुंदेली संस्कृति और नारी चेतना को



अभिव्यक्त किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं वरिष्ठ कवयित्री डॉ. ब्रजलता मिश्र ने सरस्वती वंदना के साथ काव्यपाठ का शुभारंभ किया। उन्होंने महारानी लक्ष्मीबाई के शौर्य और स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान को रेखांकित करते हुए कहा–

झाँसी की रानी से अपनी झाँसी की पहचान है,
स्वतंत्रता की दीपशिखा ये, भारत माँ की शान हैं।

डॉ. निधि अग्रवाल ने प्रेम और मानवीय संवेदनाओं को अभिव्यक्त करते हुए कहा–

वे सिक्के भी उछालेंगे,
तुम दिल का दाँव लगा बैठोगी।

नई दिल्ली से आईं डॉ. मनीषा गिरी ने राष्ट्रप्रेम से ओतप्रोत अपनी रचना प्रस्तुत करते हुए कहा–

ह्यसोना-चाँदी न फूलों के चमन के लिए,
ना ही सागर के मोती-रत्न के लिए,
प्रार्थना है यही मेरी भगवान से,
जान जाए तो जाए वतन के लिए।

डॉ. सुधा दीक्षित की बुंदेलखंड की वीरता पर काव्य ह्यहर धरा अनोखी है मेरी,
बुंदेलखंड जिसे कहते हैं।
पानी में आग भरी जिसके,
मिट्टी में शौर्य पलते हैं।

डॉ. रंजना सिंह बुंदेला ने अपनी काव्य प्रस्तुति के माध्यम से महारानी लक्ष्मीबाई के साहस, संघर्ष और वीरांगना स्वरूप का चित्रण किया।

कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत डॉ. श्रीहरि त्रिपाठी ने किया। संचालन डॉ. मनीषा गिरी ने किया तथा कला संकाय के अधिष्ठाता एवं हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. पुनीत बिसारिया ने सभी का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर डॉ. अचला पाण्डेय, डॉ. नवीन चंद पटेल, डॉ. विपिन प्रसाद, डॉ. सुधा दीक्षित, डॉ. प्रेमलता श्रीवास्तव, डॉ. सुनीता वर्मा, डॉ. राघवेन्द्र दीक्षित, द्युति मालिनी, अतीत विजय, मनीष मंडल, अंबर दीक्षित, प्रदीप, प्रिंस, दिशांत, सौरभ एवं ऋतु सहित अनेक विद्यार्थी उपस्थित रहे।

झाबुआ इनरव्हील क्लब शक्ति की अनूठी पहल - आधा गिलास पानी अभियान से दिया जल संरक्षण का संदेश

रहीम शेरानी झाबुआ

झाबुआ जल ही जीवन है और इसकी प्रत्येक बूंद अनमोल है।

इसी भावना को जन-जन तक पहुंचाने तथा पानी के अनावश्यक अपव्यय को रोकने के उद्देश्य से इनरव्हील क्लब झाबुआ शक्ति द्वारा आधा गिलास पानी अभियान की शुरूआत की गई।



इस अभिनव पहल के माध्यम से क्लब की सदस्यों ने समाज को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने का सराहनीय प्रयास किया। अभियान की शुरूआत सदस्यों ने अपने-अपने घरों से करते हुए स्वयं इस आदत को अपनाया और फिर इसे समाज तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

अभियान के अंतर्गत क्लब की सदस्यों ने अपने मित्रों, परिचितों, रिश्तेदारों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों को जल संरक्षण का महत्व समझाया।

उन्होंने अपील की कि घर पर आने वाले मेहमानों को शुरूआत में पूरा गिलास पानी देने के स्थान पर आधा गिलास पानी ही परोसा जाए। यदि मेहमान को और पानी की आवश्यकता हो, तो उन्हें पुनः आधा गिलास पानी दिया जा सकता है।

इस छोटी-सी आदत को दैनिक जीवन में अपनाकर पानी की अनावश्यक बबार्दी को काफी हद तक रोका जा सकता है। अभियान का मूल संदेश है कि जल संरक्षण के लिए बड़े प्रयासों के साथ-साथ हमारी छोटी-छोटी आदतों में बदलाव भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

क्लब अध्यक्ष निधिता रुनवाल ने बताया कि इनरव्हील क्लब झाबुआ शक्ति की महिलाएँ विगत 10 वर्षों से निरंतर सेवा, सहयोग एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों के माध्यम से समाज के जरूरतमंद वर्गों की सहायता कर रही हैं। क्लब का उद्देश्य केवल सेवा गतिविधियों तक सीमित न रहकर समाज में सकारात्मक बदलाव लाना भी है। आधा गिलास पानी अभियान इसी सोच का एक उदाहरण है। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण केवल किसी एक व्यक्ति या संस्था की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हम सभी का सामूहिक दायित्व है। यदि प्रत्येक व्यक्ति अपनी दिनचर्या में पानी बचाने की छोटी-छोटी आदतें अपनाए, तो भविष्य के लिए जल की उपलब्धता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सकता है। क्लब की सदस्यों ने इस अभियान के माध्यम से समाज को यह प्रेरणादायी संदेश दिया कि आधा गिलास पानी, पूरी जिम्मेदारी - बूंद-बूंद बचाकर ही सुरक्षित होगा हमारा भविष्य।

इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष निधिता रुनवाल की गरिमामयी उपस्थिति में सचिव सोनम जैन, संस्थापक अध्यक्ष डॉ. शैलू बाबेल, एडिटर निधि रुनवाल, आईएसओ आरती कटारिया, ट्रेजरार मोना गादिया,हंसा कोठारी, रक्षा गादिया, खुशबू रुनवाल, प्रीति चौधरी, परी गादिया, पूजा सकलेचा, निकी जैन, शीतल जादोन, रितु सोडानी सहित क्लब की अन्य सदस्य उपस्थित रहीं।

झकनावदा सहकारी संस्था ने रचा नया इतिहास, पशु आहार विक्रय केंद्र का हुआ शुभारंभ

मध्यप्रदेश में पशु आहार वितरण करने वाली पहली संस्था बनने का मिला गौरव

70 बैग सुदाना एवं सुपर सुदाना की पहली खेप से पशुपालकों को मिलेगी सुविधा

रहीम शेरानी झाबुआ



झकनावदा सहकारिता के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और किसानों एवं पशुपालकों को सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्यादित झकनावदा ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि अर्जित की है। सहकारिता विभाग की महत्वाकांक्षी योजना ह्यसहकार से समृद्धिह्न के अंतर्गत संस्था परिसर में पशु आहार (सुदाना) विक्रय केंद्र का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस पहल के साथ ही झकनावदा सहकारी संस्था को मध्यप्रदेश में पशु आहार वितरण करने वाली पहली संस्था बनने का गौरव प्राप्त हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, संस्था के प्रस्ताव एवं ठहराव पत्र के आधार पर इंदौर दुग्ध संघ के महाप्रबंधक (क्षेत्र संचालन) एवं महाप्रबंधक (पशु आहार संयंत्र) के सहयोग तथा दुग्ध शीत केंद्र पेटलावद के प्रबंधक कनेस के समन्वय से यह व्यवस्था मूर्तरूप ले सकी। संस्था के प्रशासक सोलंकी एवं प्रबंधक हरिराम पडियार के विशेष सहयोग से पशु आहार विक्रय केंद्र की स्थापना की गई। केंद्र का शुभारंभ सहकारिता विभाग झाबुआ के उपयुक्त अधिकारी श्री कनेसजी एवं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित झाबुआ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री खान साहब द्वारा विधिवत किया गया। इस अवसर पर सहकारी संस्था के पदाधिकारी, कर्मचारी एवं संबंधित विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

70 बैग पशु आहार की पहली खेप पहुंची

इंदौर दुग्ध संघ के दुग्ध शीत केंद्र पेटलावद के माध्यम से संस्था को प्रारंभिक रूप से 40 बैग सुदाना एवं 30 बैग सुपर सुदाना उपलब्ध कराए गए। इस प्रकार कुल 70 बैग पशु आहार की पहली खेप के साथ पंजीकृत किसानों एवं पशुपालकों को पशु आहार वितरण का शुभारंभ किया गया।

पशुपालकों को मिलेगी स्थानीय स्तर पर सुविधा

अब क्षेत्र के पंजीकृत किसानों एवं पशुपालकों को पशुओं के लिए गुणवत्तापूर्ण आहार प्राप्त करने हेतु अन्य स्थानों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। सहकारी संस्था के माध्यम से पशु आहार उपलब्ध होने से समय एवं परिवहन की बचत होगी तथा दुग्ध उत्पादन से जुड़े पशुपालकों को भी लाभ मिलने की उम्मीद है।

नई व्यवस्था के प्रारंभ होते ही क्षेत्र के किसानों एवं पशुपालकों में हर्ष

इस नई व्यवस्था के प्रारंभ होते ही क्षेत्र के किसानों एवं पशुपालकों में हर्ष का वातावरण दिखाई दिया। सहकारिता की भावना को धरातल पर उतारने वाली यह पहल ग्रामीण क्षेत्र में पशुपालन एवं दुग्ध व्यवसाय को प्रोत्साहन देने के साथ-साथ सहकारी संस्थाओं की उपयोगिता को भी नई पहचान प्रदान करेगी।

झकनावदा सहकारी संस्था की यह उपलब्धि क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। निश्चित रूप से सहकार से समृद्धि का यह प्रयास आने वाले समय में किसानों की आर्थिक उन्नति और ग्रामीण विकास की दिशा में एक सार्थक कदम सिद्ध हो सकता है।

बड़वाह में 20 नवंबर को होगा सुन्नी इज्तेमाई शादी सम्मेलन, 25 जोड़ों का होगा नि:शुल्क सामूहिक निकाह

मुख्यमंत्री सामूहिक निकाह योजना के तहत नगर पालिका परिषद एवं आयोजकों के संयुक्त तत्वावधान में होगा आयोजन, 44 संस्थाएं करेंगी सहयोग, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय सहित अनेक जनप्रतिनिधि और गणमान्यजन होंगे शामिल

रहीम शेरानी झाबुआ



बड़वाह नगर में सामाजिक समरसता, भाईचारे और सेवा की भावना को साकार करते हुए 20 नवंबर शुक्रवार को मुख्यमंत्री सामूहिक निकाह योजना के अंतर्गत सुन्नी इज्तेमाई शादी सम्मेलन का भव्य आयोजन किया जाएगा। नगर पालिका परिषद बड़वाह एवं आयोजन समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस सम्मेलन में 25 जोड़ों का पूर्णत:नि:शुल्क सामूहिक निकाह संपन्न कराया जाएगा। आयोजन को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। खास बात यह है कि इस पुनीत आयोजन में नगर की 44 सामाजिक एवं विभिन्न संस्थाओं का सहयोग रहेगा। सम्मेलन में विभिन्न धर्मों के संतों, उलमा, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों और गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रहेगी।आयोजन शुक्रवार सुबह 10 बजे वार्ड क्रमांक 17, मौलाना आजाद मार्ग स्थित नगर सेठ के खेत में होगा। आयोजकों के अनुसार सम्मेलन का उद्देश्य जरूरतमंद परिवारों को विवाह के आर्थिक बोझ से राहत देना तथा सामूहिक विवाह के माध्यम से सामाजिक एकता और भाईचारे का संदेश देना है।

मंत्री कैलाश विजयवर्गीय सहित अनेक जनप्रतिनिधि होंगे शामिल

आयोजक मजहर सैयद मकसूद अली ने बताया कि सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव शामिल होंगे।कार्यक्रम की अध्यक्षता नपा अध्यक्ष राकेश गुप्ता करेंगे। विशेष अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री एवं कसरावद विधायक सचिन यादव विधायक सचिन बिरला नपा उपाध्यक्ष राजेश जायसवाल, पूर्व प्रदेश कांग्रेस सचिव अशोक जैन जितेंद्र सुराना हाजी यूनुस खान, भाजपा मंडल अध्यक्ष अंकित गुप्ता, शहर कांग्रेस अध्यक्ष रवि जैन एवं नपा सनावद अध्यक्ष प्रतिनिधि इंदर बिरला रमींद्रसिंह भाटिया महिम ठाकुर डोगर सिंह खंडाला सोहन शाह अनिल राय उपस्थित रहेंगे।

मजहर सैय्यद, मकसूद अली सहित ये रहेंगे आयोजक

सुन्नी इज्तेमाई शादी सम्मेलन के आयोजक मजहर सैय्यद, मकसूद अली, पार्षद साबिर खान एवं इरफान शेख हैं। आयोजकों ने नगर के सभी समाजजनों, सामाजिक-धार्मिक संगठनों और गणमान्य नागरिकों से सम्मेलन में शामिल होकर 25 जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान करने तथा इस सामाजिक एवं पुनीत कार्य में सहभागी बनने की अपील की है

उलमा-ए-वकार और सूफी संतों की रहेगी विशेष मौजूदगी

धार्मिक गरिमा के साथ आयोजित होने वाले सम्मेलन में शहर काजी बड़वाह मोहम्मद रेहान रजा नईमी सहित हाफिज गुलाम नबी साहब, ए.डी. कलंदर चिश्ती, हाफिज साहब, आबीर हाफिज साहब एवं शाहरुख हाफिज साहब की मौजूदगी रहेगी।वहीं सूफी संतों में सनावद के हाजी कालू बाबा, महेश्वर के हबीब बाबा, मोटू बाबा एवं महेश बाबा, खजराना के इदरिश बाबा एवं मोटू बाबा मलंगा, गौतमपुरा के रफीक बाबा तथा बड़वाह के चंद्रमौली जी (दुलारी आश्रम) सहित नगर के सभी धर्मों के सूफी संतों की उपस्थिति रहेगी।

बापा जी हॉस्पिटल पर लगा ताला इलाज के दौरान मरीज की मौत

पीड़ित परिवार के साथ खड़े हुए आप जिला अध्यक्ष कमलेश सिंगाड

रहीम शेरानी झाबुआ



झाबुआ जिले के रम्भापुर में स्थित बापा जी हॉस्पिटल में इलाज के दौरान मरीज की मौत के बाद हंगामा मच गया।

मरीज की मौत की खबर मिलते ही गुस्साए ग्रामीणों ने हॉस्पिटल के बाहर चक्का जाम लगा दिया और हॉस्पिटल को सील करने की मांग पर अड़ गए।

ग्रामीणों का आरोप है कि इलाज में लापरवाही के कारण मरीज की जान गई है।

देखते ही देखते धरना स्थल पर बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए और बापा जी हॉस्पिटल बंद करो के नारे गूंजने लगे मामला बिगड़ता देख प्रशासन हरकत में आया।

धरना स्थल पर मेघनगर एसडीएम और टी आई और स्वास्थ्य अधिकारी पहुंचे और ग्रामीणों से बातचीत की।

घंटों चली समझाइईश के बाद प्रशासन ने बड़ा फैसला लिया फिलहाल हॉस्पिटल में भर्ती सभी मरीजों को रेफर कर हॉस्पिटल में ताला लगा दिया गया है।

जांच दल बनाकर जांच करने तक हॉस्पिटल बंद रहेगा। आगे की कार्रवाई जांच रिपोर्ट के बाद होगी

पीड़ित परिवारों के साथ खड़े हुए कमलेश सिंगाड

सूचना मिलते ही आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष कमलेश सिंगाड तुरंत रम्भापुर हॉस्पिटल पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवारों से मुलाकात की, उन्हें ढांढस बंधाया और उनकी हर संभव मदद का भरोसा दिलाया कमलेश सिंगाड ने मौके पर ही प्रशासन से मांग की कि इस मामले की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच होनी चाहिए। अगर इलाज में लापरवाही हुई है तो दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो और पीड़ित परिवार को न्याय मिले।ग्रामीणों का कहना है कि ये पहली घटना नहीं है, इससे पहले भी हॉस्पिटल को लेकर कई शिकायतें सामने आ चुकी हैं। अब सबकी नजर जांच दल की रिपोर्ट पर टिकी है।रम्भापुर में फिलहाल तनाव शांत है, लेकिन ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर जांच में लीपापोती हुई तो फिर से बड़ा आंदोलन होगा

सीडीओ ने खुद की 'स्व-गणना' कर पेश की मिसाल

सुनहरा संसार ब्यूरो चीफ विक्रम सिंह



मैनपुरी, में जनगणना 2027 के द्वितीय चरण के प्रथम चक्र के अंतर्गत चल रहे 'स्व-गणना' अभियान को जिले में शत-प्रतिशत सफल बनाने के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। इसी क्रम में मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) संतोष बहादुर सिंह ने खुद पहल करते हुए निर्धारित ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अपनी और अपने परिवार की स्व-गणना प्रक्रिया पूरी की।

स्व-गणना पूरी करने के बाद सीडीओ ने जनपद के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों का आह्वान किया कि वे बिना किसी देरी के तत्काल अपनी स्व-गणना पूरी करें। साथ ही प्रक्रिया पूरी होने के बाद जनरेट होने वाली स्व-गणना आईडी उपलब्ध कराना भी सुनिश्चित करें।

सरकारी तंत्र पेश करे सकारात्मक उदाहरण

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनगणना-2027 को पूरी तरह डिजिटल, पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाने के लिए स्व-गणना की बेहद सरल व्यवस्था लागू की गई है। किसी भी अभियान की सफलता के लिए जरूरी है कि सरकारी तंत्र खुद उसका नेतृत्व करे। उन्होंने कहा कि जब अधिकारी और कर्मचारी स्वयं स्व-गणना करेंगे, तो उन्हें पोर्टल की कार्यप्रणाली और तकनीकी बारीकियों का व्यावहारिक अनुभव मिलेगा। इससे वे आम नागरिकों की शंकाओं का समाधान कर उन्हें भी इस अभियान से जोड़ सकेंगे।

प्रगणकों का कार्य होगा आसान

सीडीओ ने स्पष्ट किया कि समय रहते स्व-गणना पूरी कर समाज के सामने सकारात्मक उदाहरण पेश करना प्रत्येक सरकारी कार्मिक का नैतिक और शासकीय दायित्व है। उन्होंने बताया कि इस प्रथम चक्र के दौरान जिले के जितने अधिक परिवार खुद आगे आकर अपनी गणना पूरी करेंगे, आगामी दिनों में घर-घर जाकर आंकड़े जुटाने वाले प्रगणकों का काम उतना ही आसान और त्वरित हो जाएगा। इस दौरान सूचना विज्ञान अधिकारी तरुण तोमर ने स्व-गणना की प्रक्रिया पूरी कराने में सहयोग किया।

लखीमपुर जिलाधिकारी ने किसान दिवस पर स्व-जनगणना की अपील की: प्राकृतिक खेती अपनाने और पराली जलाने पर रोक लगाने के दिए निर्देश

सुनहरा संसार ब्यूरो प्रमुख जियाउल्ला खान



लखीमपुर खीरी के विकास भवन स्थित स्वामी विवेकानंद सभागार में बुधवार, 18 नवंबर 2026 को दोपहर करीब 1:30 बजे किसान दिवस आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी जनी कुमार सिंह ने की। किसानों को स्व-जनगणना के बारे में जागरूक करने के लिए पंपलेट बांटे गए। डीएम ने किसानों से जनगणना प्रक्रिया में हिस्सा लेने और तय पोर्टल के जरिए स्व-जनगणना करने की अपील की। बैठक में जिलाधिकारी ने किसानों से खेती योग्य जमीन के कुछ हिस्से में प्राकृतिक और जैविक खेती अपनाने को कहा। उन्होंने पराली जलाने की घटनाएं रोकने और नियम तोड़ने वालों पर जुमार्ना लगाने के निर्देश दिए।

किसान दिवस में 100 से अधिक किसान, पशुपालक, मत्स्य पालक और अलग-अलग विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

छोटी खबरें

आगरा आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 की तैयारियों को लेकर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा कल होटल आईटीसी मुगल में होगी समीक्षा

सुनहरा संसार आगरा अंजना कुलकर्णी कैलाश वर्मा जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मनीष बंसल जी ने कार्यक्रम स्थल पर व्यवस्थाओं, तैयारियों का लिया





जायजा, संबंधित अधिकारियों को दिए निर्देश वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त श्री मनीष गर्ग की अध्यक्षता एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश श्री नवदीप रिणवा जी की उपस्थिति में 05 मंडलों आगरा, कानपुर, बरेली, झांसी एवं चित्रकूट मंडलों के 21 जनपदों की निर्वाचन तैयारियों की होगी समीक्षा मतदाता सूची, मतदान केंद्रों, ईवीएम वीवीपैट, निर्वाचन कार्मिकों के प्रशिक्षण, कानून-व्यवस्था एवं सुरक्षा प्रबंधन सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर होगी समीक्षा बैठक में 05 मंडलों के मंडलायुक्त, पुलिस आयुक्त, आईजी / डीआईजी, जिला निर्वाचन अधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक / पुलिस अधीक्षक रहेंगे उपस्थित

निर्वाचन संबंधी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने, मतदाता जागरूकता बढ़ाने और कानून-व्यवस्था पर रहेगा विशेष जोर समीक्षा बैठक 19 नवम्बर, 2026 (गुरुवार) को जनपद आगरा में पूर्वाह्न 11:00 बजे से होटल आईटीसी मुगल, फतेहाबाद रोड पर होगी आहूत

बैठक में 05 मण्डलों के संबंधित मंडलायुक्त, पुलिस आयुक्त, पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस उप महानिरीक्षक, जिला निर्वाचन अधिकारी तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक करेंगे प्रतिभाग संबंधित जनपदों के अधिकारियों द्वारा निर्वाचन से संबंधित तैयारियों से जुड़ी प्रगति एवं व्यवस्थाओं के संबंध में पीपीटी के माध्यम से दिया जाएगा

21 जनपद- आगरा, फिरोजाबाद, मथुरा, मैनपुरी, बांदा, चित्रकूट, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर, जालौन, बरेली, बदायूं, पीलीभीत, शाहजहांपुर, कानपुर नगर, कानपुर देहात, औरैया, इटावा, फरुर्खाबाद तथा कन्नौज।

खाट पंचायत कुम्हेड़ा में कांग्रेस को जनता का जोरदार समर्थन

राष्ट्रीय सुनहरा संसार आस मोहम्मद ब्यूरो चीफ मुरादनगर। विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कुम्हेड़ा में आज भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा खाट पंचायत कार्यक्रम आयोजित किया गया। गांव की परंपरागत खाटों पर बैठकर जनता से सीधा संवाद किया गया। इस कार्यक्रम में सैकड़ों ग्रामीण,युवा और कांग्रेस कार्यकताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में लोगों ने महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की समस्याओं, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा स्थानीय विकास से जुड़े मुद्दों पर अपनी बात रखी। ग्रामीणों ने वर्तमान सरकार की नीतियों से असंतोष व्यक्त किया और कांग्रेस के प्रति गहरा भरोसा दर्शाया।

कार्यक्रम का नेतृत्व

खाट पंचायत का आयोजन मुरादनगर प्रभारी आचार्य विकास कुमार त्यागी, जिला अध्यक्ष खेल प्रकोष्ठ कांग्रेस रूबी चौधरी तथा मुरादनगर विधानसभा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष नईम त्यागी के नेतृत्व में हुआ। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके समाधान के लिए कांग्रेस के संघर्ष का संकल्प दोहराया।



पदाधिकारियों ने कहा कि कांग्रेस हर गांव, हर मोहल्ले और हर परिवार से जुड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। खाट पंचायत के माध्यम से पार्टी जनता की आवाज बनकर उभरेगी और आम लोगों के हितों की रक्षा करेगी। युवाओं का जोश कार्यक्रम में टीटू त्यागी, नकुल त्यागी, सुभाष त्यागी,अफजल खान, शिव कुमार त्यागी, फौजी भाई तथा शेखू मलिक सहित अनेक युवा साथियों ने मिलकर खाट पंचायत को सफल बनाया। उनके उत्साह, मेहनत और जनसंपर्क ने कार्यक्रम को एक भव्य जन- अभियान का रूप दे दिया। युवाओं ने आगामी चुनावों में कांग्रेस को बड़ी जीत दिलाने और क्षेत्र के समग्र विकास के लिए संघर्ष करने का दृढ़ संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं को प्राथमिकता देना ही कांग्रेस की सबसे बड़ी प्रतिबद्धता है। जनता का भरोसा कांग्रेस पर खाट पंचायत के दौरान ग्रामीणों ने कहा कि वर्तमान सरकार से आम जनता निराश है और अब परिवर्तन की मांग तेजी से बढ़ रही है। लोगों ने कांग्रेस को अपनी आवाज और अपनी पार्टी बताया।

कुम्हेड़ा में जनता के उत्साह और समर्थन से स्पष्ट है कि मुरादनगर क्षेत्र में कांग्रेस की मांग तेजी से बढ़ रही है। इस कार्यक्रम में शामिल सभी पदाधिकारियों, कार्यकताओं और युवाओं ने कांग्रेस के विकास, समानता, रोजगार और जनहित के एजेंडे को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

समाजवादी पार्टी में शामिल हुए भाजपा एवं आजाद समाज पार्टी के सैकड़ों नेता और कार्यकर्ता

राष्ट्रीय सुनहरा संसार आस मोहम्मद ब्यूरो चीफ गाजियाबाद।समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की नीतियों, विचारधारा एवं ढऊश के सामाजिक न्याय के संकल्प में आस्था जताते हुए आज जनपद गाजियाबाद स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर भाजपा, आजाद समाज पार्टी एवं अन्य दलों के सैकड़ों नेताओं और कार्यकताओं ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। यह सदस्यता कार्यक्रम जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन एडवोकेट एवं महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव एडवोकेट के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस अवसर पर भाजपा से विजयपाल यादव, महानगर महामंत्री किसान मोर्चा गाजियाबाद, निवासी वार्ड नंबर 42, शाहपुर बम्हैटा तथा आजाद समाज पार्टी से सर्ताज अली खान, मोदीनगर विधानसभा अध्यक्ष सहित विभिन्न दलों के अनेक नेता एवं कार्यकर्ता समाजवादी पार्टी में शामिल हुए। जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन एडवोकेट ने सभी नवागत साथियों का स्वागत करते हुए कहा कि अखिलेश यादव की नीतियों और विचारधारा से प्रभावित होकर लगातार विभिन्न दलों के लोग समाजवादी पार्टी से जुड़ रहे हैं। वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी संगठन को मजबूत करने का काम तेजी से किया जा रहा है। हमारा उद्देश्य प्रदेश में सामाजिक न्याय, PDA की भागीदारी और विकास के मुद्दों को मजबूती से उठाना है। महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव एडवोकेट ने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव में अखिलेश यादव को पुनः उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने के संकल्प के साथ समाजवादी पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता पूरी मेहनत और एकजुटता से संगठन को मजबूत करने में जुटा है। उत्तर प्रदेश में विकास, रोजगार,शिक्षा, किसान,नौजवान और सामाजिक न्याय जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर पार्टी जनता के बीच अपनी बात रखेगी नए साथियों के जुड़ने से संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन एडवोकेट एवं महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव एडवोकेट ने सभी नवागत साथियों को फूल- मालाएं पहनाकर एवं पार्टी की सदस्यता दिलाकर समाजवादी पार्टी परिवार में उनका स्वागत किया। भाजपा और आजाद समाज पार्टी से समाजवादी पार्टी में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से विजयपाल यादव (महानगर महामंत्री भाजपा किसान मोर्चा गाजियाबाद) सरताज अली खान (पूर्व विधानसभा अध्यक्ष आजाद समाज पार्टी मोदीनगर) वीरपाल यादव (फौजी)अशोक यादव ,सतवीर पाल , मनोज यादव,अजय यादव , प्रदीप कुमार , संदीप कुमार ,प्रवीण इंद्र मित्तल,बुद्ध सिंह, नितिन कुमार अनिवेश,भोले , युवराज गिरी, राजकुमार आसिफ राजा चंद खान पारस शर्मा राजू शाहनवाज आफताब सलमानी शाहनवाज सलमानी अभिलाष गुप्ता आशु मास्टर पाठक बिलाल चौधरी असलम चौधरी आफताब आमिर हमारी इंतजार मास्टर नफिल चौधरी अंकुर शर्मा स्टीकर चौधरी आशु चौधरी आसिफ अनुज जाटव कपिल जाटव डॉक्टर अलीम चौधरी गौतम कुमार रवि चौधरी विनय चौधरी रजत शर्मा डॉक्टर महताब और आरिफ, इस दौरान मुख्य रूप से फैसल हुसैन एडवोकेट जिला अध्यक्ष समाजवादी पार्टी गाजियाबाद, वीरेंद्र यादव एडवोकेट महानगर अध्यक्ष, राजन कश्यप महानगर महासचिव, रविंद्र यादव महानगर अध्यक्ष मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड, इरफान अमानत चौधरी जिला अध्यक्ष मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड)दिनेश यादव (प्रमुख) विक्रम यादव(महामंत्री विधानसभा मुरादनगर) मुकेश यादव (महानगर उपाध्यक्ष), कृष्ण यादव (जिला सचिव) नसीम खान (प्रदेश सचिव), ताहिर हुसैन (प्रदेश कार्यकारणी सदस्य), रजत पोरवाल महानगर अध्यक्ष व्यापार सभा) आशु चौधरी एडवोकेट आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



अब दिल्ली के ज्वाला नगर में गिरी बिल्डिंग, घायलों से मिला आप प्रतिनिधि मंडल

भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार के चलते लगातार इमारतें गिर रहीं और लोग जान गंवा रहे- अंकुश नारंग

- अवैध निर्माण और जर्जर इमारतों पर कार्रवाई करने के लिए जिम्मेदारी अधिकारी क्या रहे हैं?- अंकुश नारंग
- दिल्ली में भाजपा के आते ही हादसों का दौर शुरू हो गया है, रोजाना किसी न किसी हादसे से दहल रही है दिल्ली - अंकुश नारंग
- ग्रैप-3 लागू होने के बावजूद दिल्ली में धड़ल्ले से बिल्डिंग निर्माण का कार्य चल रहा है- प्रवीण कुमार
- लोगों को सुरक्षा देने में फेल सीएम रेखा गुप्ता और मेयर प्रवेश वाही को इस्तीफा दे देना चाहिए- प्रीति डोंगरा



अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली

नई दिल्ली, 17 नवंबर 2026 देश की राजधानी दिल्ली में बिल्डिंग्स गिरने का सिलसिला थम नहीं रहा है। मंगलवार को फिर एक इमारत भरभरा कर गिर गई और मलबे में दबने से एक बच्चे समेत दो लोगों की मौत हो गई। शाहदरा के ज्वाला नगर में हुए इस दर्दनाक हादसे में घायलों से आम आदमी पार्टी के एमसीडी में सह प्रभारी प्रवीण कुमार और प्रीति डोंगरा ने अस्पताल जाकर मुलाकात की। एमसीडी में नेता प्रतिपक्ष अंकुश नारंग ने लगातार गिर रही बिल्डिंग्स के लिए भाजपा सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार को जिम्मेदार बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार और भाजपा शासित एमसीडी के भ्रष्टाचार के कारण लगातार दिल्लीवासियों की जान जा रही है।

अंकुश नारंग ने कहा कि दिल्ली शाहदरा नॉर्थ जोन के ज्वाला नगर में आज सुबह इमारत ढहने से दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जिनमें महज 3 साल की मासूम बच्ची भी शामिल है अभी 4 लोग और घायल बताए जा रहे हैं। आखिर दिल्ली में भाजपा शासित एमसीडी की लापरवाही और भ्रष्टाचार का यह सिलसिला कब रुकेगा? कब तक दिल्लीवासियों की जिंदगी से खिलवाड़ होता रहेगा। सवाल यह है कि अवैध निर्माण और जर्जर इमारतों पर कार्रवाई करने की जिम्मेदारी जिन अधिकारियों की है वे आखिर कर क्या रहे हैं। आम आदमी पार्टी की मांग है कि इस दर्दनाक हादसे की उच्चस्तरीय जांच हो, जिम्मेदार अधिकारियों और भवन मालिक की जवाबदेही तय हो और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

उधर, अस्पताल में घायलों से मुलाकात करने के बाद सह-प्रभारी प्रवीण कुमार ने कहा कि ज्वाला नगर में बिल्डिंग गिरी है। इसमें एक बच्चे समेत दो लोगों की मौत हो गई है और कई लोग घायल हैं। इसमें कुछ की हालत गंभीर है। पिछले एक साल में 30 से 35 इमारतें गिर चुकी है, लेकिन भाजपा की रेखा गुप्ता सरकार के कान पर जूं नहीं रेंग रही है। सीएम रेखा गुप्ता आंखों पर पटटी बांध कर गांधारी बन कर घूम रही हैं। उन्हें कुछ नहीं दिखाई दे रहा है। उनकों का सब कुछ अच्छा लग रहा है। उनको दिल्ली का प्रदूषण और यमुना का प्रदूषण दिखाई नहीं देता। असल में इस सरकार में बहुत बड़ा भ्रष्टाचार का खेल हो रहा है। इसका खामियाजा दिल्ली की जनता को भुगतना पड़ रहा है।

प्रवीण कुमार ने कहा कि सत्य निकेतन, सैदुल्लाजाब, चावड़ी बाजार और सीमापुरी के हादसे से सरकार ने कोई सबक नहीं लिया। अब शाहदरा के ज्वाला नगर में बिल्डिंग गिर गई। हमें नहीं लगता कि इस हादसे भी रेखा गुप्ता सरकार कोई सबक लेगी। मेयर प्रवेश वाही धृतराष्ट्र बने बैठे हैं। उन्हें कुछ भी पता नहीं है कि एमसीडी के अंदर क्या चल रहा है। इन्हें एमसीडी को भेज कर सिर्फ उगाही करना आता है। दिल्ली में कौन सी बिल्डिंग खतरनाक कटेगरी में घोषित करनी चाहिए इनको नहीं पता है।

प्रवीण कुमार ने कहा कि दिल्ली में ग्रैप-3 लगने के बावजूद अंधाधुंध निर्माण कार्य चल रहा है। चावड़ी बाजार में बिल्डिंग गिरी तब भी ग्रैप-3 लगा था। सोमवार को भी एक बिल्डिंग गिरी थी। भाजपा दिल्ली का सिर्फ मजाक बना रही है। भाजपा सरकार में दिल्ली की व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। भाजपा से दिल्ली संभल नहीं रही है। भाजपा पूरी तरह फेल हो चुकी है और दिल्ली की जनता भी भाजपा सरकार से पूरी तरह निराश हो चुकी है। अब सीएम रेखा गुप्ता को अपना पद छोड़ देना चाहिए और भाजपा को किसी काबिल व्यक्ति को मुख्यमंत्री बनाना चाहिए।

प्रवीण कुमार ने कहा कि दिल्ली में बिल्डिंग गिरने से एक साल के अंदर 80 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ और किसी दूसरे राज्य में भी एक साल में इतनी संख्या में बिल्डिंग नहीं गिरने से लोगों की मौत नहीं हुई होगी। भाजपा की निकम्मी सरकार के लोग सिर्फ पैसा कमाने में लगे हैं। भाजपा को पता है कि अब दिल्ली में उनकी सरकार आने वाली नहीं है। इसलिए अधिक से अधिक बिल्डिंग बनवाकर पैसे की उगाही कर रहे हैं। कच्चे लैंटर के उपर ही दूसरा लैंटर डाल दिया जा रहा है। एमसीडी के सारे बॉयलॉक को ताक पर रखकर बिल्डिंग निर्माण का कार्य किया जा रहा है। एमसीडी के बिल्डिंग विभाग में करीब 15 हजार करोड़ रुपए का घोटाला है। पिछले 20 साल से एमसीडी की सत्ता में बैठी भाजपा बताए कि आखिर कब तक इमारतें गिरेंगी।

उधर, एमसीडी की सह प्रभारी प्रीति डोंगरा ने कहा कि 27 साल बाद दिल्ली की सत्ता में आई भाजपा अपने साथ पनौती लाई है। जब से भाजपा की सरकार बनी है, लगातार इमारतें गिर रही हैं। हर महीने बिल्डिंग गिर रही हैं। किसी महीने में एक से ज्यादा बिल्डिंग गिर रही है। भाजपा ने अपना मेयर तो बना लिया, लेकिन इनको कोई काम नहीं करना है। ज्वालापुर बिल्डिंग हादसे में 6 लोग मलबे में दबे हैं। इसमें 2 लोगों की मौत हो चुकी है। इसमें एक मासूम बच्ची है। इससे पहले सीमापुरी में बिल्डिंग गिरी थी, उसमें एक गर्भवती महिला की मौत हो गई। भाजपा सरकार नीचे से लेकर उपर तक भ्रष्टाचार में डूबी है।

पहाड़गंज के क्वीन बार फायरिंग मामले में पुलिस की बड़ी कार्रवाई, सोनिया विहार में मुठभेड़ के बाद मुख्य आरोपी सतिंदर उर्फ कांटा गिरफ्तार, दो साथी भी दबोचे; पुलिस टीम पर चलाई तीन गोलियां, एसआई रविंदर की बुलेटप्रूफ जैकेट में लगीं दो गोलियां

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली

नई दिल्ली, 18 नवंबर 2026। दिल्ली के पहाड़गंज इलाके में स्थित क्वीन बार, पंचकुइयां रोड पर हुई फायरिंग और कथित रंगदारी मांगने के मामले में सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में मुख्य आरोपी सतिंदर उर्फ कांटा (30) को उत्तर-पूर्वी दिल्ली के सोनिया विहार इलाके में पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया। मुठभेड़ के दौरान आरोपी ने पुलिस टीम पर तीन राउंड फायरिंग की, जिनमें से दो गोलियां एसआई रविंदर की बुलेटप्रूफ जैकेट पर लगीं। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई करते हुए दो राउंड फायर किए, जिनमें से एक गोली आरोपी के बाएं पैर में लगी। घायल आरोपी को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने उसके कब्जे से एक अत्याधुनिक पिस्टल, तीन खाली कारतूस और दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। इसके अलावा पुलिस ने मामले में शामिल दो अन्य आरोपियों जितेश उर्फ गोला (35) और अमित गोहर (22) को भी गिरफ्तार कर लिया है।





पुलिस के अनुसार, 17 नवंबर 2026 की रात करीब एक बजे पहाड़गंज थाने को पंचकुइयां रोड स्थित क्वीन बार में फायरिंग की सूचना मिली थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि 16 और 17 नवंबर की मध्यरात्रि करीब 11:55 बजे सतिंदर उर्फ कांटा, जितेश गोला और उनके अन्य साथी कथित रूप से रंगदारी वसूलने के इरादे से बार पहुंचे थे। वहां शिकायतकर्ता के साथ कहासुनी और विवाद होने के बाद आरोपियों ने दो राउंड फायरिंग की और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। घटना की गंभीरता को देखते हुए क्राइम टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज में एक आरोपी बार के मुख्य गेट के पास गोली चलाता दिखाई दिया। इसके आधार पर थाना पहाड़गंज में एफआईआर संख्या 0498/2026, दिनांक 17.11.2026 को बीएनएस की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। मामले को सुलझाने के लिए सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट के स्पेशल स्टाफ और थाना पहाड़गंज की संयुक्त टीम गठित की गई। इंस्पेक्टर संदीप यादव के नेतृत्व में तथा एसीपी ऑपरेशंस पदम सिंह राणा की निगरानी में पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी सर्विलांस और स्थानीय खुफिया जानकारी के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू की। लगातार जांच और सूचना तंत्र के माध्यम से पुलिस को मुख्य आरोपी सतिंदर उर्फ कांटा के सोनिया विहार स्थित एक किराए के मकान में छिपे होने की जानकारी मिली। सूचना पर स्पेशल स्टाफ की टीम ने तत्काल वहां पहुंचकर आरोपी को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन आरोपी ने पुलिसकर्मियों पर फायरिंग शुरू कर दी। इस दौरान एसआई रविंदर की बुलेटप्रूफ जैकेट पर दो गोलियां लगीं। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की, जिसमें एक गोली आरोपी के बाएं पैर में लगी। इसके बाद पुलिस ने उसे काबू कर लिया और अस्पताल में भर्ती कराया।

उधर, थाना पहाड़गंज की पुलिस टीम ने भी फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की। गुप्त सूचनाओं और स्थानीय स्तर पर जुटाई गई जानकारी के आधार पर पुलिस ने जितेश उर्फ गोला और अमित गोहर को भी गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान मुख्य आरोपी सतिंदर उर्फ कांटा ने कथित तौर पर खुलासा किया कि इलाके के बार और रेस्तरां संचालकों में डर पैदा कर बाजार में अपना दबदबा कायम करना और उनसे रंगदारी वसूलना घटना का मकसद था। पुलिस अब तीनों आरोपियों की भूमिका, उनके अन्य साथियों की संभावित संलिप्तता और पूरी साजिश की जांच कर रही है।

पुलिस के मुताबिक, मुख्य आरोपी सतिंदर उर्फ कांटा पहले से छह आपराधिक मामलों में शामिल रहा है, जिनमें हत्या, हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट से जुड़े मामले भी शामिल हैं। जितेश गोला के खिलाफ तीन तथा अमित गोहर के खिलाफ दो पूर्व आपराधिक मामले दर्ज होने की जानकारी सामने आई है। पुलिस अब बरामद पिस्टल के स्रोत का पता लगाने, घटना की पूरी कड़ी स्थापित करने और किसी बड़ी आपराधिक साजिश की संभावना की जांच में जुटी है। यह पूरी कार्रवाई डीसीपी सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट रोहित राजबीर सिंह के नेतृत्व में की गई।

गौरव भाटिया का राहुल गांधी पर तीखा हमला, बोले - विदेशी धरती पर भारत को बदनाम करने वाले शातिर व्यक्ति और भारत के 'मीर जाफर' हैं राहुल, मोदी सरकार 'अंगद का पांव' है जिसे वे हिला भी नहीं सकते

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री गौरव भाटिया ने बुधवार को नई दिल्ली स्थित पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित किया और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर कोलंबिया विश्वविद्यालय में भारत की अर्थव्यवस्था, लोकतंत्र और मीडिया को लेकर झूठे एवं भ्रामक बयान देने का आरोप लगाया।

श्री भाटिया ने कहा कि राहुल गांधी अपनी विदेशी यात्राओं के दौरान भारत को बदनाम करने के लिए अनर्गल बयान देते हैं। इसी क्रम में उन्होंने कोलंबिया यूनिवर्सिटी, अमेरिका में एक बार फिर झूठे, तथ्यहीन और बेबुनियाद वक्तव्य दिए। उनके ऐसे बयानों से पूरा देश और हर भारतीय शर्मसार है। एक तरफ प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत लोकतंत्र, अर्थव्यवस्था, युवा शक्ति और वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में नई बुलंदियां छू रहा है, दूसरी तरफ राहुल गांधी अराजकता, अपरिपक्वता और भारत के प्रति नफरत का प्रतीक बन चुके हैं। वह एक शातिर व्यक्ति हैं और भारत के मीर जाफर हैं। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि जब भी संसद का सत्र शुरू होने वाला होता है, राहुल गांधी विदेश यात्रा पर चले जाते हैं। आगामी शीतकालीन सत्र से पहले भी वह विदेश गए हैं। क्या वह अपने विदेशी आकाओं से मार्गदर्शन लेने जाते हैं? उन्होंने कहा कि राहुल गांधी आदतन अपराधी हैं, वह बार-बार विदेशी धरती पर भारत के खिलाफ अनर्गल आरोप लगाकर देश को बदनाम करते हैं। उनकी मंशा पिछले 12 वर्षों से भारत में चल रही मजबूत और स्थिर सरकार को कमजोर करने की है। राहुल गांधी के आर्थिक आपदा वाले दावे पर फैक्ट चेक करते हुए श्री भाटिया ने कहा कि अप्रैल से जून 2026 तक भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रही। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने 26 अक्टूबर को वित्त वर्ष 2027 में भारत की अर्थव्यवस्था के लिए 7 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया है। आईएमएफ के अनुमान के अनुसार भारत 7 से 7.1 प्रतिशत, चीन 4.4 प्रतिशत, अमेरिका 2.3 प्रतिशत, रूस 0.9 प्रतिशत, जापान 0.75 प्रतिशत, जर्मनी 1.32 प्रतिशत और ब्रिटेन 1.27 प्रतिशत की दर से आगे बढ़ेगा। दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में भारत सबसे तेजी से आगे बढ़ रहा है। राहुल गांधी विदेशी दौरे पर भारत को चीन से सीखने की सलाह देते हैं, जबकि आंकड़े बताते हैं कि भारत की अनुमानित विकास दर चीन से कहीं अधिक है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार के तीन प्रमुख अवगुण थे। पहला, महंगाई दर दोहरे अंकों में पहुंच गई थी। दूसरा, नीतिगत फैसले लेने में निष्क्रियता थी। तीसरा, 2जी, कोलगेट, सीडब्ल्यूजी और जीजाजी से जुड़े घोटालों की लंबी सूची थी। इसके विपरीत प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत की अर्थव्यवस्था 'फ्रजाइल 5' से निकलकर 'फैंटास्टिक 4' तक पहुंची है। युवाओं के भविष्य पर श्री भाटिया ने कहा कि देश की 65 प्रतिशत आबादी 35 वर्ष से कम आयु की है, यही हमारी सबसे बड़ी पूंजी और जनसांख्यिकीय ताकत है। भारत के युवा अपना भविष्य उज्ज्वल देखते हैं। कांग्रेस पार्टी के एक 56 वर्षीय अपरिपक्व युवा को भले ही अपना भविष्य अंधकारमय नजर आता हो, लेकिन इससे देश के युवाओं की वास्तविकता नहीं बदलती। बेरोजगारी और श्रम भागीदारी के आंकड़े प्रस्तुत करते हुए उन्होंने कहा कि भारत में बेरोजगारी दर 5 प्रतिशत से घटकर 4.9 प्रतिशत हो गई है।



जालंधर से शुरू हुई 2,500 किमी लंबी समरसता संकल्प यात्रा, भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन बोले - नशा मुक्ति और समरसता की इन दो यात्राओं से पंजाब में आप सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो जाएगी, विकसित पंजाब ही विकसित भारत का आधार बनेगा

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली

पंजाब के जालंधर से बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नितिन नवीन ने 2,500 किलोमीटर लंबी समरसता संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया। यह यात्रा सात राज्यों के 47 शहरों से गुजरते हुए संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में उनके समानता, प्रेम, मानवता और सामाजिक समरसता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाएगी।

कार्यक्रम से पहले श्री नवीन ने सचखंड बल्लां स्थित संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज के मंदिर में दर्शन किए और आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में पंजाब भाजपा प्रदेशाध्यक्ष श्री केवल सिंह ढिल्लों, श्री इकबाल सिंह लालपुरा, श्री लाल सिंह आर्या, श्री मनप्रीत सिंह बादल, श्री शिवेश कुमार राम, श्री सतीश पुनिया, श्री वीरेंद्र सचदेवा, डॉ. अल्का गुर्जर, श्री अश्विनी शर्मा, श्री सुनील जाखड़, श्री मनोरंजन कालिया, श्री एस. चरणजीत सिंह अटवाल, श्री सुशील रिंकू, श्री तरुण चुग और श्री संदीप पाठक सहित अन्य नेतागण उपस्थित रहे।



अपने संबोधन में श्री नवीन ने कहा कि पंजाब में हमने एक यात्रा नशा के खिलाफ निकाली और दूसरी यात्रा सामाजिक समरसता की चल रही है। इन दोनों यात्राओं से पंजाब में आम आदमी पार्टी सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो जाएगी। उन्होंने कहा कि मोदी जी पंजाब के लोगों के दिलों में बसते हैं और पंजाब के प्रति मोदी जी के मन में एक विशेष स्थान है।

उन्होंने कहा कि 29 जुलाई 2026 को गुरु पूजा के दिन काशी से प्रारंभ हुई समरसता दीप कलश यात्रा को देशभर के हर वर्ग का अभूतपूर्व समर्थन मिला। अब 18 नवंबर को जालंधर से काशी को जोड़ने वाली यह समरसता यात्रा प्रारंभ हो रही है। 650 वर्ष पहले गुरु रविदास जी ने समाज में व्याप्त छुआछूत और जाति-पाति जैसी कुरीतियों को समाप्त करने तथा समानता, प्रेम और मानवता की भावना जगाने का काम किया था।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में गुरु परंपरा के सम्मान का उल्लेख करते हुए श्री नवीन ने कहा कि फरवरी 2024 में वाराणसी स्थित गुरु रविदास जी की जन्मभूमि पर कांसे की 25 फीट ऊंची प्रतिमा स्थापित की गई, आदमपुर हवाई अड्डे का नाम उनके नाम पर रखा गया और संत निरंजन दास जी महाराज को पद्मश्री से सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि पीएम आवास योजना, पीएम अन्न योजना, आयुष्मान भारत, पीएम अजय योजना और पीएम दक्ष कौशल प्रशिक्षण योजना के माध्यम से हर गरीब के घर में खुशहाली पहुंचाई जा रही है। पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए श्री नवीन ने कहा कि भाजपा का संकल्प विकसित पंजाब बनाना है, जबकि आम आदमी पार्टी अपने राजनीतिक विस्तार के लिए पंजाब को एटीएम की तरह यूज कर रही है। पंजाब के मुख्यमंत्री ने पंजाब के लोगों का जीवन तो नहीं बदला, लेकिन केजरीवाल के लिए एटीएम बनकर जरूर यूज हो रहे हैं। भगवंत मान सरकार का नशामुक्ति अभियान केवल राजनीतिक दिखावा बनकर रह गया है। भाजपा की नशा मुक्ति यात्रा को मिला जनसमर्थन पंजाब को नशामुक्त बनाने के संकल्प का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि आप सरकार का युद्ध नशेयां विरुद्ध अभियान नशे के खिलाफ नहीं, बल्कि पंजाब की जवानी और रवानी के खिलाफ चल रहा है। आज पंजाब का युवा रोजगार के अभाव में पलायन करने को मजबूर है, उद्योग बंद होने के कगार पर हैं और कानून-व्यवस्था की स्थिति इतनी खराब है कि पुलिस थानों पर हमले हो रहे हैं।

कांग्रेस पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने पंजाब का शोषण किया और आपातकाल लगाकर संविधान व लोकतंत्र की हत्या की। आज वही कांग्रेस फिर पंजाब में जनता को गुमराह करने में लगी है, लेकिन उसका इतिहास जनता नहीं भूली है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए श्री नवीन ने कहा कि राहुल गांधी को भारत की अर्थव्यवस्था डिजास्टर दिखाई देती है, क्योंकि न उनकी अपनी ग्रोथ हो रही है, न उनके परिवार की और न ही उनकी पार्टी की।

गाजियाबाद में संविधान जागरूकता का बनेगा नया कीर्तिमान, 10 हजार विद्यार्थियों तक पहुंचेगा संवैधानिक ज्ञान का संदेश

राष्ट्रीय सुनहरा संसार वन्दना जोशी ब्यूरो चीफ

गाजियाबाद। में संविधान जागरूकता का बनेगा नया कीर्तिमान 10, हजार विद्यार्थियों तक पहुंचेगा संवैधानिक ज्ञान का संदेश 100 से 150 विद्यालयों की सहभागिता का लक्ष्य, 21 नवंबर को द्वितीय "संविधान का ज्ञान प्रतियोगिता-26" एक साथ आयोजित होगी 28 नवंबर को भव्य सम्मान समारोह में मेधावी विद्यार्थियों एवं सभी सहभागी विद्यालयों को

फलित ज्योतिष का बढ़ता प्रपंच,मनुष्य का भविष्य उसके पुरूषार्थ एवं कर्मों में है- अतुल सहगल

राष्ट्रीय सुनहरा संसार आस मोहम्मद ब्यूरो चीफ गाजियाबाद। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में फलित ज्योतिष का बढ़ता प्रपंच विषय पर ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन किया गया।यह कोरोना काल से 811 वाँ वेबीनार था।

वैदिक प्रवक्ता अतुल सहगल ने बताया कि प्राचीन वैदिक ज्योतिष का वास्तविक उद्देश्य खगोल विज्ञान,काल- गणना एवं पंचांग निर्माण था, लेकिन समय के साथ इसमें फलित ज्योतिष के नाम पर अंधविश्वास और भ्रामक मान्यताएँ जुड़ गईं।उन्होंने कालसर्प दोष, मांगलिक दोष और साढ़ेसाती जैसी धारणाओं के माध्यम से लोगों में भय उत्पन्न कर महंगे रत्न,ताबीज एवं कर्मकांड बेचने की प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त की।उनके अनुसार, ग्रह-नक्षत्र मनुष्य के भाग्य को नियंत्रित नहीं करते।



वैदिक दर्शन कर्मवाद, पुरुषार्थ और आत्म निर्भरता में विश्वास रखता है।श्री सहगल ने युवाओं एवं समाज से महर्षि दयानंद सरस्वती के विचारों को अपनाने, वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने तथा अंधविश्वास से दूर रहने का आह्वान किया।वेबिनार का मुख्य संदेश मनुष्य का भविष्य उसके कर्मों और पुरुषार्थ से निर्धारित होता है,न कि ग्रहों एवं नक्षत्रों की कथित दशाओं से।सत्य को अपनाएँ और असत्य एवं अंधविश्वास का त्याग करें। मुख्य अतिथि ओम प्रकाश यजुवेर्दी एवं अध्यक्ष प्रवीण आर्य ने अपने विचार व्यक्त किए राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कुशल संचालन किया।गायिका कौशल्या अरोड़ा जनक अरोड़ा संतोष धर सुधीर बंसल आदि के मधुर भजन हुए।

श्री लखदातार श्याम सेवा मंडल लोनी की 54वीं बस यात्रा संपन्न, भक्तों ने बांके बिहारी कोसीकला शनि मंदिर बरसाना राधा रानी के किए दर्शन

राष्ट्रीय सुनहरा संसार आस मोहम्मद ब्यूरो चीफ लोनी। श्री लखदातार श्याम सेवा मंडल, लोनी द्वारा 49 वीं बस यात्रा का सफल आयोजन किया गया। इस यात्रा में बड़ी संख्या में श्याम भक्तों ने बांके



बिहारी कोसीकला शनि मंदिर बरसाना राधा रानी पहुंचकर दर्शन-पूजन कर बांके बिहारी का आशीर्वाद प्राप्त किया। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला और जय श्री राधे के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।भजन-कीर्तन और सेवा भाव से गूंजा यात्रा का माहौल, बिल्लू प्रजापति ने की भोजन व्यवस्था यात्रा में श्रद्धालुओं के लिए धर्मशाला में भोजन की विशेष व्यवस्था समाजसेवी बिल्लू प्रजापति द्वारा कराई गई। वहीं गायक भोला पंडित प्रताप कश्यप एवं ने भजन-कीर्तन प्रस्तुत कर भक्तों को भाव- विभोर कर दिया। जय श्री श्याम के भजनों पर श्रद्धालु देर तक झूमते रहे। यात्रा के दौरान बस में आए श्रद्धालुओं के लिए कूपन योजना भी आयोजित की गई।जिन भक्तों के कूपन निकले, उन्हें श्याम बाबा की तस्वीर भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सभी भक्तों ने बांके बिहारी के जयकारे लगाए और सुख-समृद्धि की कामना की। इस यात्रा में बिल्लू प्रजापति, प्रताप कश्यप गायक पत्रकार अनूप शर्मा,रामगोपाल गुप्ता आकाश वर्मा प्रताप कश्यप सोनू मौर्य आकाश मौर्य गुड्डू मौर्य कृष्णपाल मौर्य गोविंद मौर्य जोगिंदर पप्पू हलवाई कुलदीप हलवाई बस ड्राइवर यस,अनेक श्रद्धालु शामिल रहे। सभी भक्तों ने बांके बिहारी राधा रानी के दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त किया।

खाटू श्यामजी मेले को लेकर रींगस रेलवे स्टेशन पर व्यापक प्रबंध,13 स्पेशल ट्रेनों के 39 ट्रिप होंगे,संचालित, यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली जयपुर,18 नवंबर;खाटूश्यामजी में आयोजित होने वाले देवउठनी एकादशी मेले के दौरान श्रद्धालुओं एवं यात्रियों की सुविधाओं के लिए उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा रींगस रेलवे स्टेशन पर विशेष तैयारियां की गई हैं। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री अमित सुदर्शन के अनुसार मेले के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए रेलवे द्वारा रींगस से रेवाड़ी, जयपुर, फुलेरा



एवं दिल्ली की ओर 13 स्पेशल ट्रेनों के 39 ट्रिप का संचालन किया जाएगा। इन ट्रेनों के संचालन से खाटूश्यामजी आने वाले श्रद्धालुओं को आवागमन में सुविधा मिलेगी।

यात्रियों को टिकट प्राप्त करने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो, इसके लिए रींगस स्टेशन पर 03 अतिरिक्त टिकट काउंटर स्थापित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त स्टेशन पर 08 ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन भी उपलब्ध कराई गई हैं। टिकट काउंटरों पर अधिक भीड़ होने की स्थिति में अतिरिक्त मोबाइल यूटीएस टिकट मशीनों के माध्यम से भी टिकट उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है।

मेले के दौरान यात्रियों की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए अतिरिक्त वाणिज्यिक विभाग के कर्मचारियों तथा रेलवे सुरक्षा बल के जवानों की तैनाती की गई है। स्टेशन परिसर एवं यात्रियों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए पूरे मेला अवधि के दौरान सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से लगातार निगरानी की जाएगी। इसके लिए वार रूम तथा मुख्यालय स्तर पर यात्री सुविधाओं की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है, ताकि किसी भी स्थिति में त्वरित कार्रवाई की जा रही है।

रेलवे द्वारा मेले के दौरान रींगस स्टेशन पर श्रद्धालुओं को सुरक्षित एवं सुगम यात्रा उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है। रेलवे द्वारा श्रद्धालुओं से अपील की जाती है कि वे यात्रा के दौरान रेलवे प्रशासन का सहयोग करें तथा स्टेशन पर उपलब्ध सुविधाओं एवं सुरक्षा संबंधी निदेर्शों का पालन करें।

लघु उद्योग भारती, मोदीनगर इकाई के कोषाध्यक्ष यशवीर यादव का मामला पहुँचा मेरठ मंडल आयुक्त के समक्ष

राष्ट्रीय सुनहरा संसार वन्दना जोशी ब्यूरो चीफ



मोदीनगर। लघु उद्योग भारती, मोदीनगर इकाई द्वारा आज राम मनोहर लोहिया कॉलेज, मोदीनगर में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उमेश सिंह, अपर आयुक्त (उद्योग), मेरठ/सहारनपुर मंडल का स्वागत किया गया। इस अवसर पर संगठन के प्रदेश, मंडल, जिला एवं विभिन्न स्थानीय इकाइयों के पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में क्षेत्र के उद्योगों की विभिन्न समस्याओं एवं प्रशासनिक विषयों पर चर्चा की गई। बैठक का प्रमुख विषय लघु उद्योग भारती, मोदीनगर इकाई के कोषाध्यक्ष यशवीर यादव एवं उनके पुत्र वैभव यादव के विरुद्ध दर्ज मामला रहा। पदाधिकारियों ने बताया कि दीपावली के अवसर पर पटाखे चलाने को लेकर हुए पड़ोसी विवाद के बाद यशवीर यादव एवं उनके पुत्र के विरुद्ध एससी/एसटी एक्ट तथा भारतीय न्याय संहिता की कई अन्य संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है। यशवीर यादव एवं उनके परिवार ने आरोपों को निराधार बताते हुए आशंका व्यक्त की है कि उन्हें एक सुनियोजित साजिश के तहत फँसाया जा रहा है। लघु उद्योग भारती के पदाधिकारियों ने मेरठ मंडल प्रशासन के समक्ष मामले की निष्पक्ष एवं साक्ष्य- आधारित जाँच कराने तथा आरोप निराधार पाए जाने पर मुकदमे को विधिसम्मत प्रक्रिया के अनुसार निरस्त कराने की माँग रखी। बैठक में उद्योगों से संबंधित अन्य समस्याओं के समाधान तथा प्रशासन और उद्यमियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर भी जोर दिया गया। बैठक में प्रमुख पदाधिकारियों की उपस्थिति बैठक में प्रदेश सचिव राजकुमार शर्मा, संभाग कार्यकारिणी सदस्य अमित अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष अमरीश गोयल, मंडल सचिव पंकज जैन, जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता अपनी टीम सहित, मोहन नगर इकाई के अध्यक्ष मनोज भाटिया अपनी टीम सहित, दुहाई इकाई के अध्यक्ष सुनील त्यागी अपनी टीम सहित, मुरादनगर इकाई के अध्यक्ष राजकुमार गर्ग अपनी टीम सहित, सिखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र इकाई के अध्यक्ष हरिकिशन अग्रवाल अपनी टीम सहित, मोदीनगर इकाई के अध्यक्ष सत्येन्द्र कुमार गौतम एवं महामंत्री प्रवीण चौधरी उपस्थित रहे। लघु उद्योग भारती ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रशासन इस प्रकरण की निष्पक्ष जाँच सुनिश्चित करेगा तथा किसी भी निर्दोष व्यक्ति के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। जारीकर्ता सत्येन्द्र कुमार गौतम

अध्यक्ष,लघु उद्योग भारती,मोदीनगर इकाई प्रवीण चौधरी

महामंत्री,लघु उद्योग भारती,मोदीनगर इकाई जिला गाजियाबाद,उत्तर प्रदेश आदि मौजूद रहे।

बिराज फाउंडेशन का मानवता को समर्पित अभियान: दीनदयाल पुरी, नंदग्राम में सैकड़ों जरूरतमंदों को मिले वस्त्र एवं आवश्यक वस्तुएं

राष्ट्रीय सुनहरा संसार वन्दना जोशी ब्यूरो चीफ



गाजियाबाद। सर्दी की दस्तक के साथ ही बिराज फाउंडेशन की टीम ने एक बार फिर मानवता की मिसाल पेश की। फाउंडेशन द्वारा बुधवार को दीनदयाल पुरी, नंदग्राम, गाजियाबाद में विशाल वस्त्र एवं आवश्यक वस्तु वितरण अभियान का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों जरूरतमंद परिवारों, बच्चों, महिलाओं एवं बुजुर्गों ने लाभ उठाया। अभियान के दौरान फाउंडेशन की टीम ने जरूरतमंदों को गर्म कपड़े, साड़ी, शर्ट, पैंट, बच्चों के कपड़े, शॉल, कंबल सहित दैनिक जीवन में काम आने वाली आवश्यक वस्तुएं वितरित कीं। वितरण के दौरान लोगों में विशेष उत्साह देखा गया। बच्चे नए कपड़े पाकर खुश नजर आए, वहीं बुजुर्गों के चेहरे पर भी संतोष झलक रहा था। कार्यक्रम की शुरूआत से ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग एकत्रित हो गए थे। फाउंडेशन के कार्यकताओं ने पूरी व्यवस्था एवं अनुशासन के साथ एक-एक परिवार तक सामग्री पहुंचाई, ताकि कोई भी जरूरतमंद खाली हाथ न लौटे। इस अवसर पर बिराज फाउंडेशन के संस्थापक डॉ.बिराज कुमार सिंह ने कहा, हमारा मानना है कि सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। आज किसी के पास कपड़े अधिक हैं, तो किसी के पास तन ढकने को भी नहीं। हमारा छोटा सा प्रयास है कि इस सर्दी में कोई भी व्यक्ति ठंड से परेशान न हो। जब किसी बच्चे के चेहरे पर मुस्कान आती है, तो लगता है हमारी मेहनत सफल हो गई।उन्होंने आगे कहा कि बिराज फाउंडेशन का उद्देश्य केवल एक दिन की मदद करना नहीं है, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुंचाना है। फाउंडेशन की ओर से आने वाले दिनों में भी स्वास्थ्य जांच शिविर, कंबल वितरण, शिक्षा सहायता एवं अन्य सामाजिक सेवा कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने समाज के सभी सक्षम लोगों से भी अपील की कि वे आगे आकर ऐसे सेवा कार्यों में सहयोग करें,क्योंकि आपका दिया हुआ एक पुराना कपड़ा भी किसी के लिए नई उम्मीद बन सकता है। कार्यक्रम के दौरान फाउंडेशन की पूरी टीम, स्थानीय कार्यकर्ता एवं समाजसेवी मौजूद रहे। सभी ने मिलकर वितरण कार्य को सफल बनाया। स्थानीय निवासियों ने बिराज फाउंडेशन की इस पहल की दिल से सराहना की और कहा कि ऐसे अभियान समाज में आपसी भाईचारा और इंसानियत को मजबूत करते हैं। अंत में फाउंडेशन की टीम ने सभी सहयोगियों, दानदाताओं एवं स्थानीय लोगों का आभार व्यक्त किया, जिनके सहयोग से यह अभियान सफल हो सका।

आरकेजीआईटी में 19 एवं 20 नवंबर को आयोजित किया जा रहा है डॉ. अब्दुल कलाम जोनल स्पोर्ट्स फेस्ट 2026-27

राष्ट्रीय सुनहरा संसार वन्दना जोशी ब्यूरो चीफ



गाजियाबाद। राज कुमार गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (RKGIT) गाजियाबाद में 19 एवं 20 नवंबर 2026 को डॉ. अब्दुल कलाम स्पोर्ट्स फेस्ट 2026 -27 (गाजियाबाद जोन) का आयोजन किया जा रहा है। RKGIT की खेल सुविधाओं एवं उत्कृष्ट व्यवस्थाओं को देखते हुए डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्व विद्यालय (AKTU) ने RKGIT पर भरोसा जताते हुए लगातार दूसरी बार इस आयोजन की मेजबानी का अवसर प्रदान किया है। प्रतियोगिताओं के संचालन एवं मूल्यांकन के लिए सभी खेल अधिकारी अन्य संस्थानों से आएंगे।

खेल महोत्सव के अंतर्गत टेबल टेनिस, बैडमिंटन, शतरंज, खो-खो, कबड्डी, वॉलीबॉल,बास्केटबॉल एवं एथलेटिक्स सहित विभिन्न खेल विधाओं की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इन प्रतियोगिताओं में प्रतिभागी विद्यार्थी अपनी खेल प्रतिभा, कौशल, अनुशासन एवं टीम भावना का प्रदर्शन करेंगे। इस संबंध में एच.जी. गर्ग, डीन स्टूडेंट वेलफेयर ने आयोजन की रूपरेखा एवं विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं की जानकारी साझा करते हुए बताया कि इस दो दिवसीय खेल महोत्सव में लगभग 20 महाविद्यालयों के 1,200 से अधिक विद्यार्थी प्रतिभाग करेंगे 19 नवंबर को आयोजित उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में के.एस. सूद, पूर्व डीआईजी, सीमा सुरक्षा बल (BSF) उपस्थित रहेंगे। सूद को कश्मीर में आतंकवाद विरोधी अभियानों में वीरता के लिए राष्ट्रपति द्वारा गैलेंट्री मेडल से सम्मानित किया गया है। 77 वर्ष की आयु में उन्होंने अपनी दो बेटियों एवं पोती के साथ माउंट एवरेस्ट बेस कैंप तक ट्रेकिंग कर विश्व रिकॉर्ड बनाया तथा वर्ष 2025 में अन्नपूर्णा बेस कैंप तक ट्रेकिंग कर दूसरा विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया 20 नवंबर को आयोजित समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुश्री ए. अनीता चानू, डिप्टी कमांडेंट, उफ्हऋएवं अर्जुन पुरस्कार विजेता तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में सुश्री गीता रानी, इंस्पेक्टर, उफ्हऋ एवं अर्जुन पुरस्कार विजेता उपस्थित रहेंगी। इसके अतिरिक्त एस.एस. घोष, जोनल स्पोर्ट्स ऑब्जर्वर भी उपस्थित रहेंगे। सुश्री ए. अनीता चानू ने कॉमनवेल्थ जूडो चैंपियनशिप तथा SAF Games में स्वर्ण पदक जीतकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का गौरव बढ़ाया है। वहीं, सुश्री गीता रानी ने वर्ष 2006 के मेलबर्न कॉमनवेल्थ गेम्स में भारोत्तोलन में स्वर्ण पदक हासिल किया। उन्हें महाराजा रणजीत सिंह पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है। समापन समारोह में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।संस्थान का उद्देश्य खेलों के माध्यम से विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास एवं टीम भावना विकसित करना है। यह आयोजन युवाओं को स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करेगा।

आगरा सीडीओ श्री अमित कुमार जी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में किसान दिवस का हुआ आयोजन, किसानों की 10 शिकायतें प्राप्त, समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश

सुनहरा संसार आगरा अंजना कुलकर्णी कैलाश वर्मा



आगरा। दिनांक 18.11.2026 को मुख्य विकास अधिकारी, महोदय आगरा की अध्यक्षता में विकास भवन, संजय प्लेस आगरा के सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद आगरा के किसानों की समस्याओं का जिलास्तरीय अधिकारियों द्वारा समाधान किया गया।

जिसमें सहकारिता विभाग से सम्बन्धित 01, सिंचाई विभाग से सम्बन्धित 04, विद्युत विभाग से सम्बन्धित 01, उद्यान विभाग से सम्बन्धित 01, उप कृषि निदेशक से सम्बन्धित 01, जिला खाद्य विपणन से सम्बन्धित 02, कुल 10 शिकायतें प्राप्त हुई।

उप कृषि निदेशक, आगरा ने कृषि विभाग में संचालित सभी योजनाओं जैसे - सरसों बीज मिनीकिट वितरण, गेहूँ के बीज पर 50 प्रतिशत अनुदान, कृषि यंत्रीकरण योजना के अन्तर्गत कृषि यंत्रों पर अनुदान के सम्बन्ध में किसान दिवस में उपस्थित कृषकों को अवगत कराया गया, साथ ही स्वः गणना हेतु प्रेरित किया गया।

खाद्य एवं विपणन अधिकारी, आगरा ने अवगत कराया कि फार्मर रजिस्ट्री / एग्रीस्टैक पोर्टल पर पंजीकृत कराके किसान सरकारी खरीद पर बाजरा बेच सकते हैं। उद्यान विभाग के द्वारा अवगत कराया गया कि प्रदेश सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 में आलू उत्पादक किसानों के लिए शीतगृहों में भण्डारित आलू के भण्डारण शुल्क पर अनुदान दिया जायेगा। सिंचाई विभाग के अधिकारियों द्वारा नहरों की सफाई के बारे में कृषकों को अवगत कराया गया।

मुख्य विकास अधिकारी, महोदय आगरा ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि समय पर तथा गुणवत्तापूर्ण शिकायतों का निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

किसान बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, महोदय, आगरा, उप कृषि निदेशक, आगरा, जिला कृषि अधिकारी, आगरा, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, आगरा, जिला उद्यान अधिकारी, आगरा, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक, आगरा (प्रतिनिधि), अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण विद्युत, आगरा, अधिशासी अभियन्ता नलकूप खण्ड, आगरा, अधिशासी अभियन्ता सिंचाई नहर, आगरा, सहायक निदेशक, मत्स्य आगरा, सहायक अभियन्ता (लघु सिंचाई) आगरा, जिला खाद्य विपणन अधिकारी, आगरा, प्रबन्धक जिला अग्रणी बैंक आगरा (प्रतिनिधि), फसल बीमा कम्पनी, आगरा, आदि जिलास्तरीय अधिकारियायों के साथ ही किसान श्री प्रमोद चाहर, श्री मोहन सिंह चाहर, एवं श्याम सिंह चाहर, श्री सोमवीर यादव, आदि लगभग 100 किसान भी सभागार में उपस्थित रहे।

मतदाता जोड़ो अभियान को लेकर भाजपा मुरादनगर विधानसभा की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न, ररफअभियान को बूथ स्तर तक प्रभावी बनाने का आह्वान

राष्ट्रीय सुनहरा संसार वन्दना जोशी ब्यूरो चीफ गाजियाबाद। अशोक कटारिया बोले प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम सूची में जुड़वाना संगठन की प्राथमिक जिम्मेदारी मयंक गोयल ने कहा मंडल से बूथ स्तर तक कार्यकताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें नरेश तोमर ने कहा मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य में संगठनात्मक समन्वय और सतत निगरानी जरूरी अजीत पाल त्यागी का आह्वान घर-घर संपर्क कर नए मतदाताओं को अभियान से जोड़ें गाजियाबाद। भारतीय जनता पार्टी के मतदाता जोड़ो अभियान के अंतर्गत SIR प्रक्रिया के उपरांत ररफ (विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण) अभियान को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से बुधवार को एचएलएम कॉलेज,दुहाई में मुरादनगर विधानसभा की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।बैठक महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल की अध्यक्षता एवं मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी के नेतृत्व में संपन्न हुई।मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला प्रभारी एवं पूर्व मंत्री अशोक कटारिया उपस्थित रहे। बैठक में महापौर सुनीता दयाल,पूर्व महापौर आशु वर्मा, जिलाध्यक्ष अरविंद भारतीय, विधानसभा प्रभारी नरेश तोमर, ब्लॉक प्रमुख राजीव त्यागी, राहुल चौधरी डैनी सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि शामिल हुए। मुख्य अतिथि अशोक कटारिया ने कहा कि ररफ अभियान के माध्यम से प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में जुड़वाना और सूची को शुद्ध एवं अद्यतन बनाना संगठन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। कार्यकर्ता घर-घर संपर्क कर 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवाओं एवं नए मतदाताओं को सूची से जोड़ने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि अभियान की सफलता बूथ स्तर पर कार्यकताओं की सक्रियता,आपसी समन्वय और निरंतर प्रयासों पर निर्भर है। सभी मंडल एवं शक्ति केंद्र पदाधिकारी निर्धारित जिम्मेदारी के साथ अभियान को प्रभावी बनाएं।महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए प्रत्येक मंडल और बूथ पर कार्यकताओं की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। सभी पदाधिकारी आपसी समन्वय के साथ अभियान को जन-जन तक पहुंचाएं और प्रत्येक बूथ पर निर्धारित जिम्मेदारियों का प्रभावी निर्वहन सुनिश्चित करें। विधान सभा प्रभारी नरेश तोमर ने कहा कि ररफअभियान मतदाता सूची को अधिक पारदर्शी, शुद्ध एवं अद्यतन बनाने का महत्वपूर्ण अवसर है। इसके लिए विधान सभा से लेकर मंडल, शक्ति केंद्र और बूथ स्तर तक कार्यकताओं के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है। सभी पदाधिकारी अभियान की नियमित समीक्षा करते हुए पात्र मतदाताओं के नाम जुड़वाने तथा मतदाता सूची में आवश्यक संशोधन कराने के कार्य को प्राथमिकता से पूरा करें। विधायक अजीत पाल त्यागी ने गांव, मोहल्लों एवं बूथ स्तर तक घर-घर संपर्क कर नए मतदाताओं को जोड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी समझते हुए अभियान को सफल बनाने में जुटे,ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे। उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं का आभार व्यक्त किया।



पूर्व महापौर आशु वर्मा ने लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक पात्र नागरिक को मतदाता सूची से जोड़ने पर जोर दिया। महापौर सुनीता दयाल एवं पूर्व जिलाध्यक्ष अरविंद भारतीय ने संगठनात्मक समन्वय के साथ अभियान को सफल बनाने की अपील की। ब्लॉक प्रमुख राहुल चौधरी एवं राजीव त्यागी ने ग्रामीण क्षेत्रों में अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने की बात कही। बैठक में अभियान के महानगर संयोजक अमित रंजन, मुरादनगर विधानसभा के बीएलए-1 पार्षद प्रदीप चौधरी,महानगर मीडिया प्रभारी नीरज शर्मा, मंडल अध्यक्ष राहुल गोयल, गजेंद्र सिंह, राहुल तोमर, नीरज त्यागी एवं विपिन चौधरी सहित मंडल प्रभारी, मंडल महामंत्री,पार्षद,नामित पार्षद,नगर पालिका सभासद, शक्ति केंद्र संयोजक एवं प्रभारी तथा मोर्चों के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में ररफ अभियान को बूथ स्तर तक प्रभावी ढंग से संचालित करने तथा प्रत्येक पात्र नागरिक को मतदाता सूची से जोड़ने के लिए सामूहिक रूप से कार्य करने का संकल्प लिया गया। बैठक का संचालन पार्षद प्रदीप चौधरी ने किया। भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने बैठक के लिए स्थान उपलब्ध कराने पर लक्ष्ट कॉलेज के डायरेक्टर धीरज शर्मा का आभार व्यक्त किया।

गोला नगर पालिका परिसर में आंवले के पेड़ की पूजा: आंवला नवमी पर महिलाओं ने परिवार की खुशहाली की कामना की

सुनहरा संसार अनुराग मिश्र गोला गोकण्णनाथ में आंवला नवमी के पावन पर्व पर नगर पालिका परिसर में बुधवार को श्रद्धा, भक्ति और सेवा का सुंदर संगम देखने को मिला। प्रकृति के प्रति कृतज्ता व्यक्त करने वाले इस पावन अवसर पर नगर पालिका परिसर में स्थित आंवले के वृक्ष की पूजा-अर्चना करने पहुंची माताओं एवं बहनों को पालिका अध्यक्ष ने पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर श्रद्धालु महिलाओं





ने पूरे विधि-विधान और श्रद्धवाभाव के साथ आंवले के वृक्ष का पूजन कर परिवार की सुख-समृधि, खुशहाली और मंगलमय जीवन की कामना की। वातावरण भक्तिमय रहा और भारतीय संस्कृति, परंपरा तथा प्रकृति के प्रति सम्मान की सुंदर झलक देखने को मिली पालिका अध्यक्ष ने श्रद्धालुओं की आस्था और सुविधा का विशेष ध्यान रखते हुए उनके लिए तहरी एवं छाछ की व्यवस्था भी कराई। इस पहल ने धार्मिक आयोजन में अपनत्व, सेवा और सामाजिक सद्भाव की भावना को और मजबूत किया। श्रद्धालु महिलाओं ने इस व्यवस्था की सराहना की इस पावन अवसर पर पालिका अध्यक्ष ने सभी माताओं-बहनों के सुखी, स्वस्थ एवं समृद्ध जीवन की कामना करते हुए प्रारथना की कि भगवान श्रीहरि विष्णु की कृपा सभी पर सदैव बनी रहे और हर घर में सुख, शांति एवं खुशहाली का वास हो।आंवला नवमी का यह परर्व हमें संदेश देता है कि प्रकृति केवल हमारी आवश्यकता नहीं, बल्कि हमारी आस्था, संस्कृति और जीवन का आधार भी है।

तीन दिन से बत्ती गुल : कामां कस्बे में घोर अंधेरा, नगर पालिका की लापरवाही से जनता परेशान, 181 पर शिकायत के बाद भी नहीं हुई सुनवाई

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरोचीफ हिमांशु मोदी

कामां -डीग जिले के कामां कस्बे में इन दिनों नगर पालिका प्रशासन की घोर लापरवाही और संवेदनहीनता का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। कस्बे के विभिन्न इलाकों में पिछले तीन दिनों से स्ट्रीट लाइटें और बिजली व्यवस्था पूरी तरह से ठप पड़ी हुई है। शाम ढलते ही पूरे क्षेत्र में घुप अंधेरा पसर जाता है। लोगों का आरोप है कि बार-बार शिकायत के बावजूद पालिका प्रशासन ने इस गंभीर समस्या की ओर कोई ध्यान नहीं दिया है।



स्थानीय निवासियों का कहना है कि अंधेरे के कारण राहगीरों, बुजुर्गों और महिलाओं का घरों से निकलना दूभर हो गया है। शाम को बच्चे ट्यूशन और महिलाएं बाजार जाने से डर रही हैं। बुजुर्ग लोग अंधेरे में ठोकर खाकर गिरने से घायल हो रहे हैं। अंधेरी गलियों में असामाजिक तत्वों के घूमने और चोरी की घटनाओं का खतरा भी बढ़ गया है। लोगों को रात भर जागकर अपने घरों की रखवाली करनी पड़ रही है। कस्बेवासियों में प्रशासन के इस गैर-जिम्मेदाराना रवैये के प्रति भारी आक्रोश व्याप्त है। लोगों का कहना है कि जनता की इन बुनियादी समस्याओं को सुनने वाला कोई नहीं है। नगर पालिका के अधिकारी कुंभकर्णी नींद सोए हुए हैं और समस्या के समाधान की ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। न तो स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत हो रही है और न ही बिजली व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए कोई टीम मैदान में उतरी है।

प्रशासनिक अनदेखी से परेशान होकर लोगों ने राजस्थान सरकार की महत्वाकांक्षी जनसुनवाई हेल्पलाइन '181' पर अपनी शिकायत दर्ज कराई थी। लोगों को उम्मीद थी कि 181 पर शिकायत के बाद कम से कम प्रशासन हरकत में आएगा। लेकिन वहां से भी केवल निराशा ही हाथ लगी। लोगों का आरोप है कि शिकायत के बावजूद न तो पालिका प्रशासन हरकत में आया और न ही समस्या का कोई ठोस समाधान निकाला गया। इससे राज्य सरकार की शिकायत निवारण प्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब सरकार की हेल्पलाइन पर भी सुनवाई नहीं होगी तो आम आदमी आखिर जाए तो कहां जाए। लोगों ने कहा कि कामां जैसे ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व के कस्बे में इस तरह की लापरवाही शर्मनाक है। यहां रोजाना सैकड़ों श्रद्धालु और पर्यटक आते हैं, लेकिन अंधेरे के कारण उनकी सुरक्षा पर भी सवाल खड़ा हो गया है। व्यापारियों का कहना है कि शाम को अंधेरा होते ही बाजार में ग्राहकों की आवाजाही कम हो जाती है, जिससे उनका व्यापार भी प्रभावित हो रहा है।

क्षेत्रवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही बिजली और स्ट्रीट लाइट व्यवस्था को दुरुस्त नहीं किया गया, तो वह नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे। लोगों ने कहा कि वे शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांग रख रहे हैं, लेकिन प्रशासन की चुप्पी अब बर्दाश्त से बाहर हो गई है। लोगों की मांग है कि तुरंत बिजली बहाल की जाए, खराब स्ट्रीट लाइटों को ठीक किया जाए और दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। साथ ही 181 पर दर्ज शिकायतों का समय पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए ताकि जनता का सरकार पर भरोसा बना रहे।

अब देखना यह होगा कि खबर प्रकाशित होने के बाद प्रशासन नींद से जागता है या फिर जनता को आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा।

राज्यपाल का दौरा : राज्यपाल हरिभाऊ बागडे 20 नवम्बर को भरतपुर प्रवास पर, रूपवास में निजी विवाह समारोह में होंगे शामिल, प्रशासन ने शुरू की तैयारियां

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरोचीफ हिमांशु मोदी

भरतपुर - राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागडे आगामी 20 नवम्बर को भरतपुर जिले के एक दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। जिला कलक्टर कमर चौधरी ने राज्यपाल के इस प्रस्तावित दौरे की आधिकारिक जानकारी साझा करते हुए बताया है कि प्रशासन स्तर पर सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की जा रही हैं। राज्यपाल के दौरे को लेकर जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन और संबंधित विभागों को अलर्ट पर रखा गया है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्यपाल शुक्रवार प्रातः 9.15 बजे नई दिल्ली में स्थित जोधपुर हाउस से सड़क मार्ग के जरिए भरतपुर जिले के रूपवास क्षेत्र के लिए प्रस्थान करेंगे। दिल्ली से रूपवास तक का यह सफर सड़क मार्ग से तय किया जाएगा। सुरक्षा और प्रोटोकॉल के लिहाज से रूट पर विशेष व्यवस्था की जा रही है।

नई दिल्ली से रवाना होकर राज्यपाल दोपहर 12.45 बजे रूपवास उपखंड क्षेत्र के बोकौली मोड़ पर स्थित मां केला देवी स्टोन क्रेशर्स प्राइवेट लिमिटेड पहुंचेंगे। यहां दोपहर 12.45 बजे से अपराह्न 1.30 बजे तक आयोजित एक निजी विवाह समारोह में शिरकत करेंगे और वर-वधू को आशीर्वाद प्रदान करेंगे। यह कार्यक्रम पूरी तरह निजी बताया जा रहा है।

करीब 45 मिनट तक समारोह में रुकने के बाद राज्यपाल अपराह्न 2.00 बजे रूपवास से सड़क मार्ग द्वारा राजधानी जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे। इसके बाद उनका काफिला जयपुर के लिए रवाना होगा।

जिला कलक्टर कमर चौधरी ने बताया कि राज्यपाल के दौरे को लेकर सभी विभागों को दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। कानून व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, चिकित्सा सुविधा और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस अधीक्षक सहित सभी अधिकारियों के साथ बैठक की जा रही है। रूट पर पुलिस बल की तैनाती, एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।

राज्यपाल के दौरे को लेकर रूपवास क्षेत्र में भी हलचल बढ़ गई है। स्थानीय लोगों में राज्यपाल के आगमन को लेकर उत्साह है। कार्यक्रम स्थल पर भी तैयारियां जोरों पर हैं। आयोजनकताओं की ओर से समारोह स्थल को सजाया जा रहा है और मेहमानों के स्वागत की तैयारियां की जा रही हैं।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह दौरा पूरी तरह निजी कार्यक्रम के लिए है, फिर भी राज्यपाल के प्रोटोकॉल के अनुसार सभी व्यवस्थाएं की जा रही हैं। जिला प्रशासन के अधिकारियों का कहना है कि दौरे के दौरान आमजन को किसी तरह की असुविधा न हो, इसका भी विशेष ध्यान रखा जाएगा।

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे का यह दौरा भरतपुर जिले के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इससे पहले भी राज्यपाल विभिन्न जिलों के प्रवास पर सामाजिक और निजी कार्यक्रमों में शामिल होते रहे हैं।

फिलहाल जिला प्रशासन राज्यपाल के दौरे की तैयारियों में जुटा हुआ है।

जागरुकता कार्यक्रम आयोजित कर पॉस्को एक्ट, शिक्षा का अधिकार अधिनियम सहित अन्य अधिनियमों की जनसामान्य को दें जानकारी:- सदस्य सचिव राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग

ब्यूरो एएच सिद्दीकी

झांसी। बाल अधिकारों के संरक्षण, संवर्धन तथा बच्चों के सुरक्षित भविष्य को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संजीव कुमार शर्मा, सदस्य/सचिव राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग, नई दिल्ली की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट नवीन सभागार में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बाल संरक्षण से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों, कानूनों, योजनाओं तथा उनके धरातल पर प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा की गई।

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य सचिव डॉ0 संजीव कुमार शर्मा ने बुधवार को बाल संरक्षण के संबंध में समीक्षा की दौरान कहा कि बालकों से संबंधित मुद्दों को संवेदनशीलता के साथ समाधान किया जाना चाहिए। उन्होंने बाल अधिकारों के क्षेत्र में संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तार से समीक्षा की। इसके साथ ही संबंधित विभागीय अधिकारियों को बाल संरक्षण आयोग द्वारा दिए गए दिशा निदेर्शों का संवेदनशीलता के साथ निराकरण करने की बात भी कही।

कलेक्ट्रेट नवीन सभागार में राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण के संबंध में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी गौरांग राठी, सीडीओ रामेश्वर सुधाकर सब्बनवाड, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ0 अरविंद कुमार ने डॉ0 संजीव कुमार शर्मा, मा0 सदस्य/सचिव, राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग, नई दिल्ली का पुष्प गुच्छ भेंट



कर स्वागत किया।

बैठक में राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण के सदस्य सचिव डॉ0 संजीव शर्मा ने जनपद में बाल अधिकारों के क्षेत्र में किए गए नवाचार की सराहना की। उन्होंने कहा कि बाल संरक्षण के लिए अनुकूल प्रशासनिक तंत्र, त्वरित सहायता प्रणाली और विभागीय समन्वय को दृढ़ता से किया जाना चाहिए। उन्होंने बाल संरक्षण के क्षेत्र में जिले में किए गए नवाचारों एंव घर-घर जाकर लोगों को महिला संरक्षण एवं बाल संरक्षण के संबंध में जागरूक करने के लिए किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि बाल संरक्षण के लिए जनजागरूकता सबसे महत्वपूर्ण पहलू है।

बैठक के दौरान किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम, पॉक्सो अधिनियम, बच्चों के स्वास्थ्य एवं शिक्षा, बाल तस्करी, बाल श्रम तथा शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम सहित बाल अधिकारों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। सदस्य/सचिव ने संबंधित विभागों एवं अधिकारियों को निर्देशित किया कि बच्चों के अधिकारों की रक्षा के लिए सभी प्रावधानों का गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ पालन सुनिश्चित किया जाए तथा विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर प्रभावी कार्यवाही की जाए।

बैठक में किशोर न्याय अधिनियम के अंतर्गत देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों तथा कानून से संघर्षरत बच्चों के मामलों में संवेदनशील, बाल हितैषी एवं विधिसम्मत कार्यवाही सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। बाल कल्याण समितियों, जिला बाल संरक्षण इकाइयों, संबंधित पुलिस इकाइयों एवं अन्य संस्थागत तंत्रों को अपनी जिम्मेदारियों का प्रभावी निर्वहन करने के निर्देश दिए गए साथ ही, जरूरतमंद बच्चों की पहचान, संरक्षण, पुनर्वास तथा उनके हित में समयबद्ध निर्णय सुनिश्चित करने पर बल दिया गया।

सदस्य/सचिव डॉ0 संजीव कुमार शर्मा ने पॉक्सो अधिनियम के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए बच्चों के विरुद्ध यौन अपराधों के मामलों में त्वरित कार्रवाई, अनिवार्य रिपोर्टिंग, समयबद्ध जांच तथा पीड़ित बच्चों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि ऐसे मामलों में किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो तथा पीड़ित बच्चों की गरिमा, निजता और सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए। बच्चों के लिए अनुकूल वातावरण में कार्यवाही सुनिश्चित करने तथा संबंधित संस्थाओं के बीच समन्वय को और मजबूत करने पर भी बल दिया गया। बैठक में बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण, मानसिक एवं शारीरिक विकास तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से जुड़े विषयों पर चर्चा की गई।शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों की नियमित उपस्थिति, विद्यालयों में सुरक्षित वातावरण, शिक्षा से वंचित बच्चों की पहचान तथा उनकी शिक्षा से पुनः जुड़ाव सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। शिक्षा का अधिकार अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि प्रत्येक बच्चे को शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराने, विद्यालयों में निर्धारित प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने तथा शिक्षा से वंचित बच्चों को मुख्यधारा में लाने के लिए गंभीरता से प्रयास किए जाएं। अधिनियम के प्रावधानों के अनुपालन में आने वाली समस्याओं की पहचान कर उनका समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए।

बैठक के समापन पर सदस्य सचिव संजीव कुमार शर्मा ने सभी संबंधित विभागों एवं अधिकारियों से अपेक्षा की कि बाल अधिकारों एवं संरक्षण से जुड़े विषयों को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करें। उन्होंने कहा कि बच्चों की सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य, सम्मान एवं समग्र विकास सुनिश्चित करना सभी संबंधित संस्थाओं एवं विभागों की सामूहिक जिम्मेदारी है।

उन्होंने निर्देशित किया कि बाल संरक्षण से संबंधित कानूनों एवं योजनाओं के क्रियान्वयन में नियमित समीक्षा, प्रभावी निगरानी, आपसी समन्वय तथा जवाबदेही सुनिश्चित की जाए, ताकि प्रत्येक बच्चे को सुरक्षित वातावरण, संरक्षण एवं विकास के समान अवसर प्राप्त हो सकें।उन्होंने बाल अधिकारों की रक्षा और बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्धता के साथ सभी संबंधित विभागों को निर्धारित प्रावधानों के प्रभावी अनुपालन एवं ठोस कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। समीक्षा बैठक में संदीप तिवारी, एनसीपीसीआर, नई दिल्ली एवं सुधाकर चौधरी एनसीपीसीआर, नई दिल्ली ने भी विभिन्न अधिनियमों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। कलेक्ट्रेट नवीन सभागार में राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण के संबंध में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी गौरांग राठी, सीडीओ रामेश्वर सुधाकर सब्बनवाड, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ0 अरविंद कुमार, डीपीओ सुरेंद्र सिंह, डीआईओएस श्रीमती रति वर्मा, बीएसए जितेंद्र गौड़, डीओ मनीष गुप्ता, लिवर इंस्पेक्टर अरुण कुमार तिवारी सहित बाल अधिकार संरक्षण के क्षेत्र से जुड़े विभागीय अधिकारी एवं बाल संरक्षण आयोग के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

बुंदेलखंड के किसानों की आय बढ़ाने के लिए गांव-गांव तक पहुंचेगा कृषि विश्वविद्यालय : कुलपति डॉ. अशोक कुमार सिंह

प्रसार शिक्षा परिषद की छठवीं बैठक में कृषि वैज्ञानिकों, विभागीय अधिकारियों एवं प्रगतिशील किसानों ने दिए महत्वपूर्ण सुझाव; जल संरक्षण, उन्नत बीज, प्राकृतिक खेती और फसल विविधीकरण पर विशेष जोर

ब्यूरो एएच सिद्दीकी

झांसी। रानी लक्ष्मीबाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झांसी में बुधवार को प्रसार शिक्षा परिषद की छठवीं बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अशोक कुमार सिंह ने की। इसमें भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, कृषि एवं उद्यानिकी विभाग, कृषि विज्ञान केंद्रों, विभिन्न महाविद्यालयों, कृषि संस्थानों, सामाजिक संगठनों तथा प्रगतिशील किसानों के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। बैठक में बुंदेलखंड के किसानों की आय बढ़ाने, कृषि की आधुनिक तकनीकों को खेतों तक पहुंचाने, जल संरक्षण, उन्नत बीज, प्राकृतिक खेती तथा कृषि आधारित रोजगार के अवसर बढ़ाने को लेकर व्यापक विचार-विमर्श किया गया।



बैठक को संबोधित करते हुए कुलपति डॉ. अशोक कुमार सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय के पास वर्तमान में अपना स्वतंत्र प्रसार शिक्षा तंत्र नहीं है। इसके बावजूद विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक कृषि प्रक्षेत्र दिवस, किसान मेले, प्रथम पंक्ति प्रदर्शन, किसान प्रशिक्षण सहित अनेक गतिविधियों के माध्यम से किसानों तक कृषि तकनीकों को पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज बैठक में आए सभी सदस्यों के सुझाव स्वागत योग्य हैं और उन्हें विश्वविद्यालय की कार्ययोजना में शामिल करने का प्रयास किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड में गेहूं और मूंगफली सहित विभिन्न फसलों का क्षेत्रफल बढ़ाने तथा कृषि की दशा और दिशा सुधारने की व्यापक संभावनाएं हैं। विश्वविद्यालय द्वारा विकसित किए गए 11 कृषि मॉडलों को वैज्ञानिक किसानों के खेतों तक पहुंचाएं, जिससे किसान इनका प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त कर सकें। इस कार्य में उत्तर प्रदेश कृषि विभाग को भी सहभागी बनाया जाए तथा प्रदेश सरकार की कृषि योजनाओं को विश्वविद्यालय की गतिविधियों से जोड़ा जाए।

कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय को विभिन्न परियोजनाओं के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद सहित अन्य संस्थानों से वित्तीय सहायता प्राप्त करने के प्रयास करने चाहिए। इसके लिए सभी संबंधित अधिकारी अपने-अपने स्तर पर सहयोग करें। विश्वविद्यालय के उद्यमिता एवं नवाचार केंद्र को और अधिक सक्रिय एवं प्रभावशाली बनाया जाएगा। विश्वविद्यालय एक ही स्थान पर विभिन्न आधुनिक कृषि तकनीकों का प्रशिक्षण किसानों एवं विद्यार्थियों को उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य करेगा।

उन्होंने जल प्रौद्योगिकी पर विशेष कार्य करने की आवश्यकता बताते हुए कहा कि चयनित गांवों में दो से तीन प्रमुख फसलों पर विशेष ध्यान देकर कार्य किया जाए। जिलेवार, विकासखंडवार एवं ग्राम स्तर पर फसल योजना तैयार करने के साथ मृदा परीक्षण की कार्ययोजना भी बनाई जाए। विश्वविद्यालय का उद्देश्य है कि उसकी प्रयोगशालाओं एवं वैज्ञानिक अनुसंधान का लाभ सीधे किसानों तक पहुंचे और विश्वविद्यालय गांवों तक पहुंचकर किसानों की समस्याओं का समाधान करे।

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान (अटारी), जबलपुर के निदेशक डॉ. एसआरके सिंह ने कहा कि किसानों को कृषि के प्रति शिक्षित एवं जागरूक करना समय की आवश्यकता है। किसानों की आवश्यकताओं और उनकी पसंद की फसलों के अनुरूप ही अनुसंधान एवं तकनीकी कार्यक्रम तैयार किए जाने चाहिए।

उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड में वर्षा पर्याप्त होती है, लेकिन वर्षा जल का संरक्षण और भूजल पुनर्भरण सबसे बड़ी चुनौती है। पानी उपलब्ध होगा तभी कृषि का विकास संभव है। इसके लिए जल संरक्षण एवं पुनर्भरण परियोजनाओं पर विशेष कार्य करना होगा। उन्होंने उत्तर प्रदेश के सात तथा मध्य प्रदेश के सात जिलों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से कृषि सहायता केंद्र विकसित करने, दोनों राज्यों के कृषि विज्ञान केंद्रों की वर्ष में चार बार बैठक आयोजित करने तथा किसान से किसान तक तकनीक पहुंचाने की योजना तैयार करने का सुझाव दिया।

उन्होंने मोबाइल कृषि क्लीनिक के लिए निर्धारित मार्ग बनाने तथा केंद्र और राज्य सरकार के विभिन्न विभागों को मिलकर कार्य करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि आपसी समन्वय से कम संसाधनों में भी बेहतर कृषि परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं।

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली से ऑनलाइन जुड़े डॉ. बर्मन ने बुंदेलखंड में कृषि के उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अन्य कृषि विश्वविद्यालयों एवं अनुसंधान संस्थानों का सहयोग लेकर क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुरूप कार्य किया जाना चाहिए। उन्होंने जलवायु परिवर्तन, जल संरक्षण, सामुदायिक खेती, एकीकृत कृषि प्रणाली, प्राकृतिक खेती तथा क्षेत्र के अनुकूल फसल चयन पर विशेष कार्य करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि जिला, विकासखंड एवं ग्राम स्तर पर कृषि की योजनाएं तैयार की जाएं। बुंदेलखंड की भूमि एवं जलवायु के अनुरूप फसलें अपनाने, गोबर एवं गोमूत्र आधारित प्राकृतिक खेती तथा किसानों की आय बढ़ाने के लिए कार्य करने की आवश्यकता है।

उन्होंने बुंदेलखंड में जमुनापारी बकरी पालन की संभावनाओं का उल्लेख करते हुए युवाओं को पशुपालन एवं कृषि आधारित उद्योगों के लिए प्रशिक्षित करने और प्रधानमंत्री कौशल विकास कार्यक्रम को विश्वविद्यालय से जोड़ने का सुझाव दिया।

इस अवसर पर कुलपति डॉ. अशोक कुमार सिंह ने उनके सुझावों को अपनाने का आश्वासन देते हुए भारत सरकार से विश्वविद्यालय को आवश्यक मान्यता एवं सहयोग दिलाने के लिए अनुरोध किया, ताकि किसानों के हित में गतिविधियों का विस्तार किया जा सके।

निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ. सुशील कुमार सिंह ने गत वर्ष विश्वविद्यालय द्वारा किए गए कार्यों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा धान, मक्का, जायद श्रीअन्न, वानिकी, फल-फूल, चीकू, ड्रैगन फ्रूट, सब्जियों, धनिया, अदरक तथा गाय, भैंस, बकरी एवं मत्स्य पालन के क्षेत्र में विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।

उन्होंने बताया कि रबी फसल के अंतर्गत इस वर्ष 400 किसानों को प्रथम पंक्ति प्रदर्शन कार्यक्रम के तहत गेहूं के उन्नत बीज उपलब्ध कराए गए हैं। विश्वविद्यालय के मार्गदर्शन से किसानों को सफलता मिली है। मऊरानीपुर तहसील के किसान विराट एवं शिखा किस्मों से संबंधित प्रदर्शन तथा बकरी पालन के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय उपलब्धियां सामने आई हैं। एक किसान ने विश्वविद्यालय के मार्गदर्शन में बकरी पालन कर अपनी बकरियों की संख्या 100 तक पहुंचाई है।

उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा खेतों पर प्रदर्शन, किसान प्रशिक्षण एवं प्रक्षेत्र दिवस के माध्यम से किसानों को नवीन तकनीकों की जानकारी दी जा रही है। वर्ष 2026-27 की कार्ययोजना भी प्रस्तुत की गई। इसमें प्राकृतिक खेती, श्रीअन्न की खेती, जल संरक्षण, सूक्ष्म सिंचाई, व्यावसायिक कृषि तथा अधिक से अधिक प्रथम पंक्ति प्रदर्शन आयोजित करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके साथ ही प्रमाणपत्र आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से लगभग 250 लोगों को प्रशिक्षित करने की योजना है। निदेशक अनुसंधान डॉ. एसके चतुर्वेदी ने कृषि अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं को बेहतर ढंग से तैयार करने तथा जैव संवर्धित फसलों को कार्ययोजना में शामिल करने का सुझाव दिया। उन्होंने विभिन्न परियोजनाओं को अलग-अलग तैयार करने पर भी जोर दिया।

मत्स्य महाविद्यालय, दतिया के अधिष्ठाता डॉ. प्रमोद कुमार पांडे ने मूल्य संवर्धन एवं कौशल विकास आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रमों को बढ़ावा देने का सुझाव दिया। पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय, दतिया के अधिष्ठाता डॉ. आरपी सिंह ने सूअर पालन एवं बकरी पालन के माध्यम से किसानों की आय और आर्थिक लाभ बढ़ाने की संभावनाओं पर विचार रखे।

अधिष्ठाता कृषि डॉ. आरके सिंह ने कृषि के माध्यम से किसानों को अधिक लाभ पहुंचाने के लिए विभिन्न सुझाव दिए। नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक गौरव राघव ने किसानों के आर्थिक सशक्तीकरण, कृषि निवेश तथा जल प्रबंधन से जुड़े विषयों पर अपने विचार रखे। केंद्रीय कृषि वानिकी अनुसंधान संस्थान (काफरी) के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने किसानों को हरी खाद के उपयोग के लिए प्रोत्साहित करने का सुझाव दिया।

अधिष्ठाता उद्यानिकी एवं वानिकी डॉ. मनीष श्रीवास्तव ने क्षेत्रीय परिस्थितियों के अनुरूप आधुनिक सब्जी उत्पादन को बढ़ावा देने की बात कही, जिससे किसानों को कम समय में आर्थिक लाभ मिल सके। निदेशक शिक्षा डॉ. अनिल कुमार ने कहा कि कृषि क्षेत्र में नए नवाचारों को अपनाने की आवश्यकता है। प्रत्येक जिले के लिए अलग-अलग कृषि परामर्श जारी किए जाएं। उन्होंने मोबाइल कृषि एवं पशु स्वास्थ्य सेवा वाहन, व्हाट्सएप के माध्यम से किसानों तक तकनीकी जानकारी पहुंचाने तथा किसान उत्पादक संगठनों को मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने कार्बन क्रेडिट संबंधी प्रशिक्षण उपलब्ध कराने तथा महिला किसानों के लिए 'कृषि लक्ष्मी' और युवाओं के लिए 'कृषि वीर' जैसी प्रशिक्षण योजनाएं विश्वविद्यालय में शुरू करने का सुझाव दिया, ताकि महिलाओं एवं युवाओं को कृषि आधारित स्वरोजगार के लिए तैयार किया जा सके।

मत्स्य विभाग, दतिया के सहायक निदेशक संचालन रवींद्र रावत ने तालाब आधारित एकीकृत कृषि प्रणाली अपनाने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि तालाबों में मछली पालन के साथ सिंघाड़े की खेती, फलदार वृक्षों का रोपण तथा तालाब के आसपास मुर्गी पालन भी किया जा सकता है। इन तकनीकों का किसानों के बीच व्यापक प्रचार-प्रसार करने की आवश्यकता है।

संयुक्त कृषि निदेशक, झांसी मंडल डॉ. विपिन बिहारी द्विवेदी ने विभिन्न फसलों के प्रायोगिक प्रदर्शन आयोजित करने, मचान विधि से सब्जी उत्पादन को बढ़ावा देने तथा बुंदेलखंड में धान की समय से बुवाई के लिए किसानों को प्रेरित करने का सुझाव दिया। उन्होंने चारा उत्पादन के लिए बरसीम, नेपियर घास एवं जई की खेती को बढ़ावा देने तथा जिप्सम एवं गंधक के संतुलित उपयोग पर भी जोर दिया।

उपनिदेशक उद्यान, झांसी मंडल राजेंद्र कुमार ने बुंदेलखंड में नागफनी के फल एवं शकरकंद की खेती को किसानों के लिए बेहतर विकल्प बताया। परमार्थ संस्था की प्रतिनिधि श्रीमती राधा ने विशेष रूप से सहरिया समुदाय के किसानों तक केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न कृषि योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रभावी प्रयास करने का सुझाव दिया।

किसान सदस्य संजय पहारिया ने विश्वविद्यालय की ओर से किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले उन्नत बीज उपलब्ध कराने तथा बायोगैस संयंत्रों के माध्यम से किसानों को लाभान्वित करने का सुझाव दिया। किसान सदस्य पुष्पेंद्र सिंह यादव ने बुंदेलखंड में दलहन की खेती को व्यापक स्तर पर बढ़ावा देने की आवश्यकता बताई।

बैठक में डॉ. श्रीधर पाटिल ने कार्यवाही प्रतिवेदन एवं सुझावों पर की गई कार्रवाई की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की।

अंत में कुलपति डॉ. अशोक कुमार सिंह ने सभी सदस्यों के सुझावों की सराहना करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय का प्रमुख उद्देश्य किसानों तक वैज्ञानिक तकनीक पहुंचाना, उनकी समस्याओं का समाधान करना तथा बुंदेलखंड की कृषि अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाना है।

मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी के आवास पहुंचे डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, दिवंगत माताजी को नम आंखों से दी भावभीनी श्रद्धांजलि

सुनहरा संसार मो.युनुस
पत्रकार (मंझनपुर)कौशांबी



प्रयागराज। उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी की पूज्य माताजी के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करने के लिए प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य प्रयागराज स्थित उनके आवास पहुंचे। इस दौरान उन्होंने दिवंगत माताजी के पार्थिव शरीर के अंतिम दर्शन कर पुष्प अर्पित किए और नम आंखों से भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी एवं उनके शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने परिवार के सदस्यों को ढांढस बंधाते हुए इस दुख की घड़ी में अपनी सहानुभूति प्रकट की। मातृशोक से गुजर रहे परिवार के प्रति उन्होंने संवेदना जताई और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने प्रभु श्रीराम से प्रार्थना करते हुए कहा कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोक-संतप्त परिवार को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति और धैर्य दें।

मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता ह्यनन्दीह्ल के आवास पर उपमुख्यमंत्री की इस शोक संवेदना मुलाकात के दौरान माहौल भावुक रहा। उन्होंने परिवार के सदस्यों के साथ समय बिताकर उनके दुख में सहभागी बनने का प्रयास किया और अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। दिवंगत माताजी के निधन से परिवार में शोक का माहौल है। इस दुखद घड़ी में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का प्रयागराज पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित करना और परिजनों से मिलकर संवेदना व्यक्त करना शोकाकुल परिवार के प्रति उनकी संवेदनशीलता को दशार्ता है।

जीआरपी पीलीभीत ने वारंटी अभियुक्त शिवओम को गिरफ्तार कर भेजा जेल

हिंदी दैनिक सुनहरा संसार
अमरनाथ सिंह, जिला ब्यूरो
लखनऊ



लखनऊ। रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में अपराधों की रोकथाम तथा वांछित और वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत जीआरपी पीलीभीत पुलिस ने एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान शिवओम पुत्र स्वर्गीय राजेश, निवासी नई बस्ती, थाना सुनगढ़ी, जनपद पीलीभीत, उम्र करीब 30 वर्ष के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने के लिए भेज दिया।जीआरपी के मुताबिक, पुलिस महानिदेशक रेलवे उत्तर प्रदेश के निर्देश पर पुलिस महानिरीक्षक रेलवे लखनऊ एवं पुलिस अधीक्षक रेलवे लखनऊ के निर्देशन में रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में चोरी, लूट, जहरखुरानी तथा मादक पदार्थों की तस्करी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के साथ वांछित, इनामिया और वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत पुलिस उपाधीक्षक रेलवे द्वितीय के पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष जीआरपी पीलीभीत के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने न्यायालय एसीजे (जूनियर डिवीजन)/जेएम पीलीभीत से जारी गैर-जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) के मामले में कार्रवाई की। वारंट वाद संख्या 11626/28, धारा 303(2) एवं 31(2) बीएनएस से संबंधित अभियुक्त शिवओम को उसके मकान के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद अभियुक्त को न्यायालय पीलीभीत के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए भेजा गया। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक रितेश कुमार, कांस्टेबल मोहम्मद शाहनवाज और कांस्टेबल रविंद्र सिंह शामिल रहे।

कोटवारा में चल रही रामकथा में डॉ कौशल वर्मा ने पूजन कर सुख समृद्धि की कामना की

सुनहरा संसार सुनील
श्रीवास्तव बिझौली
लखीमपुर



गोला क्षेत्र के कोटवारा स्थित मां दुर्गा मंदिर पर चल रही संगीतमयी श्री राम कथा के आयोजन में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे सनशाइन हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर ग्रुप के संचालक एवं भाजपा नेता वरिष्ठ ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉक्टर कौशल वर्मा ने विधि विधान से पूजन अर्चन किया है।इस दौरान पूरा पंडाल राम की महिमा के जय कारों से गूंज उठा। मुख्य अतिथि डॉ कौशल वर्मा ने पूजन अर्चन कर कथा श्रवण कर सर्व मानव के कल्याण और सुख समृद्धि की कामना की है। आयोजक कमेटी का आभार जताया उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजन सुख समृद्धि शांति सद्भाव,सनातन आस्था और आपसी प्रेम को बढ़ावा देते हैं। धार्मिक आयोजनों से मानव के कल्याण का मार्ग प्रशस्त होता है ऐसे कार्यक्रमों में पहुंचना बड़े ही गर्व और सौभाग्य का विषय है। इस प्रकार के आयोजन समस्त गांव और क्षेत्र वासियों के सहयोग से ही बड़े धूमधाम से आयोजित होते हैं। श्रद्धालु इनमें प्रतिभाग कर भक्ति भाव से पुण्य प्राप्त करते हैं।

खाटू श्याम के विशाल श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव का हुआ आयोजन।

छोटी काशी में रात भर खाटू श्याम के भजनों से महोत्सव स्थल गुंजायमान रहा

सुनहरा संसार उमेश
कुमार अवस्थी



गोला गोकर्णनाथ खीरी। गोला नगर के लखीमपुर रोड स्थित राजेन्द्र गिरि स्टेडियम में जय श्री श्याम दीवाने सेवा समिति गोला द्वारा षष्ठम विशाल संकीर्तन का आयोजन हुआ सम्पन्न। खाटू श्याम बाबा के दरबार को सयोंजक समिति द्वारा भव्य रूप से सजाया गया। दरबार में बाबा खाटू श्याम की छवि को फूल मालाओं से श्रृंगार कर सजाया गया था। संकीर्तन महोत्सव में श्याम ज्योति प्रज्वलित कर विधि विधान से पूजन कर आहुति अर्पित कर खाटू श्याम बाबा को छप्पन भोग के प्रसाद का भोग लगाया गया। तत्पश्चात श्याम संकीर्तन महोत्सव का हुआ गणेश वंदना से हुआ शुभारंभ। श्रद्धालुओं श्याम बाबा के दर्शन कर लिया आशीर्वाद। 9 बजे से श्याम बाबा का संकीर्तन शुरू किया गया जिसमें प्रसिद्ध गायक व कलाकारों ने अपनी मधुर आवाज से बाबा की महिमा का गुणगान किया गया।जिसमे वृंदावन से आये प्रसिद्ध भजन गायक अमन मिश्री ,सन्ध्या वर्मा,कानपुर की शर्मा सिस्टर्स, इंडियन आइडल फेम ऋतिक गुप्ता और कश्यप ब्रदर्स सहित कलाकरों ने बाबा श्याम के सुंदर सुंदर भजनों से रिझाया और भक्तों के अपने भजनों पर थिरकने पर मजबूर कर दिया । वृंदावन से आए अमन मिश्री ने कार्यक्रम में समा बांध दिया। कलाकारों ने सुंदर भजनों , खाटू वाले दर्दे दिल की दवा दीजिए खाटू , मोर पंख वाला मिल गया, भजन गाया तो श्याम की भक्ति में सराबोर होकर झूम उठी। कानपुर से चलकर आए शर्मा सिस्टर्स ने अपने स्वर में हरे हरे हरे हम बाबा के सहारे, जैसे भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे और नाचने लगे ।पंडाल में इत्र और पुष्प वर्षा होती रही। फूलों की होली खेली गई। श्याम संकीर्तन में मुख्य अतिथियों और पत्रकारों को बाबा के छवि ?

जिला पंचायत सभागार में लखीमपुर विधानसभा की संगठनात्मक बैठक

सुनहरा संसार मंडल ब्यूरो शीरी
जैदी



प्रभारी रमाकांत मिश्रा ने कहा कि 21-22 नवंबर को हर बूथ पर विशेष अभियान चलेगा, इसमें छूटे मतदाताओं, युवाओं और महिलाओं का नाम जुड़वाएं। सदर विधायक योगेश वर्मा ने कहा कि चुनाव का बिगुल बज चुका है, कार्यकर्ता सरकार के कामों को जनता तक पहुंचाएं। बैठक में मतदाता अभियान संयोजक अरविंद सिंह संजय ने फॉर्म भरने की प्रक्रिया समझाई। अंत में दिवंगत कार्यकर्ता रामकृष्ण गांधी को 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।

लखीमपुर खीरी में 19 नवंबर से शुरू होगा फाइलरिया उन्मूलन (आईडीए) अभियान, डीएम की अध्यक्षता में हुई मीडिया कार्यशाला

सुनहरा संसार मंडल ब्यूरो
शीरी जैदी



लखीमपुर खीरी। फाइलरिया उन्मूलन (आईडीए) अभियान को लेकर कलेक्ट्रेट के अटल सभागार में जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह की अध्यक्षता में एक मीडिया संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता भी मौजूद रहे। कार्यशाला में आगामी 19 नवंबर 2026 से शुरू होने वाले व्यापक स्वास्थ्य अभियान की रूपरेखा और तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई, जिसके तहत जनपद के चयनित ब्लॉकों में घर-घर जाकर पात्र नागरिकों को फाइलरिया रोधी दवा पिलाई जाएगी। कलेक्ट्रेट के अटल सभागार में आयोजित इस मीडिया संवेदीकरण कार्यशाला में जानकारी दी गई कि फाइलरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद में एमडीए/आईडीए अभियान आगामी 19 नवंबर 2026 से 07 दिसंबर 2026 तक संचालित किया जाएगा। इस अभियान के तहत 1 वर्ष से अधिक आयु के बच्चों और सभी पात्र व्यक्तियों को आशा एवं अन्य फ्रंटलाइन वर्करों के माध्यम से घर-घर जाकर उनके सामने फाइलरिया रोधी दवा पिलाई जाएगी, जबकि छूटे हुए व्यक्तियों को बुधवार, शनिवार व रविवार को मापअप राउंड चलाकर दवा पिलाई जाएगी। यह विशेष अभियान जनपद के 3 मुख्य ब्लॉकों—बेहजम, फूलबेहड़ एवं पसगवां में संचालित किया जाना है। अभियान को सुचारू रूप से चलाने के लिए 10 दिनों तक जनपद के प्रत्येक घर में दो सदस्यीय 756 टीमें (कुल 1512 डीए, जिसमें 01 पुरुष एवं 01 महिला सदस्य हैं) गृह भ्रमण करेंगी, जिनका 155 पर्यवेक्षकों द्वारा सुपरविजन किया जाएगा। वर्तमान में जनपद की कुल जनसंख्या 48,82,555 है, जिसके सापेक्ष औषधियों का सेवन करने वाले व्यक्तियों की लक?

एसपी अंकुर अग्रवाल ने देर रात चलाई तबादला एक्सप्रेस, पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल

सुनहरा संसार शहरोज आलम



सीतापुर। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने देर रात पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल करते हुए तबादला आदेश जारी किया। इस फेरबदल के तहत जिले के आठ थाना प्रभारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है। अचानक हुए इस प्रशासनिक फेरबदल से पुलिस महकमे में हलचल मच गई। जारी तबादला सूची के अनुसार राजेश पाठक को शहर कोतवाली की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं स्वाति चतुर्वेदी को महिला थाना प्रभारी नियुक्त किया गया है। इसके अलावा छह अन्य थाना प्रभारियों के कार्यक्षेत्र में भी बदलाव किया गया है। एसपी के इस आदेश के बाद संबंधित अधिकारियों को नवीन तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं।

मैलानी जंक्शन पर जीआरपी की बड़ी कार्रवाई, चोरी के मोबाइल के साथ दो गिरफ्तार

सुनहरा संसार सिकंदर आजम

मैलानी खीरी रेलवे स्टेशन और ट्रेनों में चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत जीआरपी ने मैलानी जंक्शन पर कार्रवाई करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बुधवार को प्लेटफॉर्म नंबर एक से दोनों आरोपियों को दबोचकर उनके कब्जे से करीब 35 हजार रुपये कीमत के दो चोरी के मोबाइल फोन बरामद किए। पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद दोनों को न्यायालय भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।जीआरपी के मुताबिक, पुलिस महानिदेशक रेलवे उत्तर प्रदेश के निर्देश पर पुलिस महानिरीक्षक रेलवे और पुलिस अधीक्षक रेलवे लखनऊ रोहित मिश्रा के निर्देशन में रेलवे स्टेशनों एवं ट्रेनों में चोरी, लूट, जहरखुरानी और मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत पुलिस उपाधीक्षक रेलवे द्वितीय के मार्गदर्शन में जीआरपी लखीमपुर के प्रभारी निरीक्षक जय प्रकाश सिंह यादव के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई।चौकी प्रभारी जीआरपी मैलानी उपनिरीक्षक सुधेश कुमार ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम के साथ प्लेटफॉर्म नंबर एक पर घेराबंदी कर दो संदिग्ध युवकों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उनकी पहचान शिवम पुत्र माया प्रकाश निवासी ग्राम ढकिया हमीदनगर, थाना सिंधौली, जनपद शाहजहांपुर और अवधेश पुत्र रामौतार निवासी ग्राम भटपुरवा, थाना गोला, जनपद लखीमपुर खीरी के रूप में हुई। तलाशी के दौरान शिवम के पास से 15 हजार रुपये कीमत का ओप्पो ए-17 और अवधेश के कब्जे से 20 हजार रुपये कीमत का वीवो मोबाइल फोन बरामद हुआ। पुलिस के अनुसार, बरामदगी मुकदमा अपराध संख्या 14/2026, धारा 305(बी) बीएनएस से संबंधित मामले के खुलासे में अहम साबित हुई है।

चिनहट क्षेत्र से छह वर्षीय बच्चा लापता, परिजनों ने पुलिस से लगाई तलाश की गुहार

हिंदी दैनिक सुनहरा संसार
अमरनाथ सिंह, जिला ब्यूरो
लखनऊ



लखनऊ। चिनहट थाना क्षेत्र के मल्हौर स्थित केशरी कॉलोनी के पास रेलवे लाइन किनारे रहने वाले एक परिवार का छह वर्षीय बच्चा अचानक लापता हो गया। बच्चे के गायब होने से परिजन परेशान हैं। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई पता नहीं चलने पर पिता ने चिनहट थाने में गुमशुदगी दर्ज कराकर पुलिस से बच्चे की तलाश करने की गुहार लगाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सजन लाल निवासी रेलवे लाइन के किनारे, केशरी कॉलोनी के पास मल्हौर का पुरवा, थाना चिनहट, लखनऊ का छह वर्षीय बेटा चंदन 16 नवंबर 2026 को दोपहर करीब दो बजे अचानक घर से लापता हो गया। परिजनों के मुताबिक, बच्चा घर से निकलने के बाद वापस नहीं लौटा। काफी देर तक उसके घर नहीं पहुंचने पर परिवार के लोगों ने उसकी तलाश शुरू की। परिजनों ने आसपास के इलाकों, रिश्तेदारों और अन्य संभावित स्थानों पर बच्चे को तलाश किया, लेकिन उसका कहीं कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद पिता सजन लाल ने 17 नवंबर को चिनहट थाने में प्रार्थना पत्र देकर बच्चे की गुमशुदगी दर्ज कराने और उसकी तलाश कराने की मांग की। लापता बच्चे का नाम चंदन, उम्र करीब छह वर्ष, रंग सावला और कद लगभग तीन से चार फीट बताया गया है। घटना के समय उसने नीली जींस की पैंट और चेकदार पीली शर्ट पहन रखी थी। परिजनों ने बच्चे की तस्वीर भी पुलिस को उपलब्ध कराई है।पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर बच्चे की तलाश के लिए आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। परिजन बच्चे की सुरक्षित वापसी को लेकर चिंतित हैं और पुलिस से जल्द तलाश किए जाने की उम्मीद कर रहे हैं।

मैलानी स्टेशन पर चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार, 35 हजार के मोबाइल बरामद

हिंदी दैनिक सुनहरा संसार।अमरनाथ सिंह,
जिला ब्यूरो लखनऊ



लखनऊ। रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत जीआरपी लखीमपुर पुलिस ने चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी के दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं, जिनकी कुल कीमत करीब 35 हजार रुपये बताई गई है। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। जीआरपी के मुताबिक, पुलिस महानिदेशक रेलवे उत्तर प्रदेश के निर्देश पर पुलिस महानिरीक्षक रेलवे लखनऊ और पुलिस अधीक्षक रेलवे लखनऊ के निर्देशन में ट्रेनों एवं रेलवे स्टेशनों पर चोरी, लूट, जहरखुरानी और मादक पदार्थों की तस्करी जैसी घटनाओं की रोकथाम के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत पुलिस उपाधीक्षक रेलवे द्वितीय के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक जीआरपी लखीमपुर के नेतृत्व में गठित टीम ने 18 नवंबर को मुखबिर की सूचना पर मैलानी जंक्शन रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।गिरफ्तार आरोपियों की पहचान शिवम पुत्र मायाप्रकाश, निवासी ढकिया हमीदनगर, थाना सिंधौली, जनपद शाहजहांपुर, उम्र करीब 25 वर्ष तथा अवधेश पुत्र रामौतार, निवासी भटपुरवा, थाना गोला, जनपद लखीमपुर खीरी, उम्र करीब 32 वर्ष के रूप में हुई है। पुलिस ने शिवम के कब्जे से ओप्पो ए-17 मोबाइल फोन, जिसकी कीमत करीब 15 हजार रुपये है, जबकि अवधेश के कब्जे से वीवो कंपनी का मोबाइल फोन, जिसकी कीमत करीब 20 हजार रुपये बताई गई है, बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपी थाना जीआरपी लखीमपुर में दर्ज मुकदमा संख्या 14/2026, धारा 305(बी) बीएनएस के मामले में संलिप्त थे। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2) और 317(4) बीएनएस की बढ़ोतरी की गई है। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक, गिरफ्तार शिवम के खिलाफ शाहजहांपुर और निगोही थानों में मारपीट, गाली-गलौज, धमकी तथा चोरी और चोरी का माल बरामदगी से संबंधित पूर्व मुकदमे दर्ज हैं। वहीं अवधेश के खिलाफ लखीमपुर खीरी जनपद के गोला और कोतवाली सदर थानों में चोरी, धोखाधड़ी, माल बरामदगी तथा गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमे दर्ज होने की जानकारी पुलिस ने दी है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में मैलानी जीआरपी चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक सुधेश कुमार, हेड कांस्टेबल रोशन कुमार और कांस्टेबल पिंकू कुमार शामिल रहे।

गोरखपुर को मिलेगा प्रदेश का पहला वानिकी एवं औद्यानिकी विश्वविद्यालय, 491 करोड़ से होगा निर्माण

हिंदी दैनिक सुनहरा संसार
अमरनाथ सिंह, जिला ब्यूरो
लखनऊ



गोरखपुर । गोरखपुर के विकास और शैक्षणिक विस्तार में एक और ऐतिहासिक अध्याय जुड़ने जा रहा है। प्रदेश के पहले महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय के बाद अब गोरखपुर को उत्तर प्रदेश के पहले वानिकी एवं औद्यानिकी विश्वविद्यालय की सौगात मिलने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार, 19 नवंबर को कैंपियरगंज तहसील के भारीवैसी में प्रस्तावित विश्वविद्यालय की आधारशिला रखेंगे। करीब 50 हेक्टेयर भूमि पर 491 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला यह विश्वविद्यालय वानिकी, औद्यानिकी, पर्यावरण संरक्षण और प्राकृतिक संसाधनों के प्रबंधन के क्षेत्र में उच्च शिक्षा एवं शोध का प्रमुख केंद्र बनेगा। इस परियोजना के साथ गोरखपुर प्रदेश के शैक्षणिक मानचित्र पर एक नई पहचान स्थापित करेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में गोरखपुर बीते वर्षों में उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा और शोध के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ा है। जिले में पहले से दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय और प्रदेश का पहला महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय संचालित हैं। अब वानिकी एवं औद्यानिकी विश्वविद्यालय की स्थापना के साथ जिले में विश्वविद्यालयों की संख्या पांच हो जाएगी। इनमें आयुष विश्वविद्यालय और प्रस्तावित वानिकी एवं औद्यानिकी विश्वविद्यालय अपनी विशिष्ट शैक्षणिक संरचना और पाठ्यक्रमों के कारण प्रदेश में अलग पहचान रखने वाले संस्थान होंगे। इससे गोरखपुर को नॉलेज कैपिटल के रूप में विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। जिलाधिकारी दीपक मीणा के अनुसार कैंपियरगंज के भारीवैसी क्षेत्र में बनने वाला विश्वविद्यालय आधुनिक शैक्षणिक और अनुसंधान सुविधाओं से सुसज्जित होगा। इसके लिए लगभग 50 हेक्टेयर यानी 123.55 एकड़ भूमि चिह्नित की गई है। निर्माण पर 491 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। विश्वविद्यालय का उद्देश्य वानिकी, कृषि वानिकी, औद्यानिकी और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्रों में उच्च स्तरीय शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार तथा तकनीकी विकास को बढ़ावा देना है। संस्थान के शुरू होने से उत्तर प्रदेश और आसपास के राज्यों के विद्यार्थियों को वन विज्ञान, पर्यावरण प्रबंधन और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण में विशेषज्ञता हासिल करने का अवसर मिलेगा। प्रभागीय वनाधिकारी शुभम सिंह के अनुसार विश्वविद्यालय में वानिकी एवं औद्यानिकी, वन्यजीव संरक्षण, जलवायु परिवर्तन, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन, एग्रोफॉरेस्ट्री, फल उत्पादन और बागवानी जैसे विषयों में स्नातक, परास्नातक, पीएचडी और डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित किए जाएंगे। यहां से डिग्री प्राप्त विद्यार्थियों को उत्तर प्रदेश राज्य वन सेवा तथा क्षेत्रीय वन अधिकारी के पदों पर क्षैतिज आरक्षण दिए जाने का प्रस्ताव भी है, जिससे वन एवं पर्यावरण क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।विश्वविद्यालय परिसर में प्रशासनिक भवन, दो शैक्षणिक ब्लॉक, केंद्रीय पुस्तकालय, बहुउद्देशीय सभागार, 895 विद्यार्थियों की क्षमता वाले छात्रावास, 401 आवासीय इकाइयां, किसान कल्याण केंद्र, स्वास्थ्य केंद्र, अतिथि गृह और अन्य आधुनिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी। विश्वविद्यालय के माध्यम से किसानों को आधुनिक बागवानी, कृषि वानिकी और पर्यावरण अनुकूल खेती की तकनीकों से जोड़ने की भी योजना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को कैंपियरगंज में विश्वविद्यालय की आधारशिला रखने के साथ ही गोरखपुर में 792 करोड़ रुपये से अधिक की 55 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। इनमें 491 करोड़ रुपये की वानिकी एवं औद्यानिकी विश्वविद्यालय समेत 621.05 करोड़ रुपये की 16 परियोजनाओं का शिलान्यास किया जाएगा, जबकि 171.13 करोड़ रुपये की 39 परियोजनाओं का लोकार्पण मुख्यमंत्री के हाथों होगा। इन परियोजनाओं से क्षेत्र में शिक्षा, आधारभूत सुविधाओं, विकास और जनकल्याण से जुड़े कार्यों को नई गति मिलने की उम्मीद है। वानिकी एवं औद्यानिकी विश्वविद्यालय की स्थापना गोरखपुर के लिए केवल एक शैक्षणिक संस्थान का विस्तार नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण, हरित अर्थव्यवस्था, शोध और रोजगार के नए अवसरों की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी।

विश्व मधुमेह दिवस पर राधा कृष्ण विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

बबली सुनहरा संसार
मोहम्मदी संवाददाता



मोहम्मदी, खीरी। विश्व मधुमेह दिवस के अवसर पर राधा कृष्ण विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, मोहम्मदी, खीरी में विद्यार्थियों को मधुमेह (डायबिटीज) रोग के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (CHC), मोहम्मदी से पधारे श्री निशांत शुक्ला, श्री राजिद खान (काउंसलर) एवं श्री रविन्द्र मिश्रा ने विद्यार्थियों को मधुमेह रोग के कारणों, लक्षणों, बचाव एवं स्वस्थ जीवनशैली के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधियों ने बच्चों को बताया कि संतुलित आहार, नियमित शारीरिक गतिविधि, योग एवं व्यायाम तथा स्वस्थ दिनचर्या अपनाकर मधुमेह के जोखिम को कम किया जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वयं जागरूक रहने के साथ-साथ अपने परिवार और समाज में भी स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री रामकुमार यादव जी ने स्वास्थ्य विभाग की टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता भी अत्यंत आवश्यक है। ऐसे कार्यक्रम बच्चों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

प्रसूता की मौत के मामले में जीवन हॉस्पिटल के प्रबंधक और पैरामेडिकल स्टाफ के खिलाफ एफआईआर दर्ज

सुनहरा संसार फिरोज आलम



सीतापुर। शहर के शाहजहांपुर रोड स्थित मोदीनगर काशीराम कॉलोनी के निकट संचालित निजी चिकित्सालय जीवन हॉस्पिटल में प्रसूता की मौत के मामले में रामकोट पुलिस ने अस्पताल प्रबंधन और पैरामेडिकल स्टाफ के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पुलिस ने 17 नवंबर 2026 को मुकदमा अपराध संख्या 0315 दर्ज किया है। मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 106(1) के तहत कार्रवाई की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 26 अक्टूबर 2026 को प्रसूता रिंकी शर्मा पत्नी रिंकू निवासी मैगलगंज जनपद सीतापुर की जीवन हॉस्पिटल में उपचार के बाद मौत हो गई थी। इस घटना को लेकर चिकित्सकीय लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल प्रबंधन के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी सीतापुर के आदेश संख्या जी0अधि0/जांच/2026-27/6619 दिनांक 27 अक्टूबर 2026 के माध्यम से जांच कमेटी का गठन किया गया था। जांच कमेटी में डॉ. अमिता त्रिपाठी स्त्री रोग विशेषज्ञ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिधौली, डॉ. इमरान अली उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी सीतापुर तथा जनार्दन उपजिलाधिकारी सीतापुर को नामित किया गया था। जांच कमेटी ने प्रकरण की जांच कर अपनी आख्या प्रस्तुत की। एफआईआर में दर्ज तहरीर के अनुसार जांच में चिकित्सक और पैरामेडिकल स्टाफ की लापरवाही के कारण प्रसूता की मृत्यु होने की बात सामने आई। इसके बाद संबंधित चिकित्सक और पैरामेडिकल स्टाफ के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने की मांग की गई। रामकोट थाने में 17 नवंबर 2026 को दोपहर 3:20 बजे एफआईआर दर्ज की गई। मुकदमे में डॉ. मोहम्मद त

रजि. नंबर RNI N0. UPHIN/2005/24731, प्रकाशक उमा सिंह व प्रधान संपादक राघवेन्द्र सिंह जादौन, उमा प्रिंटिंग प्रेस पंजीकृत कार्यालय इंदिरा नगर टूंडला चौराहा टूंडला फिरोजाबाद से प्रकाशित।
प्रधान कार्यालय एसबी/64 सेक्टर 70 नोयडा उत्तर प्रदेश- 9412162614। Email- sunharasansar@gmail.com, सभीवाद -विवादों का निपटारा आगरा न्यायालय में होगा।

बकाया भुगतान न करने पर जिला निर्वाचन कार्यालय के 11 बैंक खाते कुर्क करने के आदेश

सुनहरा संसार मंडल ब्यूरो शीरी जैदी

लखीमपुर खीरी। चुनावी सेवाओं के बकाया भुगतान में लगातार टालमटोल करना जिला प्रशासन और निर्वाचन कार्यालय को भारी पड़ गया है। न्यायालय सिविल जज (सीनियर डिवीजन), लखीमपुर खीरी ने एक पुराने निष्पादन वाद (संख्या-20/2017) में सख्त रुख अपनाते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी के 11 सरकारी बैंक खातों को कुर्क करने का आदेश जारी किया है। यह कार्रवाई 'मेसर्स पंजाब टेन्ट हाउस' (प्रो. दलजीत सिंह बग्गा) की बकाया डिक्री धनराशि 1,82,31,268 रुपये का भुगतान न किए जाने के मामले में की गई है।मामला पंचायत चुनाव के दौरान उपलब्ध कराई गई टेंट व अन्य सेवाओं के भुगतान से जुड़ा है। बकाया राशि न मिलने पर फर्म ने वर्ष 2017 में न्यायालय की शरण ली थी। अदालत के बार-बार आदेश के बावजूद प्रशासन ने भुगतान नहीं किया। पूर्व में जब न्यायालय ने जिला कोषागार के खाते कुर्क किए थे, तब प्रशासन ने एक निश्चित लेखा शीर्षक से भुगतान करने का लिखित आश्वासन (अंडरटेकिंग) देकर खातों को अवमुक्त करा लिया था। इसके बावजूद प्रशासन अपने वादे से मुकर गया और 30 मई 2026 के आदेश का पालन न करते हुए भुगतान रोक दिया। इसके बाद कोर्ट के आदेश पर निर्वाचन कार्यालय के एसी, फर्नीचर और अन्य उपकरण भी कुर्क किए गए, लेकिन उनसे इतनी बड़ी बकाया राशि की भरपाई संभव नहीं हो सकी। एसबीआई के 11 खाते होंगे कुर्क, 3 को मिली राहत डिक्रीदार की ओर से दाखिल प्रार्थना पत्र (193ग2) पर सुनवाई करते हुए न्यायाधीश ने 17 नवंबर 2026 को यह महत्वपूर्ण फैसला सुनाया

थाना हैदराबाद पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के मामले में दो आरोपीयों को गिरफ्तार कर न्यायालय में किया पेश

सुनहरा संसार ब्यूरो प्रमुख जियाउल्ला खान



लखीमपुर खीरी के थाना हैदराबाद पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के मामले में वांछित पवन और शिवानी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने दोनों को माननीय न्यायालय में पेश किया। पुलिस के मुताबिक, पवन जमुना का बेटा है और उसकी उम्र करीब 24 साल हैं। वह शुक्लावार्ड, कस्बा धौरहरा, थाना धौरहरा का निवासी है। करीब 43 साल की शिवानी मनीराम उरफ मन्नी की पत्नी हैं। वह ग्राम गुदरिया, थाना धौरहरा की रहने वाली हैं। पुलिस ने दोनों को मुकदमा नंबर 328/26 और उत्तर प्रदेश गैंगस्टर एक्ट की धारा 2(ख)(1)/3 के तहत गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग के निर्देशन में कार्रवाई हुई। थाना प्रभारी निरीक्षक महेश पाठक ने पुलिस टीम का नेतृत्व किया। आरोपियों को कानूनी कार्रवाई के लिए खीरी की अदालत भेजा गया।

बांकेगंज पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में किया पेश

सुनहरा संसार सिकंदर आजम



मैलानी थाना के बाकेगंज चौकी पुलिस ने बुधवार, 18 नवंबर को पुराने मुकदमों में गैर-जमानती आदेशों के तहत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने कार्रवाई के बाद उन्हें न्यायालय में पेश किया। पुलिस के मुताबिक, जिले में वांछित आरोपियों को पकड़ने के अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। क्षेत्राधिकारी गोला के पर्यवेक्षण और मैलानी थाना प्रभारी रमेशचन्द्र पांडेय के नेतृत्व में चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक अंकुर कुमार ने पुलिस टीम के साथ गिरफ्तारी की। गिरफ्तार आरोपियों में भीखमपुर ग्रंट नंबर-11 निवासी अरविन्द कुमार पुत्र बाबूराम, जवाहरपुर निवासी इन्द्रपाल पुत्र चिंतालाल और देवीपुर ग्रंट नंबर-10 निवासी कैशव पुत्र कल्लू शामिल हैं। तीनों मैलानी थाना क्षेत्र के निवासी हैं। पुलिस टीम में चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक अंकुर कुमार, हेड कांस्टेबल श्याम कुमार वर्मा और कांस्टेबल राहुल सिकरवार शामिल थे।

राष्ट्रवादी ब्रह्म महासभा में बड़ा संगठनात्मक विस्तार, पीडी दुबे को प्रदेश महासचिव और संतोष अवस्थी को मिली तहसील की कमान

सुनहरा संसार आदित्य बाजपेई



लखनऊ। राष्ट्रवादी ब्रह्म महासभा (रजिस्टर्ड) भारत ने संगठन को नई गति देने की दिशा में महत्वपूर्ण संगठनात्मक नियुक्तियां की हैं। केंद्रीय कार्यालय में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्याम तिवारी की उपस्थिति में पूर्व वरिष्ठ अभियंता पीडी दुबे को उत्तर प्रदेश का प्रदेश महासचिव नियुक्त किया गया, जबकि मोहनलालगंज तहसील में संगठन की जिम्मेदारी संतोष कुमार अवस्थी को सौंपते हुए उन्हें तहसील अध्यक्ष मनोनीत किया गया।पीडी दुबे की नियुक्ति का प्रस्ताव राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राकेश शुक्ला ने रखा, जिसका प्रदेश अध्यक्ष एमबी त्रिपाठी ने समर्थन किया। इसके उपरांत राष्ट्रीय अध्यक्ष श्याम तिवारी ने उन्हें प्रदेश महासचिव का दायित्व प्रदान किया। वहीं, संतोष कुमार अवस्थी को मोहनलालगंज तहसील अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई।नियुक्तियों के माध्यम से संगठन ने अपने सांगठनिक ढांचे को मजबूत करने और जमीनी स्तर पर सक्रियता बढ़ाने की दिशा में कदम बढ़ाया है। पदाधिकारियों ने दोनों नवनियुक्त जिम्मेदारों को शुभकामनाएं देते हुए संगठन की नीतियों, सामाजिक एकजुटता और विप्र समाज के हितों के लिए समर्पित भाव से कार्य करने की अपेक्षा जताई।इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष एमबी त्रिपाठी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राकेश शुक्ला, प्रदेश प्रवक्ता जीएस दुबे एवं लखनऊ जिलाध्यक्ष दिनेश अवस्थी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

जानलेवा फायरिंग के मामले में दो आरोपित गिरफ्तार, घटना में प्रयुक्त तमंचा बरामद

सुनहरा संसार ब्यूरो पवन पाठक



एटा। कोतवाली नगर पुलिस ने जान से मारने की नीयत से फायरिंग करने के मामले में नामजद दो आरोपितों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त अवैध तमंचा और एक कारतूस (315 बोर) बरामद किया है। बरामदगी के आधार पर प्रकरण में शस्त्र अधिनियम की धाराओं की भी बढ़ोतरी की गई है।पुलिस के अनुसार, ग्राम चौचा वनगांव निवासी सुनील कुमार पुत्र यादराम सिंह ने कोतवाली नगर में तहरीर देकर बताया था कि 5 नवंबर 2026 को रात करीब 8:40 बजे वह निधौली रोड स्थित श्रृंगार नगर में अपनी व्यायामशाला पर खड़े थे। इसी दौरान मोटरसाइकिल सवार विश्वराज पुत्र रविन्द्र यादव निवासी एमपी नगर, अंधी मोड़ ने अपने साथियों के साथ मिलकर उन्हें जान से मारने की नीयत से गोली चला दी। इस संबंध में कोतवाली नगर में मुकदमा अपराध संख्या 560/26 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धाराओं 191(2), 191(3), 190 एवं 109(1) में अभियोग पंजीकृत कर विवेचना की जा रही है।मामले को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. इलामारन ने घटना के शीघ्र अनावरण और आरोपितों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे। अपर पुलिस अधीक्षक श्वेताभ पाण्डेय एवं अपर पुलिस अधीक्षक अपराध सच्चिदानंद के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी नगर कीर्तिका सिंह के नेतृत्व में कोतवाली नगर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अभियोग में नामजद ओमपाल उर्फ ओपी पुत्र मुकेश तथा आशीष उर्फ इन्द्रजीत पुत्र रामगोपाल निवासीगण अम्बारी, थाना कोतवाली देहात, जनपद एटा को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार आरोपितों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक अवैध तमंचा और 315 बोर का एक कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर अभियोग में आयुध अधिनियम की धारा 3/25/27 की बढ़ोतरी करते हुए अग्रिम विधिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी है।पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपितों में ओमपाल उर्फ ओपी की आयु करीब 23 वर्ष तथा आशीष उर्फ इन्द्रजीत की आयु करीब 25 वर्ष है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह पवार एवं उपनिरीक्षक गगनदीप सिंह शामिल रहे।

लखीमपुर पलिया क्षेत्र के घोला निषाद नगर में युवक की गला काटकर हत्या : खेत के पास मिला शव

सुनहरा संसार ब्यूरो प्रमुख जियाउल्ला खान



लखीमपुर खीरी के पलिया क्षत्र के घोला निषादनगर गांव में बुधवार को करीब 30 वर्षीय युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस के मुताबिक, युवक की धारदार हथियार से गला काटकर हत्या की गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। मामले में प्रेम प्रसंग की आशंका भी जताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक, गांव के प्रधान ने संपूर्णानगर पुलिस को सूचना दी कि निषादनगर निवासी हरेन्द्र का शव खेत की ओर जाने वाले कच्चे रास्ते पर पड़ा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और साक्ष्य जुटाए।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। इस बीच मृतक की पत्नी के लापता होने की चर्चा सामने आई। पुलिस ने उसकी पत्नी अरनीता को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। संपूर्णानगर थानाध्यक्ष कृष्ण कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर हत्या के कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है।

श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिन सुनाई गई कृष्ण-सुदामा मित्रता की कथा

सुनहरा संसार ब्यूरो बांदा



जनपद के कमासिन कस्बे के श्रीरामलीला प्रांगण में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिवस कथा व्यास पंडित अजय अवस्थी ने रुक्मिणी विवाह के आगे के प्रसंगों का वर्णन करते हुए भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की अटूट मित्रता की कथा का भावपूर्ण रसपान कराया। कथा के दौरान श्रद्धालु भक्ति भाव में सराबोर हो गए। कथा व्यास ने कहा कि इस संसार में ब्रह्म एक हैं, जिनके अनेक रूप हैं। भगवान सर्वव्यापी हैं और समस्त प्राणियों की रक्षा करते हैं। वे संतों को आनंद प्रदान करने वाले तथा अपने भक्तों पर सदैव कृपा बरसाने वाले हैं। उन्होंने बताया कि श्रीमद्भागवत में सुदामा गृहस्थ जीवन व्यतीत करते हुए भी विरक्त स्वभाव के थे। पत्नी सुशीला के आग्रह पर गरीबी से परेशान होकर वे अपने बाल सखा भगवान श्रीकृष्ण से मिलने द्वारिका पहुंचे। सुदामा के द्वारिका पहुंचने की जानकारी मिलते ही भगवान श्रीकृष्ण नंगे पांव दौड़े चले आए और अपने निर्धन ब्राह्मण मित्र को हृदय से लगा लिया। इसके बाद उन्हें अपने सिंहासन पर बैठाकर रानियों सहित उनके चरण पखारे। कथा व्यास ने इस प्रसंग का मार्मिक वर्णन करते हुए कहा कि भगवान जब अपने भक्तों पर प्रसन्न होते हैं तो उन्हें सब कुछ प्रदान कर देते हैं। सच्ची मित्रता में ऊंच-नीच और अमीरी-गरीबी का कोई स्थान नहीं होता। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति में अभिवादन और बड़ों का सम्मान करने से आयु, विद्या, यश और बल की प्राप्ति होती है।

जेठ और जेठानी ने पति-पत्नी को पीटा, गाली-गलौज कर किया घायल

हिंदी दैनिक सुनहरा संसार अमरनाथ सिंह, जिला ब्यूरो लखनऊ



लखनऊ। आलमबाग थाना क्षेत्र के आरती नगर, गढ़ी कनौरा में पारिवारिक विवाद के दौरान एक दंपती के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता जूली शर्मा ने अपने जेठ कृष्ण कुमार और जेठानी अंजू शर्मा पर मारपीट एवं गाली-गलौज करने का आरोप लगाते हुए आलमबाग थाने में प्रार्थना पत्र दिया है। पीड़िता जूली शर्मा पत्नी मनोज कुमार शर्मा, निवासी मकान संख्या 283/701/620, आरती नगर, गढ़ी कनौरा, लखनऊ ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि उनके जेठ कृष्ण कुमार और जेठानी अंजू शर्मा ने उनके साथ तथा उनके पति मनोज कुमार शर्मा के साथ मारपीट और गाली-गलौज की। इस घटना में दोनों पति-पत्नी को चोटें आईं।

पीड़िता ने थाना प्रभारी आलमबाग से मामले में शिकायत दर्ज कर उचित कार्रवाई किए जाने की मांग की है। पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र के आधार पर मामले की जांच एवं आवश्यक कार्रवाई की अपेक्षा की जा रही है।

टावर का गेट खुला मिलने पर सामने आई चोरी, संचालन व्यवस्था बाधित होने से कंपनी को नुकसान

हिंदी दैनिक सुनहरा संसार अमरनाथ सिंह, जिला ब्यूरो लखनऊ



लखनऊ। हसनगंज थाना क्षेत्र के हनुमान सेतु चौराहे के पास स्थित मोबाइल टावर से अज्ञात चोर तीन लिथियम बैटरियां चोरी कर ले गए। चोरी की घटना से टावर की संचालन व्यवस्था प्रभावित हुई और कंपनी को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। मामले में कंपनी के टेक्निशियन ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। प्रार्थी दीपक सिंह पुत्र ऐन सिंह, निवासी सेक्टर-बी, प्रियदर्शनी कॉलोनी, निरालानगर, लखनऊ ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह आरएस कंपनी में टेक्निशियन के पद पर कार्यरत हैं। हसनगंज थाना क्षेत्र के हनुमान सेतु चौराहे पर इंडस कंपनी का मोबाइल टावर (आईएन-3353155) लगा हुआ है। 31 अक्टूबर 2026 की सुबह करीब 10:30 बजे वह टावर के पास से गुजर रहे थे, तभी उन्होंने टावर का गेट खुला देखा। अंदर जाकर जानकारी करने पर पता चला कि टावर में लगी एक्साइड कंपनी की 300 एएमएच क्षमता वाली तीन लिथियम बैटरियां गायब थीं। प्रार्थी के अनुसार अज्ञात चोर बैटरियां चोरी कर ले गए, जिससे टावर की संचालन व्यवस्था बाधित हुई और कंपनी को नुकसान पहुंचा। काफी छानबीन के बाद उन्होंने पुलिस को लिखित शिकायत दी। पीड़ित ने मामले की जांच कर चोरी की घटना में प्राथमिकी दर्ज करने तथा आवश्यक कार्रवाई किए जाने की मांग की है। पुलिस की ओर से मामले में अभियोग पंजीकृत कर जांच किए जाने की प्रक्रिया का उल्लेख तहरीर में किया गया है।

मतदाता साक्षरता क्लब के माध्यम से युवाओं को मतदान के प्रति किया जागरूक

सुनहरा संसार ब्यूरो पवन पाठक



अलीगंज (एटा)। युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ने तथा मतदान के प्रति जागरूक बनाने के उद्देश्य से मतदाता साक्षरता क्लब के माध्यम से चलाया जा रहा जागरूकता अभियान बुधवार को भी जारी रहा। इस क्रम में अलीगंज क्षेत्र के ग्राम गाही स्थित श्रीरामपाल कांति देवी कॉलेज तथा ग्राम विथरा स्थित रामबाग इंटर कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों में छात्र-छात्राओं को मतदान के महत्व, मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने तथा नए मतदाता के रूप में पंजीकरण कराने की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई।कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को बताया गया कि मतदान केवल संवैधानिक अधिकार ही नहीं, बल्कि प्रत्येक जागरूक नागरिक का महत्वपूर्ण दायित्व भी है। लोकतंत्र की मजबूती में प्रत्येक मतदाता की भागीदारी महत्वपूर्ण होती है। इसलिए युवाओं को स्वयं मतदान के प्रति जागरूक होने के साथ ही अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करना चाहिए।विशेष रूप से 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के छात्र-छात्राओं को जानकारी दी गई कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने के बाद वे मतदाता बनने के लिए आवेदन कर सकते हैं। जिन युवाओं का नाम अभी तक मतदाता सूची में सम्मिलित नहीं है, वे अपने क्षेत्र के बूथ स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) से संपर्क कर पंजीकरण करा सकते हैं। इसके अतिरिक्त मतदाता सूची में नाम, पता अथवा अन्य विवरण में त्रुटि होने पर निर्धारित प्रक्रिया के माध्यम से संशोधन भी कराया जा सकता है।शिक्षकों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षण संस्थानों में ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य युवाओं में लोकतांत्रिक मूल्यों, नागरिक कर्तव्यों और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना है। युवा वर्ग देश का भविष्य है। उसकी सक्रिय एवं जागरूक भागीदारी से लोकतांत्रिक व्यवस्था और अधिक सशक्त बन सकती है।विद्यार्थियों से अपील की गई कि वे स्वयं मतदाता बनने के लिए आगे आएं तथा अपने परिवार के सभी पात्र सदस्यों को भी मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए प्रेरित करें। मतदाता साक्षरता क्लब के माध्यम से क्षेत्र के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित कर युवाओं को मतदान प्रक्रिया से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। बुधवार को गाही और विथरा में आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से भी अधिकाधिक युवाओं को लोकतंत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का संदेश दिया गया।

खंडित मूर्तियों का नर सेवा नारायण सेवा ने किया भूविसर्जन

सुनहरा संसार आदित्य बाजपेई



उन्नाव। नर सेवा नारायण सेवा समिति के संस्थापक विमल द्विवेदी द्वारा दीपावली से पूर्व नगर के प्रमुख मंदिरों में खंडित मूर्तियों व अन्य पूजन सामग्री के संग्रह के लिए संग्रह केंद्र व " विसर्जन पात्र "रखवाए गए थे । इन केंद्रों पर एकत्रित हुई खंडित मूर्तियों व पूजन सामग्री को आज संस्था के संस्थापक विमल द्विवेदी के में नेतृत्व में समिति के पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने अपने निजी वाहनों से लेकर चौरा नहर के किनारे पहुंचकर पूरे विधि-विधान व पूजन-अर्चन के उपरांत भू-विसर्जित किया ।विमल द्विवेदी ने कहा कि जिन्हें हम साल भर पूछते हैं उन्हें सम्मान से विदा करने की भी जिम्मेदारी हम सब की है। इसी क्रम में हम सबने आज ढोल नगाड़ों के साथ "विसर्जन उत्सव " के रूप में विसर्जन यात्रा निकालकर सभी खंडित मूर्तियों। को भू विसर्जित किया गया है 'उन्होंने कहा कि समिति का उद्देश्य है कि जिन्हें हम साल भर मंदिरों व घरों में पूजते हैं, उनका ससम्मान विसर्जन हो साथ ही जल में विसर्जन न करके भू-विसर्जन के माध्यम से जल प्रदूषण रोकने का प्रयास किया जाए।

समिति ने नगरवासियों से अपील की है कि खंडित मूर्तियों व पूजन सामग्री को इधर-उधर न फेंकें, बल्कि संग्रह केंद्रों पर जमा कराएं, ताकि उनका ससम्मान विसर्जन कर सके '

इस अवसर पर विमल द्विवेदी व अनीता द्विवेदी , जिला प्रभारी अजय त्रिवेदी , जिलाध्यक्ष राकेश राजपूत, कल्याणी सभासद सुशील तिवारी गुड्डा , कमलेश बाजपेई, योगेन्द्र तिवारी,आलोक शुक्ला, परिमल मिश्रा, संदीप सिंह , राजेंद्र राजपूत, मनीष मिश्रा, मिलन राजपूत, अखिल मिश्रा ,अमित शुक्ला, समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने विधिवत पूजन कर मूर्तियों को ससम्मान भू-विसर्जित किया।

ठंड से बचाव के लिए आजमनगर गौशाला का औचक निरीक्षण, चारों ओर तिरपाल लगाने के निर्देश

सुनहरा संसार ब्यूरो पवन पाठक



अलीगंज (एटा)। मौसम में लगातार हो रहे बदलाव और बढ़ती ठंड के दृष्टिगत गौशालाओं में संरक्षित गोवंश को शीतलहर से सुरक्षित रखने के लिए प्रशासन ने व्यवस्थाओं की निगरानी तेज कर दी है। इसी क्रम में बुधवार को अलीगंज क्षेत्र के आजमनगर स्थित गौशाला का उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी (डिप्टी सीवीओ) डॉ. रविकांत ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गोवंश के रखरखाव, ठंड से बचाव तथा गौशाला में उपलब्ध आवश्यक सुविधाओं का जायजा लेकर संबंधित कर्मचारियों को व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान डॉ. रविकांत ने गौशाला परिसर में गोवंश के रहने, बैठने और विश्राम करने के स्थानों का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने निर्देश दिए कि गौशाला के चारों ओर पर्याप्त मात्रा में तिरपाल एवं पन्नी लगाई जाए, जिससे ठंडी हवाओं का सीधा प्रभाव पशुओं पर न पड़े। साथ ही पशुओं के बैठने और आराम करने वाले स्थानों को भी ठंड से सुरक्षित बनाया जाए।उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया कि गोवंश को सर्दी से बचाने के लिए आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता समय रहते सुनिश्चित की जाए। व्यवस्थाओं में किसी प्रकार की कमी पाए जाने पर तत्काल उसे दूर कराया जाए। पशुओं के रखरखाव, संरक्षण और देखभाल में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।डॉ. रविकांत ने कहा कि मौसम के प्रतिकूल प्रभाव से गौशालाओं में संरक्षित गोवंश को सुरक्षित रखना सभी संबंधित कर्मचारियों की जिम्मेदारी है। ठंड का प्रकोप बढ़ने से पहले ही सभी आवश्यक इंतजाम पूरे कर लिए जाएं, ताकि पशुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।उन्होंने निदेर्शों का समयबद्ध अनुपालन सुनिश्चित करने और गौशाला की व्यवस्थाओं को निरंतर दुरुस्त रखने पर विशेष बल दिया।

जनसुनवाई में उठा ECCE अनुदेशकों के मानदेय का मामला, डीएम ने दो दिन में कराया निस्तारण

सुनहरा संसार ब्यूरो पवन पाठक



एटा। जिलाधिकारी एम. अरुन्मोली ने जनसुनवाई के दौरान सामने आए ईसीसीई (प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा) अनुदेशकों के लंबित मानदेय के प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए महज दो दिन में उसका निस्तारण करा दिया। जिलाधिकारी के त्वरित हस्तक्षेप के बाद 18 नवंबर को जनपद के सभी ईसीसीई अनुदेशकों के बैंक खातों में दो माह का बकाया मानदेय हस्तांतरित कर दिया गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार, 16 नवंबर 2026 को जनसुनवाई के दौरान ईसीसीई अनुदेशकों के मानदेय भुगतान में विलंब का मामला जिलाधिकारी के संज्ञान में आया था। अनुदेशकों ने अपना लंबित मानदेय दिलाए जाने की मांग उठाई थी। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल प्रभावी कार्रवाई कर भुगतान सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी के निदेर्शों के क्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने संबंधित विभाग एवं कार्यदायी संस्था के साथ समन्वय स्थापित कर भुगतान की प्रक्रिया शीघ्र पूरी कराई। इसके फलस्वरूप 18 नवंबर को सभी ईसीसीई अनुदेशकों के खातों में दो माह का लंबित मानदेय पहुंच गया।वहीं, मानदेय भुगतान में हुई देरी पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को संबंधित लेखाकार से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए हैं, ताकि विलंब के वास्तविक कारणों का पता लगाने के साथ जिम्मेदारी भी निर्धारित की जा सके।लंबे समय से लंबित मानदेय का भुगतान मिलने पर ईसीसीई अनुदेशकों ने जिलाधिकारी एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के प्रति आभार व्यक्त किया। जनसुनवाई में प्राप्त शिकायत का महज दो दिन में समाधान होने से जिला प्रशासन की त्वरित कार्यवाही और जनशिकायतों के समयबद्ध निस्तारण की कार्यप्रणाली सामने आई है।

पुरानी पेंशन बहाली और टीईटी अनिवार्यता समाप्त करने को शिक्षकों का हुंकार, बीएसए कार्यालय पर गरजा धरना

सुनहरा संसार ब्यूरो पवन पाठक



एटा। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर बुधवार को संगठन के बैनर तले शिक्षकों ने अपनी 12 सूत्रीय मांगों को लेकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) कार्यालय पर विशाल धरना-प्रदर्शन किया। धरने में बड़ी संख्या में शिक्षक एवं संगठन के पदाधिकारी शामिल हुए। माध्यमिक शिक्षक संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष रामलाल कुशवाहा की उपस्थिति में आयोजित प्रदर्शन के दौरान शिक्षकों ने पुरानी पेंशन बहाली, टीईटी की अनिवार्यता समाप्त करने तथा एसटीएफ जांच पर रोक लगाने सहित विभिन्न मांगों को प्रमुखता से उठाया।धरने को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष राकेश चौहान ने कहा कि वर्ष 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर थोपी गई शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) की अनिवार्यता के विरोध में संगठन का संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि वर्षों से शिक्षण कार्य कर रहे अनुभवी शिक्षकों के हितों की अनदेखी किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी।जिला मंत्री नेम सिंह वर्मा ने शिक्षकों के शैक्षिक प्रमाण पत्रों की एसटीएफ से कराई जा रही जांच पर आपत्ति जताते हुए कहा कि जांच के नाम पर शिक्षकों का उत्पीड़न किया जा रहा है। संगठन इसे किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने प्रमाण पत्रों की एसटीएफ जांच का आदेश तत्काल निरस्त करने की मांग की।

वहीं, शैलेन्द्र सिंह तोमर, धर्मेन्द्र उपाध्याय एवं आलोक वार्ष्णेय ने पुरानी पेंशन योजना को पुनः लागू करने की मांग उठाते हुए कहा कि सेवानिवृत्त शिक्षकों के भविष्य की आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है। वक्ताओं ने पदोन्नति प्रक्रिया में व्याप्त विसंगतियों को दूर कर प्रधानाध्यापक के रिक्त पदों को शीघ्र भरने की भी मांग की।धरना-प्रदर्शन को संजय चौहान, के.पी. सिंह, अजय यादव, विवेक चौहान, धर्मदेव, नागेंद्र सिंह एवं राहुल चौहान सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी संबोधित किया।संघ की प्रमुख मांगों में एक अप्रैल 2005 के बाद नियुक्त एवं पूर्व चयनित शिक्षकों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ देने, 27 जुलाई 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से मुक्त करने, प्रमाण पत्रों की एसटीएफ जांच का आदेश निरस्त करने तथा प्रधानाध्यापक के रिक्त पदों पर शीघ्र पदोन्नति करने की मांग शामिल रही।इसके अतिरिक्त गैर-टीईटी उत्तीर्ण शिक्षकों को निर्धारित समय-सीमा के अंतर्गत पदोन्नति का अवसर देने, वर्ष 2020 में चयनित शिक्षकों के ब्रिज कोर्स की परीक्षा में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों की बाध्यता समाप्त करने, विशेष श्रेणी के अंतरजनपदीय स्थानांतरण की लंबित सूची जारी करने तथा 12 वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले शिक्षकों को प्रोन्नत वेतनमान देने की मांग उठाई गई।संघ ने बीएड एवं टीईटी योग्यताधारी मृतक आश्रितों को शिक्षक पद पर नियुक्ति देने, विद्यालयों में सफाईकर्मी एवं चौकीदार की व्यवस्था करने, अंतरजनपदीय एवं अंतःजनपदीय स्थानांतरण की प्रक्रिया आगामी शीतकालीन अवकाश में पूरी करने तथा परिषदीय शिक्षकों को द्वितीय शनिवार का अवकाश एवं उपार्जित अवकाश प्रदान करने की मांग भी रखी। कार्यक्रम के समापन पर शिक्षकों की 12 सूत्रीय मांगों से संबंधित ज्ञापन नायब तहसीलदार सदर आकाश लवानिया को सौंपा गया।इस अवसर पर संजय सिंह, हाकिम सिंह, कौशलेन्द्र सिंह, सुशील चौहान, योगेश शर्मा, आशुतोष मिश्रा, आकाशवर्धन सिंह, विमल पांडेय, नवीन चतुर्वेदी, धर्मदेव लोधी सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

धान खरीद में पारदर्शिता और किसानों को समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित करें अधिकारी : जिलाधिकारी

सुनहरा संसार ब्यूरो पवन पाठक



एटा। जिलाधिकारी एम. अरुन्मोली ने कलेक्ट्रेट सभागार में धान खरीद, सहकारिता विभाग की गतिविधियों, खाद एवं बीज वितरण तथा कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को समय से गुणवत्तापूर्ण खाद एवं बीज उपलब्ध कराए जाएं तथा धान खरीद की प्रक्रिया पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपन्न कराई जाए। क्रय केंद्रों पर किसानों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। खरीदे गए धान का भुगतान निर्धारित समय सीमा में सुनिश्चित करने के साथ ही किसान पंजीकरण एवं सत्यापन की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए।जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन सहित कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए महिला कृषकों को आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़ने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि महिला किसानों को उन्नत कृषि पद्धतियों का प्रशिक्षण देकर उनकी आय में वृद्धि के लिए प्रभावी प्रयास किए जाएं। कृषि योजनाओं के अंतर्गत अन्य प्रदेशों में भ्रमण एवं प्रशिक्षण के लिए भेजे जाने वाले किसानों से वापस लौटने पर अनिवार्य रूप से प्रतिपुष्टि प्राप्त की जाए, ताकि भ्रमण के दौरान सीखी गई नवीन तकनीकों का जनपद में कृषि उत्पादन बढ़ाने के लिए उपयोग किया जा सके।कृषि विभाग की कार्यप्रणाली एवं योजनाओं के क्रियान्वयन में अपेक्षित प्रगति न मिलने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों को गंभीरता और निर्धारित कार्ययोजना के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की समीक्षा के दौरान उन्होंने सभी पात्र किसानों को योजना से जोड़ने तथा अपात्र लाभार्थियों को नियमानुसार सूची से हटाने को कहा। वहीं, फार्मर रजिस्ट्री की धीमी प्रगति पर तेजी लाने और अधिकाधिक किसानों का पंजीकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद में कार्यरत कृषक उत्पादक संगठनों (एफपीओ) के प्रतिनिधियों से संवाद कर उनके कार्यों, किसानों को मिल रहे लाभ, समस्याओं एवं भावी कार्ययोजनाओं की जानकारी प्राप्त की। अलीगंज क्षेत्र से आए एफपीओ प्रतिनिधि ने बताया कि उनका संगठन किसानों को परंपरागत तंबाकू की खेती के स्थान पर गेंदे के फूल की खेती के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। स्थानीय स्तर पर गेंदे के फूल की अच्छी मांग होने के कारण किसानों को बिक्री के लिए दूर नहीं जाना पड़ता। इसके अतिरिक्त कुरावली, कायमगंज एवं फरुर्खाबाद जनपद के आसपास के बाजारों में भी फूलों की आपूर्ति की जा रही है। इस गतिविधि से जुड़े किसानों को प्रतिदिन लगभग 500 से 1,500 रुपये तक की आय प्राप्त हो रही है।इसी क्रम में जैथरा से आए एफपीओ प्रतिनिधि विनोद चौहान ने बताया कि उनका संगठन बहुफसली खेती, मशरूम उत्पादन, मत्स्य पालन तथा लगभग 25 वर्षों से केंचुआ खाद उत्पादन के क्षेत्र में कार्य कर रहा है। संगठन की ओर से किसानों को केंचुआ खाद तैयार करने एवं उसके उपयोग का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है, जिससे किसान कम लागत में जैविक खाद तैयार कर उसका खेती में उपयोग कर सकें। जिलाधिकारी ने एफपीओ प्रतिनिधियों से उनके कार्यों के विस्तार, किसानों को मिलने वाले लाभ एवं व्यावहारिक कठिनाइयों के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने सफल गतिविधियों को जनपद के अन्य क्षेत्रों के किसानों तक पहुंचाने पर जोर दिया। इसके साथ ही मत्स्य विभाग की योजनाओं, मत्स्य पालन को प्रोत्साहन, कृषि एवं सहकारिता विभाग की अन्य योजनाओं तथा किसानों को उपलब्ध कराए जा रहे लाभों की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कर सभी पात्र किसानों को समयबद्ध ढंग से लाभान्वित किया जाए।समीक्षा बैठक में अधिशासी अभियंता, नलकूप एवं सिंचाई विभाग के अनुपस्थित रहने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जताते हुए उनका स्पष्टीकरण तलब किया। वहीं, धान खरीद में अपेक्षित प्रगति एवं क्रय केंद्रों की व्यवस्थाओं के संबंध में डिप्टी आरएमओ से भी स्पष्टीकरण मांगा। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी धान क्रय केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त रहें, किसानों का पंजीकरण एवं सत्यापन समय से किया जाए तथा खरीदे गए धान का भुगतान निर्धारित समयावधि में सुनिश्चित हो।जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि खाद एवं बीज की उपलब्धता, धान खरीद, किसानों के भुगतान तथा कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं की नियमित समीक्षा की जाए। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि किसानों को कृषि निवेश प्राप्त करने में किसी प्रकार की कठिनाई न हो और शासन की योजनाओं का लाभ वास्तविक पात्र लाभार्थियों तक पहुंचे।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र प्रसाद मिश्र, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) सीपी पाठक, उप कृषि निदेशक सुमित कुमार, जिला कृषि अधिकारी मनवीर सिंह, जिला उद्यान अधिकारी सहित सहकारिता, खाद्य एवं रसद, मत्स्य, नलकूप, सिंचाई एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

महिला वैश्य समाज बांदा ने तीन जरूरतमंद बेटियों के विवाह हेतु बढ़ाए मदद के हाथ

सुनहरा संसार ब्यूरो बांदा



महिला वैश्य समाज बांदा द्वारा सामाजिक सरोकार और महिला उत्थान की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए दिनांक 18 नवंबर को तीन जरूरतमंद बेटियों के विवाह हेतु आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया। इस पुनीत कार्य के अंतर्गत दो सगी बहनों रोशनी सेन एवं पिंकी सेन, पुत्रियां स्वर्गीय कमलेश एवं गुड्डो, जिनका विवाह 21 नवंबर को होना है, तथा प्रमोद त्रिपाठी एवं रोशनी त्रिपाठी की सुपुत्री अनुराधा त्रिपाठी, जिनका विवाह 2 दिसंबर को निर्धारित है, को आर्थिक सहायता प्रदान की गई।
महिला वैश्य समाज की जिलाध्यक्ष रानी दमेले के नेतृत्व में संगठन की सभी पदाधिकारी एवं सदस्य महिलाओं ने एकजुट होकर इस पुनीत कार्य को संपन्न कराया। संगठन का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों के विवाह में यथासंभव सहयोग प्रदान करना और समाज में सेवा, सहयोग एवं मानवीय संवेदनाओं की भावना को मजबूत करना है। उल्लेखनीय है कि महिला वैश्य समाज बांदा इससे पूर्व भी पांच जरूरतमंद बेटियों के विवाह में आर्थिक सहयोग प्रदान कर चुका है। इस प्रकार अब तक संगठन द्वारा कुल आठ बेटियों के विवाह में सहयोग किया जा चुका है। यह संगठन उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जिले में सक्रिय रूप से कार्यरत है और महिला उत्थान, सामाजिक सेवा तथा जरूरतमंदों की सहायता के लिए निरंतर प्रयासरत है। संगठन की प्रदेश अध्यक्ष लीना सिंघल का मार्गदर्शन एवं प्रेरणा समय-समय पर प्राप्त होती रहती है।
इस अवसर पर सहयोग करने वाली पदाधिकारी एवं सदस्य महिलाओं में जया पुरवार, अलका रावत, सरिता सोनी, दीपाली ओमर, नंदिनी गुप्ता, सुनीता गुप्ता, नीलिमा पुरवार, ज्योति पुरवार, नम्रता गोयल, नम्रता गुप्ता, रजनी गुप्ता, मंजू रूसिया, शोभा गुप्ता, राजकुमारी गुप्ता, संध्या अग्रवाल, अंकिता रानी चंदेरिया, प्रतिष्ठा अग्रवाल, नीता ओमर, गीता सोनी, गीता अग्रवाल, किरन गुप्ता, अपूर्वा सोनी, ममता नगरिया, रीता गुप्ता एवं मंजरी ओमर शामिल रहीं।
सभी महिलाओं के सामूहिक प्रयास और सहयोग से यह सामाजिक कार्य निरंतर आगे बढ़ रहा है। महिला वैश्य समाज बांदा ने संकल्प व्यक्त किया कि भविष्य में भी जरूरतमंद परिवारों की बेटियों के विवाह में हरसंभव सहयोग प्रदान करने का यह पुनीत अभियान जारी रहेगा। संगठन की यह पहल समाज के लिए प्रेरणादायक है। किसी जरूरतमंद बेटी के विवाह में सहयोग करना केवल आर्थिक मदद नहीं, बल्कि एक परिवार की खुशियों में सहभागी बनना और सामाजिक जिम्मेदारी निभाना है।

16 वर्षीय किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप, चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

सुनहरा संसार ब्यूरो बांदा



जनपद के कमासिन थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर अपनी 16 वर्षीय पुत्री को बहला-फुसलाकर अपहरण किए जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पीड़ित पिता के अनुसार, चार दिन पूर्व उसकी पुत्री अपराह्न करीब 2:30 बजे पशुबाड़े में जानवरों को चारा डालने के लिए घर से निकली थी। देर शाम तक घर वापस न लौटने पर परिजनों ने गांव और रिश्तेदारियों में काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। काफी प्रयास के बाद जानकारी मिली कि गांव का ही रामदीन यादव तीन अन्य लोगों के साथ बाइक से उसकी पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। पिता ने यह भी आरोप लगाया है कि पुत्री घर से नकदी और जेवरात भी अपने साथ ले गई है। प्रभारी निरीक्षक भरत कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर रामदीन यादव, लवकुश, राहुल और ओमप्रकाश के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक आशीष पटेरिया द्वारा की जा रही है।

रानी लक्ष्मीबाई जयंती पर बुन्देलखण्ड के हर जिले में निकलेगी पदयात्रा

सुनहरा संसार ब्यूरो बांदा



वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई की जयंती 19 नवंबर को बुन्देलखण्ड राष्ट्र समिति के आह्वान पर पूरे बुन्देलखण्ड में पदयात्राएं निकाली जाएंगी। अभियान के माध्यम से विद्यालयों, इंटर कॉलेजों, डिग्री कॉलेजों और कोचिंग संस्थानों के विद्यार्थियों एवं युवाओं को जोड़कर पृथक बुन्देलखण्ड राज्य निर्माण के लिए जनजागरण किया जाएगा। कार्यक्रम में वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ दीप प्रज्वलित किए जाएंगे और बुन्देलखण्ड राज्य बनने तक संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया जाएगा। पृथक राज्य की मांग को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम ज्ञापन भी भेजा जाएगा। समिति के केंद्रीय अध्यक्ष प्रवीण पाण्डेय 'बुन्देलखण्डी' ने बताया कि झांसी में बुन्देलखण्ड क्रांति दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र पाल सिंह, चिरगांव में बुन्देलखण्ड विकास दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीके खरे, ललितपुर में बुन्देलखण्ड विकास सेना के टीटू हरीश कपूर, बांदा में बुन्देलखण्ड राज्य निर्माण संघर्ष समिति के संयोजक रमेश दुबे तथा बुन्देलखण्ड जनशक्ति मोर्चा के सुशील द्विवेदी कार्यक्रम की जिम्मेदारी संभालेंगे। इसी क्रम में बबेरू में बुन्देलखण्ड राष्ट्र समिति के प्रमुख महासचिव एडवोकेट दलचंद्र मिश्रा, महोबा में बुंदेली सेना के संयोजक तारा पाटकर, हमीरपुर में बुन्देलखण्ड नवनिर्माण सेना के जिलाध्यक्ष देव यादव और जालौन में बुन्देलखण्ड सेना के राष्ट्रीय संयोजक आश्रय सिंह शत्रुघ्न सिंह कमासिन ब्लाक अध्यक्ष कार्यक्रम का संयोजन करेंगे।

बबेरू मंडी में धान खरीद में अवैध वसूली का आरोप, किसानों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

सुनहरा संसार ब्यूरो बांदा



जनपद के बबेरू कृषक मंडी में खरीद में किसानों से अवैध कटौती और लूट का आरोप लगाते हुए समाजसेवी पी.सी. पटेल जनसेवक के नेतृत्व में किसानों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि मंडी में एक कुंतल धान पर 3 किलो तक कचरा, नमी और सूखन के नाम पर काटा जा रहा है और नगद भुगतान पर 2 प्रतिशत टीडीएस/जीएसटी के नाम पर कटौती की जा रही है। वहीं किसानों का कहना है कि पूर्व में एसडीएम बबेरू और मंडी सचिव के कार्यालय में हुई बैठक में एक कुंतल पर 1 किलो कटौती और कोई अतिरिक्त टैक्स न लेने पर सहमति बनी थी, लेकिन व्यापारियों द्वारा फिर से मनमानी की जा रही है। किसानों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की है कि अवैध वसूली पर तत्काल रोक लगाकर कार्रवाई की जाए, अन्यथा वे मंडी में अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल को बाध्य होंगे। जिलाधिकारी अमित आसेरी द्वारा किसानो को आश्वासन देने की बात कही कही गई, जानकारी के अनुसार जिलाधिकारी ने कहा कि हम खुद मौके पर पहुंचकर देखेंगे। इस मौके पर सभाजीत पटेल, रामबाबू, आशीष सिंह, रमेश सहित दर्जनों किसान मौजूद रहे।

विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 के दृष्टिगत ईवीएम एवं वीवीपैट की व्यवस्थाओं का डीएम ने किया निरीक्षण

सुनहरा संसार ब्यूरो बांदा

जनपद बाँदा में निर्वाचन तैयारियों के क्रम में बुधवार को जिला निर्वाचन अधिकारी अमित आसेरी द्वारा ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उपस्थित राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों के समक्ष निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप मशीनों को अलग वेयरहाउस में सुरक्षित रखे जाने की प्रक्रिया का जायजा लिया गया। कुल मतदेय स्थलों (बूथों) के 8 प्रतिशत के अनुरूप 123 बीयू-सीयू (बैलेट यूनिट एवं कंट्रोल यूनिट) राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों की उपस्थिति में अलग वेयरहाउस में सुरक्षित रखी गईं। ईवीएम एवं वीवीपैट की सुरक्षा, रखरखाव एवं निर्धारित प्रक्रिया के अनुपालन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। 20 नवम्बर 2026 से जिला एवं तहसील मुख्यालयों पर ईवीएम प्रदर्शन केंद्र (EDC) स्थापित किए जाएंगे। इन केंद्रों के माध्यम से आमजन एवं मतदाताओं को ईवीएम एवं वीवीपैट के संचालन की जानकारी देकर जागरूक किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्वाचन आयोग के निदेर्शों के अनुरूप सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध एवं पारदर्शी ढंग से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

माँ केन की महाआरती में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, अवैध खनन को लेकर भक्तों में आक्रोश

सुनहरा संसार ब्यूरो बांदा



केन नदी आरती स्थल घाट पर माँ केन की भव्य महाआरती श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ संपन्न हुई। इस दौरान हजारों श्रद्धालुओं ने दीपदान किया तथा भजन-कीर्तन के साथ माँ केन की आरती उतारी। जय माँ केन और हर-हर गंगे के जयघोष से पूरा घाट भक्तिमय हो उठा। हालांकि, धार्मिक आयोजन के बीच केन नदी में कथित अवैध बालू खनन को लेकर श्रद्धालुओं में भारी नाराजगी भी देखने को मिली। महाआरती के दौरान श्रद्धालुओं ने आरोप लगाया कि केन नदी के बीच से बड़े पैमाने पर अवैध बालू खनन किया जा रहा है। नदी के किनारों से ट्रैक्टर-ट्रालियों और ट्रकों के माध्यम से बालू का उठान किया जा रहा है, जिससे नदी के प्राकृतिक स्वरूप और पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है। श्रद्धालुओं ने खनिज विभाग के अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाते हुए मामले में मिलीभगत की आशंका जताई और निष्पक्ष जांच की मांग की। इस अवसर पर गंगा समग्र के जिला संयोजक महेश कुमार प्रजापति ने अपने संबोधन में कहा कि जिस केन नदी के जल से बांदा की जीवनधारा संचालित होती है, उसी नदी का अस्तित्व अवैध खनन के कारण खतरे में पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि नदी केवल जल का स्रोत नहीं, बल्कि क्षेत्र के जनजीवन और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य का आधार है। उन्होंने खनिज विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि अधिकारियों की कथित मिलीभगत के बिना इतने बड़े स्तर पर अवैध खनन संभव नहीं है। महेश कुमार प्रजापति ने जिलाधिकारी और शासन से केन नदी में हो रहे कथित अवैध खनन की तत्काल जांच कराने, दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराकर कठोर कार्रवाई करने तथा यदि किसी अधिकारी की संलिप्तता सामने आती है तो उसके विरुद्ध भी कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि अवैध खनन पर प्रभावी रोक नहीं लगाई गई तो गंगा समग्र और श्रद्धालु आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। उनके संबोधन के बाद श्रद्धालुओं ने "माँ केन को बचाना है, बालू माफिया को भगाना है" के नारे लगाकर नदी संरक्षण का संकल्प दोहराया। इस दौरान श्रद्धालुओं और गंगा समग्र की ओर से केन नदी में अवैध खनन तत्काल बंद कराने, खनन में संलिप्त लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने, खनिज विभाग के अधिकारियों की भूमिका की जांच कराने, नदी के घाटों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने, नियमित पुलिस गश्त कराने, अवैध रूप से बालू का परिवहन करने वाले वाहनों को जब्त करने तथा नदी संरक्षण के लिए स्थायी कार्ययोजना तैयार करने की मांग उठाई गई।

खाद्यान्न वितरण में लापरवाही पर डीएम सख्त, डिप्टी आरएमओ से मांगा स्पष्टीकरण

सुनहरा संसार ब्यूरो पवन पाठक



एटा। जिलाधिकारी एम. अरुन्मोली की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में खाद्य एवं रसद विभाग की जिला स्तरीय सिंगल स्टेज परिवहन समिति, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना तथा सिटी गैस वितरण नेटवर्क (सीजीडी) के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने खाद्यान्न वितरण व्यवस्था को पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने, पात्र लाभार्थियों को समय से योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने तथा पीएनजी पाइपलाइन विस्तार में तेजी लाने के निर्देश दिए। खाद्यान्न परिवहन व्यवस्था में मिली कमियों पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने डिप्टी आरएमओ सुभाष मैथानी से स्पष्टीकरण तलब किया।सिंगल स्टेज परिवहन व्यवस्था की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के गोदामों से खाद्यान्न का सीधे उचित दर विक्रेताओं तक परिवहन एवं वितरण सुनिश्चित किया जाए। खाद्यान्न उठान से लेकर उचित दर दुकानों तक पहुंचाने की पूरी प्रक्रिया निर्धारित मानकों के अनुरूप पारदर्शी ढंग से संपन्न होनी चाहिए। उन्होंने व्यवस्था के क्रियान्वयन में पाई गई अपूर्णताओं पर नाराजगी व्यक्त करते हुए स्पष्ट किया कि खाद्यान्न की समयबद्ध आपूर्ति में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने लाभार्थियों को निःशुल्क एलपीजी सिलेंडर वितरण, आधार प्रमाणीकरण तथा बैंक खातों में धनराशि अंतरण की प्रगति की जानकारी प्राप्त की। बैठक में बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में पात्र लाभार्थियों को दो चरणों में निःशुल्क गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए जाएंगे। प्रथम चरण एक अक्टूबर से 31 दिसंबर 2026 तथा द्वितीय चरण एक जनवरी से 31 मार्च 2027 तक संचालित होगा। जनपद में उज्ज्वला योजना के कुल 1,74,984 गैस कनेक्शन हैं। लाभार्थियों को आधार आधारित भुगतान प्रणाली के माध्यम से निर्धारित धनराशि उनके बैंक खातों में अंतरित की जा रही है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि आधार एवं बैंक खाते से जुड़ी समस्याओं का प्राथमिकता से निस्तारण कराते हुए प्रत्येक पात्र लाभार्थी तक योजना का लाभ पहुंचाया जाए।सिटी गैस वितरण नेटवर्क की समीक्षा में पीएनजी प्रतिनिधि ने बताया कि जनपद में अब तक 210 घरों में पाइपलाइन के माध्यम से गैस आपूर्ति प्रारंभ हो चुकी है, जबकि 2,023 घरों तक गैस पाइपलाइन बिछाई जा चुकी है। इस पर जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य में तेजी लाने तथा शेष घरों में पाइपलाइन बिछाकर गैस कनेक्शन शीघ्र चालू कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहरी एवं लक्षित क्षेत्रों में अधिकाधिक परिवारों को पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाकर कार्य किया जाए।पीएनजी प्रतिनिधि भानु प्रताप सिंह ने अवगत कराया कि कासगंज रोड पर गैस पाइपलाइन बिछाने के लिए रेलवे से अनुमति प्राप्त करने की प्रक्रिया चल रही है। अनुमति मिलते ही कार्य प्रारंभ करा दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि अन्य विभागों की ओर से कार्य में कोई व्यवधान नहीं है। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित कर आवश्यक अनुमतियां एवं विभागीय कार्यवाहियां समय से पूर्ण कराने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने यह भी निर्देशित किया कि जिन घरों में पीएनजी कनेक्शन के माध्यम से गैस आपूर्ति प्रारंभ हो चुकी है, वहां नियमानुसार एलपीजी कनेक्शन बंद कराने की प्रक्रिया सुनिश्चित की जाए, ताकि दोहरे गैस कनेक्शन की स्थिति न रहे।

प्रमुख सचिव सहकारिता विभाग ने कई बिंदुओं पर की समीक्षा

सुनहरा संसार ब्यूरो बांदा



अजय कुमार शुक्ला, प्रमुख सचिव, सहकारिता विभाग उ०प्र० शासन, लखनऊ का जनपद बाँदा में भ्रमण कार्यक्रम के अन्तर्गत मंगलवार को समय मण्डलीय समीक्षा बैठक सर्किट हाउस बाँदा में आहूत की गयी। जिसमें चित्रकूटधाम मण्डल के सभी सम्बन्धित / विभागीय अधिकारियों उप आयुक्त एवं उप निबंधक, सहकारिता, चित्रकूटधाम मण्डल बाँदा, क्षेत्रीय खाद्य विपणन अधिकारी, चित्रकूटधाम मण्डल बाँदा, मण्डल के समस्त सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक, सहकारिता, मण्डल के समस्त जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, बाँदा, सचिव / मुख्य कार्यपालक अधिकारी, बाँदा डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव बैंक लि० बाँदा एवं हमीरपुर, क्षेत्रीय प्रबंधक, पी०सी०एफ० चित्रकूटधाम मण्डल बाँदा, मण्डल के समस्त जिला प्रबंधक, पी०सी०एफ०, पी०सी०यू० / यू०पी०एस०एस० बाँदा, क्षेत्र प्रतिनिधि इफको / कृभको, बाँदा, अधिशासी अभियन्ता, यू०पी०आर०एन०एस०एस०, बाँदा, जिला सूचना अधिकारी, बाँदा उपस्थित रहे।

जिसमें मुख्य रूप से निम्नलिखित बिन्दुओं पर समीक्षा की गयी

1- कैश एण्ड कैरी ऋण सीमा - बैठक में सभी सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक, सहकारिता को निर्देशित किया गया कि मण्डल की समस्त समितियों में उर्वरक की उपलब्धता हेतु धन का अभाव न हो जिससे कैश एण्ड कैरी ऋण सीमा 15.00 लाख की एक सप्ताह के अन्दर स्वीकृत कराना सुनिश्चित करें।

2- उर्वरक की उपलब्धता एवं वितरण की समीक्षा - दिनांक 16.11.2026 को मण्डल के चारों जनपदों में यूरिया 20037.000 मैट्रिक टन, डी०ए०पी० 3401.000 मैट्रिक टन व एन०पी०के० 2529.000 मैट्रिक टन का स्टाक उपलब्ध है। मण्डल के समस्त सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक, सहकारिता को अपने-अपने जनपद में जिला कृषि अधिकारी से समन्वय स्थापित कर उर्वरक बिक्री केन्द्रों पर उर्वरक की उपलब्धता नियमित रूप से बनाये रखने हेतु निर्देशित किया गया है। क्षेत्राधिकारी इफको, बाँदा द्वारा अवगत कराया गया कि आज दिनांक 17.11.2026 को जनपद बाँदा में डी०ए०पी० की एक रैक मात्रा 2758.000 मैट्रिक टन प्राप्त हुई है जिससे जनपद चित्रकूट को 1000.000 मैट्रिक टन, जनपद महोबा को 400.000 मैट्रिक टन व जनपद बाँदा को 1358.000 मैट्रिक टन में डी०ए०पी० आवंटित हुयी है। जिसका प्रेषण सीधे रैक प्वाइंट से उर्वरक बिक्री केन्द्रों को प्रेषण करना सुनिश्चित करें।

3- अल्पकालीन ऋण वितरण - मण्डल में खरीफ एवं रबी का संयुक्त ऋण वितरण लक्ष्य 41000.00 लाख रू० प्राप्त हुआ है जिसके सापेक्ष मण्डल के चारों जनपदों द्वारा 25914.90 लाख रू० की पूर्ति की गयी जो 63.21 प्रतिशत है। सम्बन्धित अधिकारियों को समय से लक्ष्य की शत-प्रतिशत पूर्ति करने हेतु निर्देशित किया गया।

4- अल्पकालीन ऋण वसूली - मण्डल में अल्पकालीन ऋण की मांग 12847.41 लाख रू० के सापेक्ष कुल वसूली 514.90 लाख रू० है जो कि 4.01 प्रतिशत है। सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि दिये गये लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत वसूली करना सुनिश्चित करें।

5- धान खरीद - चित्रकूटधाम मण्डल बाँदा में धान खरीद केन्द्रों की समीक्षा की गयी जिसमें बाँदा में अनुमोदित केन्द्र 36, जनपद हमीरपुर में 04 एवं चित्रकूट में 16 केन्द्र कुल 56 धान क्रय केन्द्र अनुमोदित हुये हैं। खाद्य विभाग के केन्द्रों द्वारा 111.760 मैट्रिक टन धान की खरीद की गयी है। शेष केन्द्रों को तत्काल एक्टिव कराने एवं समस्त कृषकों का भुगतान एवं सी०एम०आर० कराने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

6- पैक्स कम्प्यूटराईजेशन - जनपद बाँदा व चित्रकूट में पैक्स कम्प्यूटराईजेशन योजना के अन्तर्गत प्रथम चरण में सभी 86 बी-पैक्स चयनित हुयीं। जिसके सापेक्ष जनपद बाँदा में 38 बी-पैक्स व जनपद चित्रकूट में 15 बी-पैक्स ई-पी०डी०एस० के अन्तर्गत कार्य कर रही हैं। जनपद महोबा में प्रथम चरण में 14 बी-पैक्स व द्वितीय चरण में 28 बी-पैक्स कुल 42 बी-पैक्स, जनपद हमीरपुर में प्रथम चरण में 20 व द्वितीय चरण में 25 बी-पैक्स व तृतीय चरण में 1 बी-पैक्स कुल 46 बी-पैक्स चयनित हुयी हैं। जनपद महोबा में 15 बी-पैक्स व जनपद हमीरपुर में 14 बी-पैक्स ई-पैक्स के रूप में कार्य कर रही हैं। मण्डल के समस्त जिला प्रबंधकों को पैक्स कम्प्यूटराईजेशन का कार्य तत्काल पूर्ण करायें।

जेडीयू संगठन विस्तार को लेकर निशांत कुमार से मिलीं शालिनी सिंह पटेल

सुनहरा संसार ब्यूरो बांदा



जनता दल (यूनाइटेड) की राष्ट्रीय मीडिया पैनलिस्ट एवं उत्तर प्रदेश की प्रदेश उपाध्यक्ष तथा बुंदेलखंड संगठन प्रभारी शालिनी सिंह पटेल ने पटना सचिवालय पहुंचकर बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार से मुलाकात की। इस दौरान उत्तर प्रदेश में जेडीयू के संगठन विस्तार, 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों और पार्टी के आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। मुलाकात के दौरान जिला स्तर से लेकर विधानसभा स्तर तक संगठनात्मक कार्यक्रमों के आयोजन, उनकी रूपरेखा तैयार करने, कार्यकताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने और कार्यक्रमों को सफल बनाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। इसके साथ ही बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाने, नए लोगों को पार्टी से जोड़ने तथा संगठन की गतिविधियों को गांव-गांव तक पहुंचाने की कार्ययोजना पर भी चर्चा हुई। शालिनी सिंह पटेल ने उत्तर प्रदेश में संगठन विस्तार को लेकर अपनी तैयारियों और बुंदेलखंड सहित विभिन्न क्षेत्रों में संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने के विषय में विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि किसी भी संगठन की मजबूती उसके जमीनी कार्यकताओं और मजबूत बूथ संरचना से होती है। इसके लिए जिला, विधानसभा और बूथ स्तर पर निरंतर कार्यक्रम आयोजित करना तथा कार्यकताओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना जरूरी है। मुलाकात के दौरान निशांत कुमार से विभिन्न संगठनात्मक विषयों पर मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। शालिनी सिंह पटेल ने उनका आभार व्यक्त किया। गौरतलब है कि शालिनी सिंह पटेल को हाल ही में जेडीयू में राष्ट्रीय मीडिया पैनलिस्ट की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वह प्रदेश उपाध्यक्ष एवं बुंदेलखंड संगठन प्रभारी के रूप में भी उत्तर प्रदेश में पार्टी की संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय हैं।

बबीना विधानसभा क्षेत्र के विकास को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से मिले माननीय विधायक श्री राजीव सिंह पारीछा

ब्यूरो एएच सिद्दीकी



झांसी उत्तर प्रदेश सरकार के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से विधायक बबीना राजीव सिंह पारीछा ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर विधायक जी ने बबीना विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को लेकर मुख्यमंत्री जी से विस्तृत चर्चा की तथा क्षेत्र में जनहित से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विकास कार्यों की स्वीकृति प्रदान किए जाने हेतु अनुरोध किया। विधायक ने मुख्यमंत्री के समक्ष क

महापौर बिहारी लाल आर्य द्वारा वार्ड नंबर 31 लहरगिर्द में सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया

ब्यूरो एच सिद्दीकी



झांसी आज दिनांक 18.11.2026 को महापौर बिहारी लाल आर्य के कर कमलों द्वारा वार्ड नं0 31 लहरगिर्द के अन्तर्गत ग्वालियर रोड सूतीमिल गेट से पावर हाउस के आगे तक हाटमिक्स प्लांट द्वारा सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया है। उक्त कार्य की लागत रू0 53.41 लाख है। उक्त कार्यक्रम में नगर आयुक्त अन्ना सूदन , मुख्य अभियंता राजवीर सिंह , मा0 विधायक सदर झाँसी की धर्मपत्नी श्रीमती सुनीता शर्मा , अधिशासी अभियंता नीना सिंह , सहायक अभियंता शंशाक सिंह , अवर अभियंता पंकज यादव, क्षेत्रीय पार्षद रितिका गौरव तिवारी, मा0 पार्षद आशीष तिवारी एवं गणमान्य नागरिक आदि उपस्थित रहें।

बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान संस्थान के विद्यार्थियों ने किया शासकीय केंद्रीय पुस्तकालय, ग्वालियर का शैक्षणिक भ्रमण

ब्यूरो एच सिद्दीकी



झाँसी। बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के डॉ. एस.आर. रंगनाथन पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान संस्थान के विद्यार्थियों ने बुधवार को मध्य प्रदेश के शासकीय केंद्रीय पुस्तकालय, ग्वालियर का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने आधुनिक पुस्तकालय प्रबंधन, तकनीकी सुविधाओं, पुस्तकालय स्वचालन एवं पाठक सेवाओं की व्यावहारिक जानकारी प्राप्त की। वर्ष 1928 में स्थापित शासकीय केंद्रीय पुस्तकालय मध्य प्रदेश के सात संभागीय पुस्तकालयों में से एक है। सुविधाओं एवं सेवाओं की दृष्टि से इसे प्रदेश के सबसे बड़े पुस्तकालयों में गिना जाता है। पुस्तकालय में सवा लाख से अधिक पुस्तकों का संग्रह है तथा प्रतिदिन लगभग 800 से 1000 पाठक यहां विभिन्न पुस्तकालय सेवाओं का लाभ उठाते हैं। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने पुस्तकालय के विभिन्न अनुभागों का अवलोकन किया। उन्हें पुस्तकों की खरीद, वर्गीकरण, सूचीकरण, संग्रह प्रबंधन एवं पुस्तक आदान-प्रदान की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसके साथ ही पुस्तकालय स्वचालन में प्रयुक्त सॉफ्टवेयर एवं आधुनिक तकनीक की कार्यप्रणाली को समझाया गया। क्षेत्रीय ग्रंथपाल राकेश कुमार शर्मा, पुस्तकालय अध्यक्ष पूजा साहू एवं लाइब्रेरी मैनेजर विवेक कुमार सोनी ने विद्यार्थियों का स्वागत किया। उन्होंने पुस्तकालय प्रबंधन के विभिन्न व्यावहारिक पहलुओं की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को सैद्धांतिक ज्ञान के साथ व्यावहारिक एवं तकनीकी दक्षता प्रदान कर उन्हें भविष्य की पेशेवर आवश्यकताओं के लिए तैयार करना रहा। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ. रितु सिंह, डॉ. रूपेंद्र सिंह, डॉ. निधि श्रीवास्तव, डॉ. विनोद कुमार सहित शोधार्थी आयुषी, अंकुर, सूर्यांशी, अंकिता, अदिति एवं नैंसी तथा बी.लिब.आई.एससी. एवं एम.लिब.आई.एससी. के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

गौतम यादव को सपा पलिया विधानसभा का सचिव बनाया: अनीता यादव ने साँपा नियुक्ति प्रमाणपत्र, 2027 के चुनाव की तैयारी में जुटने की अपील

सुनहरा संसार ब्यूरो प्रमुख जियाउल्ला खान



खीरी संसारपुर के भरिगवां चौराहे पर आदेश मिश्रा के प्रतिष्ठान में समाजवादी पार्टी का कार्यक्रम हुआ। इसमें संसारपुर निवासी गौतम यादव को सपा पलिया विधानसभा का सचिव नियुक्त किया गया। पूर्व मैलानी नगर पंचायत अध्यक्ष और सपा की संभावित पलिया विधानसभा प्रत्याशी अनीता यादव ने उन्हें नियुक्ति प्रमाणपत्र सौंपा। अनीता यादव ने पार्टी कार्यकर्ताओं से 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारी में अभी से जूटने की अपील की। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता गांव-गांव और घर-घर जाकर पार्टी की नीतियां और विचार जनता तक पहुंचाएं।उन्होंने कहा कि एकजुट होकर मेहनत करने से 2027 के चुनाव में सपा को बहुमत से जीत दिलाई जा सकती है। उन्होंने अखिलेश यादव को दोबारा मुख्यमंत्री बनाने के लक्ष्य के साथ कार्यकर्ताओं से जुटने की अपील की। गौतम यादव को सचिव बनाए जाने पर मौजूद सपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी। उन्होंने संगठन को मजबूत बनाने की उम्मीद जताई। कार्यक्रम में सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे इस मौके पर सपा के पूर्व जिला महासचिव नरेश यादव, पलिया विधानसभा अध्यक्ष फुरकान अंसारी, पूर्व जिला महासचिव गुरु दमन सिंह, पूर्व विधानसभा महासचिव मोहम्मद फैज अंसारी और मुबारक अली समेत पार्टी के नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

पंचायतीराज आम चुनाव-2026: मतगणना के लिए पार्किंग, प्रवेश एवं यातायात डायवर्जन व्यवस्था निर्धारित,20 नवंबर को किशनलाल जोशी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, डीग में होगी मतगणना, सुबह 4 बजे से गणना समाप्ति तक गणेश मंदिर मार्ग रहेगा बंद

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरोचीफ हिमांशु मोदी

डीग - पंचायतीराज आम चुनाव-2026 के तहत जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्य पदों की मतगणना 20 नवंबर 2026 को किशनलाल जोशी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, डीग में होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक मनीष ने बताया कि मतगणना के दौरान व्यवस्थाओं को सुचारू बनाए रखने के लिए विभिन्न श्रेणियों के अधिकारियों, कर्मचारियों, प्रत्याशियों एवं अभिकताओं के लिए पार्किंग स्थल तथा प्रवेश मार्ग निर्धारित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि मतगणना अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा प्रशासन एवं पुलिस अधिकारियों के वाहनों की पार्किंग मा. आदिदेवेंद्र राजकीय महाविद्यालय, बस स्टैंड के पीछे डीग में रहेगी। इनका प्रवेश भी बस स्टैंड के पीछे स्थित महाविद्यालय की ओर से निर्धारित मार्ग से होगा। जनूथर एवं नगर रोड की ओर से आने वाले प्रत्याशियों, अभिकताओं एवं अन्य व्यक्तियों के वाहनों की पार्किंग कृषि अनाज मंडी, नगर रोड, डीग में रहेगी। कुम्हेर की ओर से आने वाले प्रत्याशियों एवं अभिकताओं के वाहनों की पार्किंग बिजलीघर के सामने पुराने एसडीएम कार्यालय के बाहर स्थित मैदान में निर्धारित की गई है। कामां एवं बहज की ओर से आने वाले प्रत्याशियों, अभिकताओं एवं अन्य व्यक्तियों के वाहनों की पार्किंग मेला मैदान, डीग में रहेगी। वहीं निगोही की ओर से आने वाले प्रत्याशियों, अभिकताओं एवं अन्य व्यक्तियों के वाहनों की पार्किंग बबलू सरपंच के बाड़ा, बंधा गेट के पास, निगोही रोड, डीग में निर्धारित की गई है। इन सभी श्रेणियों के प्रत्याशियों, अभिकताओं एवं अन्य व्यक्तियों का मतगणना स्थल पर प्रवेश किशनलाल जोशी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, डीग के मुख्य द्वार से होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि यातायात व्यवस्था के तहत 20 नवंबर को प्रात: 4 बजे से मतगणना सम्पन्न होने तक बस स्टैंड से किशनलाल जोशी विद्यालय के सामने से गणेश मंदिर की ओर जाने वाला मार्ग पूर्णत: बंद रहेगा। बस स्टैंड डीग, नगर एवं कुम्हेर की ओर से गणेश मंदिर तथा कामां की ओर जाने वाले वाहन एसडीएम तिराहा, पुराना बस स्टैंड, सरकारी अस्पताल के सामने से होते हुए गणेश मंदिर मार्ग की ओर जा सकेंगे। उन्होंने आमजन एवं मतगणना कार्य से जुड़े सभी संबंधित व्यक्तियों से निर्धारित पार्किंग स्थलों एवं प्रवेश मार्गों का उपयोग करने तथा यातायात व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की।

मीनेश प्रीमियर लीग में चार रोमांचक मुकाबले, ग्वालियर और शिवपुरी की टीमों ने दर्ज की जीत

ब्यूरो एच सिद्दीकी



झांसी। जीआईसी क्रिकेट ग्राउंड पर खेली जा रही ऑल इंडिया ओपन जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता मीनेश प्रीमियर लीग में 17 नवंबर को चार मुकाबले खेले गए। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने शानदार बल्लेबाजी और गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। प्रतियोगिता का पहला मुकाबला शंकर इलेवन दतिया और फौजी इलेवन झांसी के बीच खेला गया। मुख्य अतिथि चंद्रप्रकाश शर्मा रहे। पहले बल्लेबाजी करते हुए फौजी इलेवन ने निर्धारित 10 ओवर में 77 रन बनाए, जिसमें विजय मनुका ने 33 रनों की उपयोगी पारी खेली। जवाब में शंकर इलेवन दतिया ने 8.4 ओवर में छह विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया और चार विकेट से मुकाबला जीत लिया। अजय पाठक को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे मुकाबले में जावेद टॉप स्टार क्लब ग्वालियर ने भाया इलेवन झांसी को 76 रनों से करारी शिकस्त दी। पहले बल्लेबाजी करते हुए ग्वालियर की टीम ने 10 ओवर में 125 रन बनाए। टीम की ओर से विवेक गौड़ ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 70 रनों की पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भाया इलेवन झांसी की टीम निर्धारित 10 ओवर में केवल 49 रन ही बना सकी। शानदार प्रदर्शन के लिए विवेक गौड़ को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। तीसरे मुकाबले में डॉ. कपिल इलेवन झांसी ने एस एसोसिएट झांसी को पांच विकेट से पराजित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए एस एसोसिएट की टीम 71 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। जवाब में डॉ. कपिल इलेवन ने 6.5 ओवर में पांच विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। छोटू मढ़ौरा ने 26 रनों का योगदान दिया। राज झांसी को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। दिन का चौथा मुकाबला द्वारिकाधीश इलेवन झांसी और डोमरोंन सरकार शिवपुरी के बीच खेला गया। द्वारिकाधीश इलेवन ने निर्धारित 10 ओवर में 91 रन बनाए, जिसमें अंकेश कबूतरा और अभिषेक कुमार ने 20-20 रनों की पारी खेली।

जवाब में शिवपुरी की टीम ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 8.1 ओवर में चार विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। मंगल धाकड़ और शिवम राठौर ने 28-28 रन बनाए। मंगल धाकड़ को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

देश के विकास और संसाधनों के समुचित उपयोग के लिए जनगणना के सही आंकड़े आवश्यक : रामेश्वर सुधाकर

ब्यूरो एच सिद्दीकी



झाँसी। जनगणना के आंकड़े देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उपलब्ध संसाधनों के समुचित उपयोग और जनकल्याणकारी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए सही आंकड़ों की आवश्यकता होती है। देश में पहली बार हो रही डिजिटल जनगणना में सभी की सक्रिय भागीदारी ही इस अभियान को सफल बनाएगी। यह विचार झांसी के मुख्य विकास अधिकारी एवं अपर प्रमुख जनगणना अधिकारी रामेश्वर सुधाकर ने बुधवार को बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के गांधी सभागार में मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए।

जनगणनाझ2027 के अंतर्गत जिला प्रशासन एवं बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में स्वगणना के प्रति युवाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से युवा दिवस थीम के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ह्यअब आपकी बारी, करें जनगणना में भागीदारीह्न के संदेश के साथ आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को डिजिटल जनगणना की प्रक्रिया एवं उसके महत्व से अवगत कराया गया। मुख्य विकास अधिकारी रामेश्वर सुधाकर ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने में जनगणना के आंकड़ों की विशेष भूमिका होती है। जनगणना से प्राप्त सही आंकड़े देश, समाज और जनता के विकास में सहायक होंगे। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वयं स्वगणना अभियान में भागीदारी करने के साथ अपने परिवार के सदस्यों, पड़ोसियों एवं परिचितों को भी इसके लिए प्रोत्साहित करने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने जनगणना जागरूकता कार्यक्रम के आयोजन में सहयोग प्रदान करने के लिए विश्वविद्यालय के अधिकारियों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम के दौरान स्वगणना का ई-फॉर्म भरने की प्रक्रिया से विद्यार्थियों को अवगत कराने के लिए जागरूकता वीडियो भी प्रदर्शित किया गया। विद्यार्थियों को डिजिटल माध्यम से परिवार के सदस्यों से संबंधित 40 प्रश्नों की जानकारी दर्ज करने की प्रक्रिया समझाई गई। जनगणना के द्वितीय चरण के अंतर्गत 16 से 30 नवंबर 2026 तक स्वगणना अभियान तथा एक दिसंबर 2026 से चार जनवरी 2027 तक जनसंख्या गणना की जाएगी।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की ओर से कुलानुशासक प्रो. विनीत कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जनगणना के प्रदेश स्तरीय मास्टर ट्रेनर सौरव श्रीवास्तव ने किया।

विशेष गहन पुनरीक्षण (एसएसआर -2027) : डीग जिले में क्लस्टर कैंप आयोजित कर महिला मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए किया प्रेरित,विभिन्न मतदान केंद्रों पर बीएलओ, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं आशा सहयोगिनियों ने महिलाओं को दी मतदाता पंजीकरण की जानकारी, भरवाए फॉर्म नंबर-6

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरो चीफ हिमांशु मोदी



डीग - भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण (एसएसआर -2027) के अंतर्गत डीग जिले में मतदाता सूची में पात्र नागरिकों के नाम जोड़ने के उद्देश्य से विभिन्न मतदान केंद्रों पर क्लस्टर कैंप आयोजित किए गए। इन कैंपों के माध्यम से विशेष रूप से महिला मतदाताओं को मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने के लिए प्रेरित किया गया तथा पात्र महिलाओं से फॉर्म नंबर-6 भरवाए गए। इसी क्रम में भाग संख्या 13 अकबरपुर मेव में क्लस्टर कैंप के दौरान बीएलओ, आंगनवाड़ी कार्यकताओं एवं आशा सहयोगिनियों के साथ बैठक आयोजित कर महिला मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए जागरूक किया गया। इसके अतिरिक्त श्योरावली एवं सोनगांव में भी क्लस्टर कैंप आयोजित किए गए। विद्यालयों में आयोजित इन कैंपों में पात्र महिलाओं को मतदाता पंजीकरण की प्रक्रिया एवं आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। इन क्लस्टर कैंपों का उद्देश्य मतदाता सूची में पात्र महिला मतदाताओं का पंजीकरण सुनिश्चित करना तथा कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम जुड़वाने से वंचित न रहे, इसके लिए जागरूकता बढ़ाना है।

निबंध प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों ने किया मतदाताओं को जागरूक,निर्वाचन साक्षरता क्लबों के तहत विभिन्न विद्यालयों में आयोजित हुई प्रतियोगिताएं, विद्यार्थियों ने निबंध लेखन से दिया जागरूकता का संदेश

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरोचीफ हिमांशु मोदी



डीग - भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी, राजस्थान के निदेर्शानुसार जिले के विभिन्न विद्यालयों में निर्वाचन साक्षरता क्लबों के माध्यम से मतदाता जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में जिले के विभिन्न राजकीय विद्यालयों में निर्वाचन साक्षरता क्लब (ईएलसी) के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिला स्वीप समन्वयक धर्मेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अवार, महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय हेलक एवं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय महरावर में निबंध प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिताह्न विषय पर अपने विचार निबंध के माध्यम से प्रस्तुत किए। इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक मूल्यों, मतदान के महत्व, शुद्ध मतदाता सूची एवं निर्वाचन प्रक्रिया के प्रति जागरूकता विकसित करना है। उन्होंने बताया कि निर्वाचन साक्षरता क्लबों के माध्यम से विद्यार्थियों को निर्वाचन प्रक्रिया एवं मतदाता पंजीकरण से संबंधित जानकारी प्रदान करने के साथ विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने जिले के समस्त शैक्षणिक संस्थानों के प्राचार्यों एवं संबंधित अधिकारियों से ऐसी गतिविधियों में विद्यार्थियों की अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की।

पंचायतीराज आम चुनाव-2026 : पांचों पंचायत समितियों की मतगणना के लिए कक्ष एवं टेबल निर्धारित,20 नवंबर को प्रात: 8 बजे से किशनलाल जोशी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, डीग में होगी मतगणना, जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्य पदों के लिए अलग-अलग 29-29 टेबल लगेंगी

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरोचीफ हिमांशु मोदी

डीग - पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव-2026 के तहत जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्य पदों की मतगणना 20 नवंबर 2026 को प्रात: 8 बजे से किशनलाल जोशी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, डीग में प्रारंभ होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक मनीष ने बताया कि मतगणना के लिए पांचों पंचायत समितियों के अनुसार अलग-अलग मतगणना कक्ष निर्धारित किए गए हैं। जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्य पदों की मतगणना एक साथ अलग-अलग निर्धारित कक्षों में शुरू होगी।

पंचायत समितिवार मतगणना व्यवस्था :

पंचायत समिति जिला परिषद क्षेत्र जिला परिषद टेबल / कक्ष पंचायत समिति टेबल / कक्ष प्रभारी अधिकारी

कामां* (25 क्षेत्र) 25 से 29 5 टेबल / कक्ष-11 5 टेबल / कक्ष-12 SDM व तहसीलदार कामां

पहाड़ी (29 क्षेत्र) 01 से 06 6 टेबल / सभागार ब्लॉक-ए 6 टेबल / सभागार ब्लॉक-बी SDM व तहसीलदार पहाड़ी

बृज नगर (29 क्षेत्र) 07 से 12 6 टेबल / कक्ष-17 6 टेबल / कक्ष-18 रज़्ज़ व तहसीलदार बृज नगर

डीग (27 क्षेत्र) 19 से 24 6 टेबल / कक्ष-13 6 टेबल / कक्ष-14 SDM व तहसीलदार डीग

कुम्हेर (27 क्षेत्र) 13 से 18 6 टेबल / कक्ष-15 6 टेबल / कक्ष-16 SDM व तहसीलदार कुम्हेर

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिले की पांचों पंचायत समितियों में कुल 137 पंचायत समिति निर्वाचन क्षेत्र एवं 29 जिला परिषद निर्वाचन क्षेत्र हैं। इनसे संबंधित कुल 731 मतदान केंद्रों की मतगणना के लिए जिला परिषद सदस्य पद हेतु कुल 29 टेबल* तथा पंचायत समिति सदस्य पद हेतु कुल 29 टेबल* निर्धारित की गई हैं। समस्त मतगणना कार्य के प्रभारी अधिकारी उप जिला निर्वाचन अधिकारी, डीग होंगे। मतगणना कार्य में सहयोग के लिए सहायक प्रभारी अधिकारियों के रूप में तहसीलदार निर्वाचन, डीग; तहसीलदार (भू-अभिलेख), डीग; अधिशाषी अभियंता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, डीग तथा आयुक्त, नगर परिषद, डीग को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

मतदाता सूची पुनरीक्षण एवं नए मतदाता जोड़ने के महाअभियान को लेकर भाजपा की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न



ब्यूरो एच सिद्दीकी

झांसी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जिला कार्यालय पर आज झांसी जिला प्रभारी श्रीमती रंजना उपाध्याय के मुख्य आतिथ्य एवं जिलाध्यक्ष श्री सुधीर सिंह की अध्यक्षता में मतदाता सूची पुनरीक्षण और आगामी विशेष अभियानों की रूपरेखा तैयार करने हेतु एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिला प्रभारी रंजना उपाध्याय ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदाता सूची का अद्यतन और त्रुटिरहित होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि जिले के पदाधिकारियों से लेकर जनप्रतिनिधियों और प्रत्येक बूथ स्तर के कार्यकर्ता को पूरी ऊर्जा के साथ इस अभियान में जुटना होगा। विशेष रूप से ऐसे युवाओं—जो 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं या इसके नजदीक हैं—तथा महिला मतदाताओं के नाम सूची में जुड़वाने पर विशेष ध्यान केंद्रित करना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है।

आगामी अभियानों की चरणबद्ध कार्ययोजना:

22 से 24 नवंबर: प्रत्येक बूथ पर जाकर मतदाता सूची का सूक्ष्म निरीक्षण एवं संपर्क अभियान।

28 से 30 नवंबर: महिला एवं युवा मतदाता जोड़ो विशेष अभियान।

1 से 3 दिसंबर: नए युवा मतदाताओं को पंजीकृत करने हेतु सघन अभियान।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष सुधीर सिंह ने कार्यकताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता कर्मठ और समर्पित है। संगठन की शक्ति के बल पर हम सभी को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए मतदाता सूची में अधिक से अधिक नए और पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने का लक्ष्य प्राप्त करना है।

मंचासीन अतिथि:

बैठक में मुख्य रूप से जिला प्रभारी रंजना उपाध्याय, जिलाध्यक्ष सुधीर सिंह, जिला महामंत्री विकास कुशवाहा, अभियान संयोजक एवं जिला महामंत्री अरविंद राजपूत, अभियान सह-संयोजक पलविंदर नंदा तथा रंजीत साहू मंचासीन रहे।

बांदा बॉक्स क्रिकेट के पहले सीजन का भव्य समापन, सीएनसी एंटरप्राइजेज ने जीता खिताब

सुनहरा संसार ब्यूरो बांदा



बांदा बॉक्स क्रिकेट के प्रथम सीजन का भव्य एवं रोमांचक समापन हुआ। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला सीएनसी एंटरप्राइजेज और स्वराज वॉरियर्स के बीच खेला गया, जिसमें सीएनसी एंटरप्राइजेज ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वराज वॉरियर्स को पराजित कर प्रथम सीजन की विजेता ट्रॉफी अपने नाम कर ली। फाइनल मुकाबले में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए नितिन सिंह को मैन ऑफ द मैच चुना गया। इस भव्य क्रिकेट प्रतियोगिता में कुल 16 टीमों ने प्रतिभाग किया, जिसमें 176 खिलाड़ियों ने अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पूरे टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों में जबरदस्त उत्साह और प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। प्रतियोगिता में धोनी ठाकुर को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया। वहीं नितिन सिंह ने बेस्ट बल्लेबाज का खिताब अपने नाम किया। धोनी ठाकुर ने सर्वाधिक विकेट लेकर गेंदबाजी में भी अपना दबदबा कायम रखा। फाइनल समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में दिलीप सिंह गौर (लाला भाई), मौली भारद्वाज, सुनील सक्सेना, महेश साहिल, राजेंद्र अवस्थी, विकल्प शर्मा, अबरार भाई, अजय, रेहान एवं कृष्णा तिवारी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों एवं आयोजन समिति का उत्साहवर्धन करते हुए इस तरह के खेल आयोजनों को युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताया। टूर्नामेंट के मुख्य आयोजक भगवत प्रसाद क्रिकेट अकादमी के संस्थापक अंकित कुशवाहा रहे। आयोजन को सफल बनाने में मुफीद खान, सुजाउद्दीन खान, शाहिद खान, आदित्य सिंह, शफीक खान सहित अन्य सहयोगियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। टूर्नामेंट में स्कोरिंग की जिम्मेदारी शैलेंद्र ने बखूबी निभाई, जबकि कमेंट्री का दायित्व खुर्शीद उर्फ गुड्डू ने संभाला। प्रतियोगिता में विजेता सीएनसी एंटरप्राइजेज को 60 हजार रुपये नकद एवं शानदार ट्रॉफी प्रदान की गई, जबकि उपविजेता स्वराज वॉरियर्स को 40 हजार रुपये एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। तीसरे एवं चौथे स्थान पर रहने वाली टीमों को 15-15 हजार रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त अन्य खिलाड़ियों को भी आकर्षक ट्रॉफियां देकर सम्मानित किया गया। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में भगवत प्रसाद मेमोरियल अकादमी, हब मोबाइल बांदा, शशांक स्पोर्ट्स, जाहिद स्पोर्ट्स, अनिल स्पोर्ट्स, रावी स्पोर्ट्स अतर्रा, अन्नू भाई एवं हिम्मत सिंह का विशेष योगदान रहा। आयोजकों ने सभी अतिथियों, खिलाड़ियों, प्रायोजकों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बांदा में खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने और युवाओं को क्रिकेट के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से इस प्रतियोगिता की शुरूआत की गई है। पहले सीजन को मिली शानदार सफलता से आयोजन समिति उत्साहित है और भविष्य में इसे और भी भव्य रूप देने का प्रयास किया जाएगा।

विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 : डीग जिले में प्रारूप मतदाता सूची में 7 लाख 90 हजार 858 मतदाता दर्ज,दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि 11 दिसंबर, मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन 4 जनवरी 2027 को होगा

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरोचीफ हिमांशु मोदी



डीग - भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के तहत जिले की विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण कार्य को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक मनीष ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिले के समस्त उपखंड अधिकारियों एवं तहसीलदारों की बैठक ली।

बैठक में उन्होंने पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत प्राप्त होने वाले विभिन्न प्रपत्रों का समयबद्ध एवं नियमानुसार निस्तारण सुनिश्चित करने तथा मतदाता जागरूकता के लिए स्वीप गतिविधियों को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। इस दौरान महिला मतदाताओं के नाम अधिकाधिक जोड़कर वोटर लिस्ट में जेंडर रेशियो को सुधारने के भी निर्देश दिए गए।

जिले में कुल मतदाता : 7,90,858

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 12 नवंबर 2026 को एकीकृत मतदाता सूचियों का प्रारूप प्रकाशित किया जा चुका है। प्रारूप मतदाता सूची के अनुसार जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों में कुल 7,90,858 मतदाता दर्ज हैं। इनमें 4,23,665 पुरुष, 3,67,187 महिला एवं 6 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं।

विधानसभा क्षेत्र कु ल मतदाता पुरुष महिला थर्ड जेंडर

कामां 2,77,654 1,49,6961,27,9553

नगर 2,60,111 1,38,7571,21,3540

डीग-कुम्हेर 2,53,0931,35,212 1,17,8783

कुल *7,90,858* 4,23,6653,67,187*6*

महत्वपूर्ण तिथियां :

दावे एवं आपत्तियां : 12 नवंबर से 11 दिसंबर 2026 तक

निस्तारण : 28 दिसंबर 2026 तक

अंतिम प्रकाशन : 4 जनवरी 2027 को

जिला निर्वाचन अधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए प्रपत्र-6 एवं 6ए, नाम हटाने के लिए प्रपत्र-7 तथा प्रविष्टियों में संशोधन के लिए प्रपत्र-8 से संबंधित आवेदनों का समयबद्ध एवं नियमानुसार निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने एवं आवश्यक संशोधन करवाने के लिए जागरूक किया जाए। इसके लिए स्वीप गतिविधियों के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए अधिकाधिक पात्र नागरिकों को सहभागिता सुनिश्चित की जाए, ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाने से वंचित नहीं रहे।

कामां में अक्षय नवमी पर निकली सप्तकोसी परिक्रमा पदयात्रा, सैकड़ों श्रद्धालु हुए शामिल

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरोचीफ हिमांशु मोदी

कामवन - आदि वृन्दावन कामवन धाम में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अक्षय नवमी के अवसर पर सप्तकोसी परिक्रमा पदयात्रा निकली। यह पदयात्रा 18 नवंबर को सुबह 8.30 बजे कस्बे के तीर्थराज विमल कुंड स्थित विमला देवी मंदिर से शुरू हुई। पदयात्रा मंदिर महंत ठाकुर दास महाराज के सानिध्य में शुरू हुई। विमला देवी मंदिर से शुरू होकर यह यात्रा चामुंडा देवी, सेतुबंध रामेश्वरम, अशोक वाटिका, गया कुंड, लुकलुक कुंड, चरन पहाड़ी, घेरे वाली चामण, फिसलनी शिला, व्योमासुर, भोजन थाली होती हुई वापस विमला देवी मंदिर पर संपन्न हुई। सप्तकोसी परिक्रमा में सैकड़ों की संख्या में महिला, पुरुष और बच्चे शामिल हुए।

श्रद्धा भाव से निकली इस यात्रा में श्रद्धालुओं ने कामवन धाम के प्रमुख तीर्थ स्थलों के दर्शन किए। मान्यता है कि अक्षय नवमी पर कामवन की परिक्रमा करने से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। इसी आस्था के चलते हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस पदयात्रा में भाग लेते हैं।

जिलाधिकारी द्वारा गढ़ मेले में स्थापित कंट्रोल रूम की व्यवस्थाओं का किया गया निरीक्षण

राष्ट्रीय सुनहरा संसार
जिला हापुड़
संवाददाता/महिपाल तोमर



जिलाधिकारी श्रीमती कविता मीना के द्वारा आज गढ़ मेले में स्थापित कंट्रोल रूम की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी महोदया ने कंट्रोल रूम में सी.सी.टी.वी. कैमरों की मॉनिटरिंग, वायरलेस संचार व्यवस्था, पुलिस बल की तैनाती, अग्निशमन व्यवस्था, चिकित्सा सुविधा एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। जिलाधिकारी महोदया ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कंट्रोल रूम 24 घंटे सक्रिय रहे तथा मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधा में किसी प्रकार की कमी न आने पाए। किसी भी आपात स्थिति में तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि भीड़ प्रबंधन, यातायात व्यवस्था एवं खोया-पाया केंद्र को भी कंट्रोल रूम से जोड़ा जाए, ताकि श्रद्धालुओं को त्वरित सहायता मिल सके।

बुंदेलखंड राज्य बनवाने में पीछे नहीं हटूंगी , अनुराधा मिश्रा

ब्यूरो एच सिद्दीकी



झांसी राजीव गांधी फाउन्डेशन के तत्वावधान में सम्पन्न हुए लोक हुंकार कार्यक्रम में पधारे उत्तर प्रदेश काँग्रेस कमेटी के प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की सम्मानित अध्यक्षा अनुराधा मिश्रा (मोना मिश्रा) एवं बुन्देलखण्ड प्रभारी कांग्रेस जगदीश जांगिड़ को बुन्देलखण्ड निर्माण मोर्चा के साथ पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य,अध्यक्ष भानू सहाय, महामंत्री अशोक सक्सेना एडवोकेट, राजेन्द्र शर्मा, प्रवक्ता रघुराज शर्मा, एडवोकेट प्रदीप नाथ झा उमाकांत शर्मा ने बुन्देलखण्ड राज्य निर्माण के साथ बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय को 100% सरकारी अनुदान, बुन्देलखण्ड के चारों मेडिकल कालेजो मैं 60% रिक्त पदों को भरे जाने एवं आवश्यक उपकरणों को दिये जाने, झाँसी मै एम्स के प्रस्ताव को स्वीकृति दिलाये जाने एवं अबैध नर्सिंग होम के अबैध संचालन पर रोक लगाये जाने की मांग को लेकर दिये गये पत्र पर केंद्रीय महासचिव उत्तर प्रदेश प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम ने कहा कि बुन्देलखण्ड राज्य निर्माण कराए जाने के लिए कांग्रेस कटिबध्द है। प्रदेशाध्यक्ष अनुराधा मिश्रा ने कहा कि हम सभी लोगों के सामने संकल्प लेते हैं कि बुन्देलखण्ड राज्य निर्माण एवं विकास के लिए जो भी सम्भव होगा किया जायेगा अंत उन्होंने कहा कि हम जो बचन देते हैं उससे पीछे नहीं हटते सर कटा सकते हैं लेकिन सर झुका सकते नहीं ये हमारी पहचान है हाल मैं उपस्थित हर हाथ ने करतल ध्वनि के साथ जय जय बुन्देलखण्ड के नारों से अध्यक्ष जी के वचन का समर्थन किया। राजीव गाँधी फाउंडेशन के दिल्ली से पधारे विजय महाजन ने कहा कि बुंदेलखंड वासियो का कहना है कि एक ही सपना एक ही काज, बुंदेलखंड राज्य। ये सपना जल्दी पूरा होगा।

सड़क सुरक्षा पखवाड़े की उड़ी धज्जियां, खटारा और अनफिट वाहनों में दांव पर नौनिहालों की जान

सुनहरा संसार मंडल ब्यूरो शीरी जैदी

मैगलगंज खीरी। परिवहन विभाग द्वारा जिले भर में चलाए जा रहे सड़क सुरक्षा पखवाड़े के दावों की मैगलगंज क्षेत्र में हवा निकलती दिख रही है। एक ओर विभाग जागरूकता और नियमों के पालन की बात कर रहा है, वहीं दूसरी ओर कस्बे के स्कूलों के बाहर रोज सुबह और शाम खटारा व अनफिट वाहनों का जमावड़ा लग रहा है। इन्हीं जर्जर वाहनों में नौनिहालों की जान जोखिम में डालकर उन्हें स्कूल लाया और ले जाया जा रहा है।स्थानीय लोगों और अभिभावकों के अनुसार, स्कूली बच्चों को ढोने वाले अधिकतर वाहनों के पास न तो वैध बीमा है, न फिटनेस प्रमाण पत्र और न ही कमर्शियल परमिट। नियमों को ताक पर रखकर सफेद नंबर प्लेट वाली निजी गाड़ियों का धड़ल्ले से स्कूल वाहन के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। इसके अलावा, 8 से 10 बच्चों की क्षमता वाले वाहनों में 20 से 25 बच्चों को ठूंस-ठूंस कर बैठाया जा रहा है। सुरक्षा मानकों के नाम पर इन गाड़ियों में न तो सीट बेल्ट है, न फर्स्ट एड बॉक्स और न ही चालकों का कोई पुलिस वेरिफिकेशन कराया गया है। हालात केवल मैगलगंज तक सीमित नहीं हैं, बल्कि पूरे लखीमपुर खीरी जिले में कमोबेश यही स्थिति बनी हुई है। अभिभावकों का कहना है कि मजबूरी और विकल्पों के अभाव में वे चिंतित हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इस ओर से आंखें मूंदे बैठे हैं। अब सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि जब परिवहन विभाग सड़क सुरक्षा पखवाड़ा मना रहा है, तो स्कूलों के सामने खड़े इन अवैध वाहनों की जांच क्यों नहीं की जा रही है?

तीन छात्रों ने गौ-ज्ञान प्रतियोगिता में स्थान पाया: ध्रुव त्रिपाठी दूसरे, कृष्णा मिश्रा चौथे और सरस शुक्ल पाँच्व स्थान पर रहे

सुनहरा संसार अनुराग मिश्र

गोला गोकर्णनाथ कुम्हारन टोला स्थित धमार्दा समिति गौशाला में हुए 18वें गोपाष्टमी महोत्सव की गौ-ज्ञान प्रतियोगिता में विद्या निकेतन इंटर कॉलेज के तीन छात्रों ने स्थान पाया। ध्रुव त्रिपाठी दूसरे, कृष्णा मिश्रा चौथे और सरस शुक्ल पांचर्वे स्थान पर रहे। बुधवार को कॉलेज में उन्हें प्रशस्ति -पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। यह सात दिवसीय महोत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ संपन्न हुआ। विद्यालय के प्राचार्य महेंद्र कुमार त्रिपारठी और बालिका विभाग की प्राचार्या मधु त्रिपाठी ने छात्रों को शुभकामनाएं दींमहोत्सव के तहत 14 और 15 नवंबर की शाम अलग-अलग स्कूलों के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। इनमें हिस्सा लेने वाले करीब 98 बच्चों को अतिथियों ने पुरस्कार दिए। 13 नवंबर को हुई गौ-ज्ञान प्रतियोगिता में समृद्धि ने पहला और सुषमा देवी ने तीसरा स्थान पाया था। ध्रुव त्रिपाठी दूसरे, कृष्णा मिश्रा चौथे और सरस शुक्ल पांचवे स्थान पर रहे।

कामां में धार्मिक उल्लास के साथ शुरू हुआ कामवन रामलीला महोत्सव, ध्वजा पूजन और भव्य शोभायात्रा से हुआ शुभारंभ, पहले दिन नारद मोह लीला का हुआ मंचन

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरोचीफ हिमांशु मोदी

कामवन - कामां में गुरुवार को कामवन रामलीला महोत्सव का धार्मिक उल्लास, पारंपरिक रीति-रिवाजों और भक्तिमय माहौल के साथ शुभारंभ हुआ। टीले वाले हनुमान जी मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था। मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना, वैदिक मंत्रोच्चार और ध्वजा पूजन के साथ महोत्सव की विधिवत शुरूआत हुई। इस दौरान पूरा मंदिर परिसर जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। टीले वाले हनुमान जी मंदिर के महंत पं. मुकेश शर्मा ने मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना कराई। इसके बाद रामलीला के संस्थापक संरक्षक एवं पूर्व मंत्री मदन मोहन सिंघल, समिति अध्यक्ष ओमप्रकाश बूरेवाला, मुख्य व्यवस्थापक प्रदीप गोयल, महामंत्री खेमराज मातूकी वाले, कथा व्यास एवं संगीत निर्देशक विजय कृष्ण शर्मा, पात्र प्रधान एवं निर्देशक डॉ. भगवान मकरंद तथा नगरपालिका अध्यक्ष सत्यदेव शर्मा ने विधि-विधान से ध्वजा पूजन किया। ध्वजा पूजन के बाद ध्वजा को रामलीला मंच पर स्थापित किया गया। इसके साथ ही महोत्सव की विधिवत शुरूआत हुई। ध्वजा पूजन के बाद शहनाई पार्टी की मधुर धुनों के बीच भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में भगवान राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न और हनुमानजी के स्वरूपों से सजे रामलीला के प्रमुख पात्र शामिल हुए। पात्रों के मनमोहक स्वरूपों को देखने के लिए कस्बे के लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। शोभायात्रा जैसे ही मंदिर परिसर से बाहर निकली, लोगों ने जयकारों के साथ उसका स्वागत किया। शोभायात्रा कस्बे के प्रमुख मार्गों से होते हुए कोटऊपर स्थित रामलीला मैदान पहुंची। रास्ते में जगह-जगह लोगों ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का अभिनंदन किया। नगरपालिका के पास व्यापार महासंघ के कार्यकारी अध्यक्ष दिलीप अरोड़ा, पार्षद चमन खंडेलवाल और खंडेलवाल समाज के अध्यक्ष गिरधारी लाल खंडेलवाल के नेतृत्व में शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया।

कार्तिक मास शुक्ल पक्ष, षष्ठी तिथि सुख चैन। छठ मैया के पूजन से, पावन हों सब नैन





भारत में मनाए जाने वाले लोक पर्वों में 'छठ महापर्व' का स्थान अत्यंत विशिष्ट और पवित्र है। मुख्य रूप से बिहार, झारखंड, पूर्वी उत्तर प्रदेश और नेपाल के तराई क्षेत्रों में मनाया जाने वाला यह पर्व अब देश-विदेश के कोने-कोने में पूरी निष्ठा के साथ मनाया जाता है। चार दिनों तक चलने वाले इस कठिन व्रत में भगवान सूर्य और छठी मईया की उपासना की जाती है। आइए जानते हैं छठ मैया की पौराणिक कथा और इस महान पर्व के पीछे के इतिहास के बारे में।

कौन हैं छठ मैया?

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, षष्ठी तिथि को प्रकृति की देवी और सूर्य देवता की बहन 'छठी मैया' (छठ मैया) की पूजा की जाती है। वे बच्चों की रक्षा करने वाली, उन्हें लंबी आयु और उत्तम स्वास्थ्य प्रदान करने वाली देवी मानी गई हैं। ब्रह्मवैवर्त पुराण के अनुसार, प्रकृति देवी का छठा अंश होने के कारण इन्हें 'माता षष्ठी' या 'छठी मैया' कहा गया है। मान्यता है कि जो भी सच्चे मन से उनकी आराधना करता है, उसके घर में संतान सुख और समृद्धि का वास होता है।

निर्मल मन अरु अर्घ्य से, जो पूजैं दिननाथ।
छठ मैया की छाँव में, सदा रहे सिर हाथ

॥ छठ व्रत से जुड़ी प्रमुख पौराणिक कथाएं

छठ पूजा और व्रत की कथा से जुड़ी कई कथाएं प्राचीन ग्रंथों में मिलती हैं:

1. राजा प्रियवद की कथा

पुराणों के कथा के अनुसार, स्वायंभुव मनु के पुत्र राजा प्रियवद को कोई संतान नहीं थी। इस बात से राजा और उनकी पत्नी मालिनी अत्यंत दुखी रहते थे। महर्षि कश्यप की प्रेरणा से राजा ने पुत्रेष्टि यज्ञ करवाया, जिसके फलस्वरूप रानी ने एक पुत्र को जन्म दिया, लेकिन दुर्भाग्यवश वह शिशु मृत पैदा हुआ। दुख से व्याकुल राजा प्रियवद अपने प्राण त्यागने लगे, तभी वहां ब्रह्मा जी की मानस पुत्री 'देवसेना' (षष्ठी देवी) प्रकट हुईं। उन्होंने राजा से कहा, "जो व्यक्ति मेरी सच्ची श्रद्धा से पूजा करता है, मैं उसे सौभाग्यशाली संतान प्रदान करती हूँ।" राजा ने देवी के कहे अनुसार विधि-विधान से षष्ठी तिथि को व्रत और पूजन किया। इसके प्रभाव से उन्हें एक अत्यंत तेजस्वी और सुंदर पुत्र की प्राप्ति हुई। तभी से संतान की रक्षा और आरोग्यता के लिए यह व्रत रखा जाने लगा। 2. महाभारत काल और पांडवों की कथा

महाभारत काल से भी छठ पर्व का गहरा नाता है। जब पांडव जुए में अपना सारा राजपाट हारकर वनवास काट रहे थे, तब द्रौपदी ने संकट की घड़ी में भगवान सूर्य और छठी मैया की पूजा-अर्चना की थी। द्रौपदी के इस कठोर व्रत और विधि-विधान से पूजा के प्रभाव से पांडवों को उनका खोया हुआ राज्य और वैभव पुनः प्राप्त हुआ था। इसके अलावा, कर्ण प्रतिदिन घंटों जल में खड़े होकर सूर्य देव को अर्घ्य देते थे। कर्ण भगवान सूर्य के अनन्य भक्त थे और सूर्य की कृपा से ही वे महान योद्धा बने थे। यह पर्व चार दिनों तक अत्यंत अनुशासन और पवित्रता के साथ मनाया जाता है: नहाय-खाय (पहला दिन): इस दिन व्रती स्नान करके शुद्ध सात्विक भोजन (लौकी की सब्जी और चने की दाल) ग्रहण करते हैं। खरहा या लोहंडा (दूसरा दिन): व्रती पूरे दिन निर्जला उपवास रखते हैं और शाम को गुड़ की खीर का प्रसाद बनाकर ग्रहण करते हैं, जिसके बाद 36 घंटे का कठिन निर्जला व्रत शुरू होता है। संध्या अर्घ्य (तीसरा दिन): इस दिन बांस की टोकरी में ठेकुआ, फल और ठेकवा जैसे प्रसाद सजाकर नदी या तालाब के घाट पर जाते हैं और अस्ताचलगामी (डूबते हुए) सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है।

सबसे महत्वपूर्ण व्यक्ति वह है जो वर्तमान में सामने हैं उसके साथ सम्यक रीति से व्यवहार करें - हरि चैतन्य पुरी महाराज

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरोचीफ हिमांशु मोदी



कामवन - तीर्थराज विमल कुण्ड स्थित हरि कृपा आश्रम के संस्थापक एंव हरि कृपा पीठाधीश्वर व विश्व विख्यात संत स्वामी हरि चैतन्य पुरी ने यहाँ हरि कृपा आश्रम में उपस्थित विशाल भक्त समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि दृढ़ता,संयम,त्याग व तद्नुकुल आचरण इन चारों के एकत्रित होने पर ही सफलता प्राप्त होती है। योग्यता से अधिक महत्वकांक्षी नहीं होना चाहिए। भूतकाल से प्रेरणा लें,भविष्य के लिए योजना चाहे बनाए, लेकिन जीएँ वर्तमान में। सबसे महत्वपूर्ण समय वर्तमान है उसका उत्तम से उत्तम उपयोग करें। सबसे महत्वपूर्ण काम वर्तमान में जो तुम्हारे सामने है उसे सावधानी से संपन्न करें। सबसे महत्वपूर्ण व्यक्ति वह है जो वर्तमान में तुम्हारे सामने हैं उसके साथ सम्यक रीति से व्यवहार करें। साधु का वेष बनाकर भी समाज को धोखा देना महापाप है। कामनाओं को सीमित करें इनका कोई अंत नहीं। यह हृदय को पीड़ित करती हैं। उन्होंने कहा कि सच्चा भाव ही सच्ची उपासना है। सच्चे हृदय से प्रेम व श्रद्धा पूर्वक की गई प्रार्थना को परमात्मा अवश्य ही सुनते हैं। चाहे व्यक्ति को वेद,शास्त्र, पुराणों का ज्ञान चाहे ना हो । आज हमारी,हमारे परिवार की देश की व समाज की जो दुर्दशा हो रही है विभिन्न प्रयास करने के बावजूद जिससे हम उबर नहीं पा रहे। प्रयास के साथ-साथ प्रभु से उनकी कृपा की याचना से परिपूर्ण भाव सहित प्रार्थना भी करनी चाहिए ।

उन्होंने कहा कि सच्चा संत व महात्मा न तो अपने को संत और महात्मा मानता है ना घोषित करता है, और ना दूसरों के द्वारा कहे जाने पर उसे स्वीकार करता है। विनम्र या नम्रता की दृष्टि से नहीं,वह सर्वत्र भगवान की महिमा को देखते हैं और उसी में सहज स्थित रहता है, वह त्याग का भी त्यागी होता है, किसी प्रकार के गर्व, दर्प, अभिमान उसके पास फटक नहीं सकते। उन्होंने कहा कि जगत की यथासामर्थ्य सेवा तथा परमात्मा व संतों से प्रेम करो। संतो, शास्त्रों व अवतारों को मात्र अपनी कमियां छुपाने की ढाल ही ना बनाएं उनसे प्रेरणा शिक्षाएं उपदेश भी ग्रहण करके अपने जीवन में उतारे।

उन्होंने कहा कि अधर्माचरण करने वाले कुमार्गगामी लोगों का संग त्यागकर, जितेंद्रिय, श्रेष्ठ महापुरुषों का संग व उनकी सेवा करके अपने जीवन को कल्याणमय बनाएं। क्योंकि सत्पुरुषों का आचरण व कार्य सदैव अनुकरणीय होता है। उन्होंने कहा कि सत्संग का प्रकाश हमारे अंतर्मन को प्रकाशित करता है और हमें भी उस ज्ञान रूपी प्रकाश को अपने अंतर मन में धारण कर परमपिता परमेश्वर को पाने का प्रयास करना चाहिए। मगर जब तक सत्य का संग नहीं होगा सत्संग से भी कोई लाभ प्राप्त हो नहीं सकेगा। जिस प्रकार सूरज की किरणें हमें तब तक लाभ नहीं पहुंचा सकती जब तक कि हमारे घरों की खिड़की दरवाजे बंद रहेंगे।ठीक उसी प्रकार हम गुरु व परमात्मा की कृपा के अधिकारी तभी बन सकते हैं जबकि हम उनके द्वारा दिए गए ज्ञान रूपी प्रकाश को अपने अंतर्गत में उतारेंगे।

अपने धारा प्रवाह प्रवचनों से उन्होंने सभी भक्तों को मंत्रमुग्ध व भाव विभोर कर दिया। सारा वातावरण भक्तिमय हो उठा व श्री गुरु महाराज कामां के कन्हैया व लाठी वाले भैय्या की जय जयकार से गूँज उठा। आश्रम में श्री महाराज जी के दर्शनों व दिव्य प्रवचनों को सुनने के लिए दिनभर भक्तों का ताँता लगा हुआ है । स्थानीय, क्षेत्रीय व दूरदराज से काफी संख्या में श्रद्धालु नित्य पहुंच रहे हैं । आश्रम में चल रही कारसेवा में श्रद्धालु बड़े उत्साह से भाग ले रहे हैं । उनका उत्साह देखते ही बन रहा है । आश्रम में 20 नवंबर को सांय 4 बजे से एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया है । जिसमें स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवारों व शहीद परिवारों का सम्मान होगा । आश्रम को सुन्दर सजाया गया है। अनेक प्रसिद्ध भजन गायक भजन प्रस्तुत करेंगे । तीर्थराज विमल कुण्ड का 101 किलो दूध से महाभिषेक किया जाएगा । भव्य व विशाल महाआरती की जाएगी । हजारों दीप जलाए जाएंगे । यह कार्यक्रम स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों व शहीदों को समर्पित किया गया है । इस अवसर पर अखंड रामचरित मानस पाठ का भी आयोजन होगा ।

बेंगलुरु में महिला सांसदों-विधायकों का दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन, विधायक नौक्षम चौधरी ने लिया हिस्सा

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरोचीफ हिमांशु मोदी



कामां - बेंगलुरु के ऐतिहासिक विधान सौध में राष्ट्रमंडल महिला सांसदों (सीडब्लूपी) के भारत क्षेत्रीय सम्मेलन का दो दिवसीय आयोजन 17 और 18 नवंबर को हुआ। इसमें देशभर से महिला सांसदों-विधायकों ने हिस्सा लिया, जिसमें कामां विधायक नौक्षम चौधरी भी शामिल हुईं।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सम्मेलन का उद्घाटन किया। उद्घाटन सत्र में कर्नाटक के मुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार, राज्य सभा के उपसभापति हरिवंश, कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डॉ. जी. परमेश्वर, कर्नाटक विधान सभा के अध्यक्ष जी. एस. पाटिल* तथा सीडब्लूपी भारत क्षेत्र की अध्यक्ष दग्गुबाती पुरंदेश्वरी भी उपस्थित रहे।

सम्मेलन का केंद्रीय विषय सुदृढ़ आधार, सशक्त स्वर : समावेशी साइबर जगत और नवागत महिला विधायकों के लिए मार्गदर्शन एवं परामर्श के सशक्त माध्यम रहा।

दो पूर्ण सत्रों में हुआ विमर्श :

- पहला सत्र (17 नवंबर) : डिजिटल माध्यमों से महिला सशक्तीकरण : सुरक्षित साइबर जगत, विवेकपूर्ण विकल्प
- दूसरा सत्र (18 नवंबर) : ह्यमहिला विधायकों का क्षमता संवर्धन एवं मार्गदर्शन - इसमें महिला विधायकों की विधायी दक्षता एवं नेतृत्व क्षमता को सुदृढ़ बनाने के उपायों पर चर्चा की गई।858

इसके अलावा संयुक्त राष्ट्र महिला (यूएन वीमेन), भारत द्वारा 17 नवंबर को रजोनिवृत्ति (मेनोपॉज) विषय पर एक विशेष सत्र का भी आयोजन किया गया।

इस सम्मेलन में संसद तथा राज्य विधानमंडलों एवं संघ राज्य क्षेत्र विधानमंडलों की महिला सदस्यगण के साथ-साथ अन्य विशिष्ट अतिथि एवं गणमान्य व्यक्ति भी शामिल हुए।

सम्मेलन का समापन 18 नवंबर को कर्नाटक के राज्यपाल के समापन संबोधन के साथ हुआ।

जैसा कि आप विदित हैं कि आगामी जनगणना-2027 के अंतर्गत नागरिकों को घर बैठे स्वयं अपनी एवं अपने परिवार की जानकारी दर्ज करने की सुविधा प्रदान करने हेतु 'स्व-गणना' अभियान संचालित किया जा रहा है

राष्ट्रीय सुनहरा संसार जिला हापुड़ संवाददाता/ महिपाल तोमर-



जनपद हापुड़ के ग्रामीण क्षेत्रों में इस अभियान की शत-प्रतिशत सफलता सुनिश्चित करने में ग्राम प्रधानों एवं ग्राम पंचायत सचिवों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। जनगणना कार्य को सुगम, त्रुटिरहित एवं समयबद्ध रूप से पूर्ण कराने हेतु आपसे अपेक्षा की जाती है कि अपनी ग्राम पंचायत में निम्नलिखित बिंदुओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। जनगणना संवाद का आयोजन ग्राम पंचायत में आयोजित होने वाली प्रत्येक ग्राम सभा, खुली बैठक एवं अन्य ग्राम स्तरीय आयोजनों में अनिवार्य रूप से 'जनगणना संवाद' आयोजित किया जाए तथा ग्रामीणों को स्व-गणना के महत्व एवं लाभों से अवगत कराया जाए। ग्राम प्रधानों द्वारा नेतृत्व एवं अपील- ग्राम प्रधान प्रत्येक बैठक का नेतृत्व करते हुए ग्रामवासियों एवं किसानों से अपील करें कि वे जनसंख्या गणना के दौरान प्रगणकों की सहायता हेतु पहले ही ऑनलाइन स्व-गणना पूर्ण कर लें। पंजीकरण प्रक्रिया का प्रदर्शन एवं सहायता डेस्क- ग्राम पंचायत सचिव अपने संबंधित ग्रामों में ग्रामीणों को चरण-दर-चरण स्व-गणना पंजीकरण प्रक्रिया का जीवंत प्रदर्शन दिखाएं। साथ ही पंचायत भवन, आंगनवाड़ी केंद्र, राशन की दुकानों तथा ग्राम सभा की बैठकों में 'स्व-गणना सहायता डेस्क' स्थापित कर ग्रामीणों का पंजीकरण कराने में सहयोग प्रदान करें। स्वयं सहायता समूह एवं फ्रंटलाइन वर्कर्स की सक्रियता ग्राम स्तर पर कार्यरत स्वयं सहायता समूहों , आशा कार्यकत्रियों, आंगनवाड़ी एवं अन्य अग्रिम पंक्ति के कार्यकताओं को सक्रिय किया जाए, ताकि वे अपने सामुदायिक संपर्कों के माध्यम से घर-घर जाकर स्व-गणना संबंधी संदेश साझा करें।

स्व-गणना आईडी को सुरक्षित रखने हेतु जागरूकता स्व-गणना पूर्ण करने के उपरांत प्राप्त होने वाली स्व-गणना आईडी को सुरक्षित रखने के लिए परिवारों को विशेष रूप से प्रेरित किया जाए। उन्हें स्पष्ट किया जाए कि जनसंख्या गणना के समय संबंधित प्रगणक को यह आईडी उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा, ताकि प्रस्तुत विवरण का त्वरित सत्यापन हो सके।

जम्मू में जादू के महाकुंभ का धमाकेदार आगाज: विश्व विख्यात 'जादूगर सम्राट शंकर' का 'रंगीन इन्द्रजाल' आज से चन्नी हिम्मत में शुरू

जम्मू(विशेष संवाददाता: राम भरोसे शर्मा)



देश के सांस्कृतिक और मनोरंजन गलियारों से एक बड़ी और रोमांचक खबर सामने आ रही है। दुनिया भर में अपने अजूबों और करिश्माई कला से लाखों दिलों पर राज करने वाले विश्व के महानतम जादूगर 'जादूगर सम्राट शंकर' (२१./ख१.) अब ऐतिहासिक शहर जम्मू के दर्शकों को अपनी जादुई दुनिया में गोता लगाने के लिए आ चुके हैं। आयोजक 'पर्ल मीडिया' के तत्वावधान में आयोजित यह भव्य शो आज, 18 नवंबर से गुज्जर देश चैरिटेबल ट्रस्ट मेन रोड, चन्नी हिम्मत, जम्मू के विशाल परिसर में शुरू हो रहा है।

30,000 से अधिक हाउसफुल शो का अनूठा कीर्तिमान

जादूगर सम्राट शंकर केवल एक नाम नहीं, बल्कि भारतीय जादू कला का एक जीवंत इतिहास हैं। अपने जादुई करियर के दौरान उन्होंने विश्व रंगमंच पर 5 अंतरराष्ट्रीय कीर्तिमान स्थापित किए हैं। इतना ही नहीं, वे अपने अब तक के सफर में 30,000 से अधिक हाउसफुल शो सफलतापूर्वक आयोजित करने का गौरव हासिल कर चुके हैं, जो अपने आप में एक वैश्विक रिकॉर्ड है।

क्या होगा शो में खास? (रोमांच और विविधता का संगम)

इस बार का 'रंगीन इन्द्रजाल' शो पिछले सभी संस्करणों से कहीं अधिक भव्य और तकनीक से लैस बताया जा रहा है। शो के मुख्य आकर्षणों में शामिल हैं: मौत का कुआं और हवा में तैरना: मंच पर इंसानों को हवा में गायब करना या बिना किसी सहारे के हवा में लहराना जैसे करतब दर्शकों की सांसें थाम लेंगे। आधुनिक इल्यूजन आधुनिक तकनीक और प्राचीन भारतीय जादू का ऐसा मेल, जो वैज्ञानिक सोच को भी चुनौती देता नजर आएगा।

पारिवारिक मनोरंजन: इस शो को विशेष तौर पर 'सपरिवार' देखने के लिए डिजाइन किया गया है, जिसमें बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक के लिए हास्य, रोमांच और आश्चर्य का भरपूर मसाला है।

दैनिक समय-सारणी और टिकट की जानकारी दर्शकों की भारी भीड़ और सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रतिदिन दो शो आयोजित किए जाएंगे:

पहला शो : दोपहर 12:30 बजे से

दूसरा शो शाम 06:30 बजे से

शहर के हर वर्ग के लोग इस अद्भुत कला का आनंद उठा सकें, इसके लिए टिकटों की कीमतें बेहद किफायती रखी गई हैं।

टिकट 200, 300 और 500 से शुरू हो रहे हैं, जिन्हें स्थल पर बने काउंटर से प्राप्त किया जा सकता है।

कामां : सबलाना सरपंच प्रतिनिधि व उप सरपंच का हुआ भव्य स्वागत-सम्मान

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरोचीफ हिमांशु मोदी



कामां - कामां स्थित रामानगर कॉलोनी में सबलाना निवासी महेंद्रसिंह पुजारी, राम प्रसाद पुजारी एवं दुल्ली बघेल के निवास पर स्वागत-सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सबलाना सरपंच प्रतिनिधि शेरू उर्फ शेर मोहम्मद डीलर व उप सरपंच ब्रजेश खंडेलवाल, वार्ड पंच नंदराम, आमिर, पंकज, अजीज, जुनेद, कुंवरपाल बघेल, बाबू लाल डीलर, अरुण का फेंटा-साफा, माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर स्वागत-सम्मान किया गया। इस अवसर पर हुसैन, मुशर्रफ, हसीम अली, मनोज, योगेश, अरबाज सहित काफी संख्या में गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की मा0सदस्य डा0 हिमानी अग्रवाल करेंगी 20 नवंबर 2026 को जनसुनवाई और निरीक्षण

राष्ट्रीय सुनहरा संसार जिला हापुड़ संवाददाता/ महिपाल तोमर



हापुड़:- माननीय सदस्य डा0 हिमानी अग्रवाल उ0प्र0 राज्य महिला आयोग, उत्तर प्रदेश का आयोजित महिला जनसुनवाई कार्यक्रम दिनांक 20 नवंबर 2026 को आयोजित किया जाएगा। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के लोक कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं के सम्बंध में सम्बंधित विभाग के अधिकारियों के साथ दिनांक 20 नवंबर 2026 को प्रातः 11:00 बजे मेरठ रोड स्थित सिंचाई विभाग के गेस्ट हाउस हापुड़ में जनसुनवाई आहूत होनी प्रस्तावित है, इसके उपरान्त माननीय सदस्य द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, गढ़ रोड हापुड़ एवं गढ़ गंगा कार्तिक पूर्णिमा मेले का निरीक्षण भी किया जाना प्रस्तावित है। विभाग द्वारा निवेदन किया गया है कि महिला सम्बंधित प्रकरणों की जनसुनवाई हेतु अधिक से अधिक संख्या में भाग लें।

धौलाना: तहसील परिसर पार्क में काफी दिनों से नहीं हुई साफ सफाई, कीड़े मकोड़ों और गंदगी से बढ़ रहा खतरा

राष्ट्रीय सुनहरा संसार जिला हापुड़ संवाददाता/ महिपाल तोमर



धौलाना / हापुड़ - धौलाना तहसील परिसर पार्क,में पिछले कई महीनों से साफ सफाई नहीं होने से हालात बद से बदतर हो गए हैं। परिसर के पार्क में जगह गंभीर घास और जंगली पेड़ लगे हैं और गंदगी फैली हुई है। गंदगी के कारण परिसर के पार्क में कीड़े मकोड़े, मच्छर और सांप बिच्छू का खतरा बढ़ गया है, जिससे तहसील आने वाले फरियादियों और वकीलों में रोष का माहौल है। जानकारी के अनुसार धौलाना तहसील परिसर के पार्क,में लंबे समय से लंबी घासऔर सफाई का काम भी नहीं हो रहा है। परिसर के पार्क में लंबी घास झाड़ी होने के कारण गांव से आए फरियादी भी नहीं बैठ सकते है परिसर के पीछे और कोनों में घास और झाड़ियां उग आई हैं, जिनमें कीड़े मकोड़े पनप रहे हैं। तहसील में रोजाना सैकड़ों लोग अपने काम से आते हैं। जमीन, खतौनी, प्रमाण पत्र और अन्य कार्यों के लिए दूर दूर से आए फरियादी गंदगी में बैठने को मजबूर हैं। फरियादियों और अधिवक्ताओं का कहना है कि तहसील परिसर पार्क में मच्छरों और कीड़े मकोड़ों की भरमार है। कई बार परिसर में सांप निकलने की घटनाएं भी सामने आ चुकी हैं। इससे लोगों में डर बना रहता है। बरसात के बाद से हालात और ज्यादा खराब हो गए हैं। परिसर के पार्क में बड़ी-बड़ी घास होने के कारणमें , जिससे मच्छर पनप रहे हैं और बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है।

विधायक खेल स्पर्धा 2026 का हुआ सफल आयोजन उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को किया सम्मानित

ब्यूरो एच सिद्दीकी



झांसी बबीना विधायक खेल स्पर्धा 2026 का सफल आयोजन भेल में किया गया, जिसका आयोजन युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग, झाँसी द्वारा किया गया। इस खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत एथलेटिक्स, वॉलीबॉल, कबड्डी, कुश्ती, बैडमिंटन, फुटबॉल, जूडो सहित विभिन्न खेल स्पधाओं का आयोजन हुआ। इस अवसर पर खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह, जोश और खेल भावना के साथ अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता खिलाड़िय